वर्ष- 11 अंक-219
लखनऊ, शुक्रवार 29 मार्च, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





पूरे देश में प्रधानमंत्री मोदी की चल रही लहर : डॉ. दिनेश शर्मा 03

भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए नियुक्त किये चुनाव प्रभारी 12


# वोट की ताकत ने ही आस्था को दिलाया सम्मान : योगी

**चुनावी सभा**

- नौ अप्रैल को गर्मी, बरसात या तूफान कुछ भी हो मगर मतदान करने के लिए जरूर घरों से बाहर निकलें

**समृद्धि न्यूज, मुजफ्फरनगर।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि वोट की ताकत ने ही अयोध्या में 500 सालों के लंबे इंतजार को खत्म कर आस्था को सम्मान दिलाया है।

जानसठ रोड स्थित लाला जगदीश प्रसाद स्कूल में गुरुवार को प्रबुद्ध सम्मेलन में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा प्रत्याशी संजीव बालियान का समर्थन करते हुये श्री योगी ने कहा कि जब वोट वोट गलत हाथों में जाता था तो मुजफ्फरनगर आने से लोग डरते थे और अब जब सही हाथों में वोट गया तो अराजकता समाप्त हो गई।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों में भारत लगातार सही दिशा में आगे बढ रहा है और अगले तीन वर्षो में भारत विश्व की तीसरी महाशक्ति बनकर उभरेगा।

उन्होंने लोगों से मतदान की अपील करते हुये कहा कि 19 अप्रैल को गर्मी, बरसात या तूफान कुछ भी हो मगर मतदान करने के लिए जरुर घरों से बाहर निकले।

योगी ने अपने संबोधन की शुरुआत पूर्व प्रधानमंत्री और किसानो के मसीहा चौधरी चरण सिंह को याद करने के साथ की। उन्होने कहा कि वे पिछले करीब 15 वर्षो से इस गीत को सुनते आ रहे थे ''होली खेले रघुवीरा अवध में, होली खेले रघुवीरा'' मगर अयोध्या राम के बिना अधूरी थी और आज वहां पर रामलाल की मूर्ति भी विराजमान है और अयोध्या में धूमधाम के साथ श्रद्धालुओं द्वारा होली खेली गयी जो आप सभी के सामने है। उक्त गाने के बोल आज साक्षात देखने को मिल रहे है क्योंकि आज स्वंय आज श्रीराम अयोध्या में विराजमान है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भागवत की भूमि को दुनिया शुकतीर्थ के रूप में जानती है। शुकतीर्थ को पुराना वैभव लौटाने का काम भाजपा सरकार ने किया। जनभावना के अनुरूप काम किया। दुनिया में किसी के पास पांच हजार साल पुराना इतिहास नहीं, लेकिन मुजफ्फरनगर के पास है। चौधरी साहब को सम्मान पहले मिलना चाहिए था। पूर्व सरकारों ने उन्हें यह सम्मान नहीं दिया।



## वोट की कीमत आप लोगों को समाज को बतानी होगी

योगी ने कहा कि आपका वोट सही हाथ में गया तो जनपद कांवड यात्रा के लिए पहचाना जाता है और जब वोट वोट गलत हाथों में जाता था तो मुजफ्फरनगर आने से लोग डरते थे। सही हाथों में वोट गया तो अराजकता समाप्त हो गई। पांच सौ वर्षो के बाद वोट की ताकत ने ही आस्था को सम्मान दिलाया है। उन्होने कहा कि यूपी में अब तक 18 लाख पीएम स्वनिधि योजना में ऋण की स्वीकृति हुई है। वोट की कीमत आप लोगों को समाज को बतानी होगी।

## गले में तख्ती डालकर अपराधी मांगते हैं जान की भीख

**शामली।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि 2017 से पहले यहां व्यापारी और नागरिक पलायन करता था जबकि अब अपराधी पलायन करता है। स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित प्रबुद्धवर्ग सम्मेलन को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि 2017 से पहले यहां पलायन होता था। व्यापारी और नागरिक पलायन करता था। अब अपराधी पलायन करता है। पहले बेटी और व्यापारी गुहार लगाते थे कोई सुनवाई नहीं होती थी। अब अपराधी गले में तख्ती लटकाकर कहता है कि जान बख्श दो, ठेला लगाकर गुजरबसर कर लेंगे, मगर किसी को छेड़ेंगे नहीं। उन्होने कहा कि लोकतंत्र ने सबको समान मताधिकार दिया है। एक वोट हर वयस्क मतदाता का अधिकार है। इस एक वोट की कीमत क्या होती है, कैराना वासियों से बेहतर इसका कोई दूसरा जीता जागता उदाहरण नहीं है। ये वोट जब गलत हाथों में आता है तो कैराना में पलायन होता है और कर्फ्यू लगता है, मगर सही हाथों में आता है तो धूम-धाम से कांवड़ यात्रा निकलती है और विकास तेज रफ्तार से आगे बढ़ता है।

## मोदी सरकार में देश को तुष्टिकरण की राजनीति से मिली मुक्ति : योगी

**सहारनपुर।** लोकसभा चुनाव में मतदाताओं से अपने मत का सही इस्तेमाल करने की अपील करते हुये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार के कार्यकाल में देश को तुष्टिकरण की राजनीति से मुक्ति मिली है। श्री योगी ने गुरुवार को यहां प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित करते हुये कहा कि यदि मतदाता अपने वोट का इस्तेमाल विवेकपूर्ण ढंग से करते हैं तो समृद्धि, शांति, वैभव, समाज उत्थान, धर्म उत्थान होता है और यदि गलत दिशा में मतदान होता है तो अराजकता, रंगदारी, पलायन, धर्मांतरण इन सबका बोलबाला होता है। जातिवादी ताकतें गलत दिशा में सत्ता का इस्तेमाल करती हैं और परिवारवाद को बढ़ाती हैं। नरेंद्र मोदी ने परिवार से पहले देश को माना है और तुष्टिकरण की सियासत से देश को जो मुक्ति मिली है उससे देश के करोड़ों गरीबों को उनके कल्याणोत्थान के लिए सैकड़ों-हजारों योजनाएं बनी हैं।

# मुख्तार अंसारी की हार्ट अटैक से मौत

**दु:खद**

- यूपी में अलर्ट, मऊ-बांदा से लेकर गाजीपुर तक धारा 144 लागू

**समृद्धि न्यूज, बांदा।**

माफिया मुख्तार अंसारी की मौत हो गई है। मुख्तार की मौत के बाद पूरे प्रदेश में अलर्ट कर दिया गया है साथ ही मऊ, गाजीपुर और बांदा जिले में धारा 144 लागू कर दी गई है।

बांदा जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी की गुरुवार देर रात मौत हो गई। जेल की बैरक में तबीयत खराब होने पर जेल प्रशासन रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज ले आया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही थी। सूचना मिली कि मुख्तार को आईसीयू से सीसीयू में भर्ती करना पड़ा। यहां मुख्तार के इलाज में 9 डॉक्टरों की टीम लगाई गई। हालांकि, मुख्तार की जान नहीं बच सकी। इससे पहले मंगलवार को उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों ने कब्ज की समस्या बताई थी और इलाज के बाद उसी दिन



कारागार भेज दिया था। बुधवार को जेल में उसके स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया था, जिसमें सब सामान्य मिला था। 60 वर्ष के हो चुके मुख्तार ने सुनवाई के दौरान अदालत में आरोप लगाया था कि जेल में उसकी हत्या का प्रयास किया जा रहा है। उसे खाने में धीमा जहर दिया जा रहा है, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ रही है। मामले में एमपी एमएलए कोर्ट ने जेल प्रशासन से रिपोर्ट भी मांगी थी। मुख्तार की मौत के बाद गाजीपुर व मऊ समेत अन्य संवेदनशील जिलों में अलर्ट जारी कर दिया गया है। एहतियात के तौर पर पुलिस लाइन से भारी संख्या में फोर्स निकाली जा रही है। सूचना मिली है कि मऊ, बांदा और गाजीपुर में धारा 144 लागू कर दी गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### सीता राम मीना नाइजर में भारत के राजदूत नियुक्त

**एजेंसी, नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि सीता राम मीना को नाइजर में भारत के अगले राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया है। मीना वर्तमान में विदेश मंत्रालय में निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि विदेश मंत्रालय सीता राम मीना (वाईओए: 2008), वर्तमान में मंत्रालय में निदेशक, को नाइजर गणराज्य में भारत के अगले राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि उम्मीद है कि वह जल्द ही कार्यभार संभाल लेंगे।

### बदायूं में सामूहिक दुष्कर्म के बाद छत से फेंका नीचे

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश में बदायूं जिले के अलापुर क्षेत्र में दो सगे भाइयों ने एक किशोरी के साथ बलात्कार कर उसे तीन मंजिला मकान से नीचे फेंक दिया। घायल पीड़िता को पुलिस ने इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया और परिजनों की तहरीर पर मुकद्दमा दर्ज कर लिया है। दातागंज सर्कल के उपाधीक्षक के के तिवारी ने बताया कि अलापुर थाना इलाके की रहने वाली किशोरी (15) के साथ उसके पड़ोस के रहने वाले राजीव एवं आशीष निवासी वार्ड नंबर एक (दोनों सगे भाईयो) ने उस वक्त रेप किया जब वह शौच के लिए घर से बाहर गई थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायल पीड़िता को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर मुकद्दमा दर्ज कर लिया है। साथ ही मामले की जांच और आरोपियों की तलाश तेज कर दी है। बहुत जल्दी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### बेंगलुरु विस्फोट मामले में बरेली में एनआईए ने की पूछताछ

**बरेली।** बेंगलुरु में राजाजीनगर स्थित रामेश्वरम कैफे में पिछली एक मार्च को हुये विस्फोट की जांच के सिलसिले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बरेली के एक शख्स से लंबी पूछताछ की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली घुले सुशील चन्द्रभान ने गुरुवार को बताया कि एनआईए टीम लखनऊ से बरेली आई थी और धौराटांडा के एक शख्स से पूछताछ के लिए पुलिस की मदद मांगी थी। टीम ने भोजीपुरा थाने में अलग जगह बैठाकर उससे पूछताछ की और फिर लौट गई। किस सिलसिले में पूछताछ की गई यह बात स्थानीय पुलिस को नहीं बताया।

### धोखाधड़ी मामला : बैंक कर्मियों सहित सात को तीन से सात साल की सजा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की लखनऊ स्थित अदालत ने गुरुवार को धोखाधड़ी के दो अलग अलग मामले में 7 लोगों को 3 से 7 साल की सजा सुनाई है। इसमें बैंककर्मी सहित अन्य लोग भी हैं। लखनऊ स्थित विशेष न्यायाधीश की एक अदालत ने इलाहाबाद बैंक के तत्कालीन अधिकारी राधा रमन बाजपेयी को 7 साल का सश्रम कारावास और 2 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

# जरूरत पड़ने पर अग्निपथ योजना में सुधार के लिए तैयार है सरकार : राजनाथ सिंह

**एजेंसी।**

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि यदि सरकार को सशस्त्र सेनाओं में अग्निवीरों की भर्ती से संबंधित अग्निपथ योजना में कोई कमी दिखाई देती है तो जरूरत पड़ने पर वह इसमें सुधार करने के लिए तैयार है।

श्री सिंह ने गुरूवार को एक निजी टेलीविजन चैनल के कार्यक्रम में अग्निवीरों से जुड़े सवाल पर कहा, इस सवाल का कोई औचित्य नहीं है। यह एक सच्चाई है कि सेना में युथफुलनेस होनी चाहिए। हमारे सेना के जवानों की उम्र 30, 35, 40 या 50 वर्ष की रही है। लेकिन जब हमारे 18 या 20 वर्ष के जवान होंगे




अग्निवीर के माध्यम से तो मैं समझता हूं कि जोखिम उठाने का जज्बा जवानों में अधिक होता है। उन्होंने कहा कि यह प्रौद्योगिकी का युग है और इसमें जवान प्रौद्योगिकी में पारंगत भी होने चाहिए। ऐसे नौजवानों की भर्ती अग्निवीर के रूप में की जा रही है। अग्निवीरों के कल्याण के लिए सरकार द्वारा किये जा रहे उपायों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने देंगे। इस बात की पक्की गारंटी है उसके लिए तंत्र में जो भी बदलाव किया जा सकता है वह किया जायेगा। उन्होंने कहा कि यदि योजना में कोई कमी दिखाई देगी और आवश्यक हुआ तो उसमें सुधार करने के लिए भी सरकार पूरी तरह तैयार है।

## यूपी के चारों एक्सप्रेस-वे पर नहीं बढ़ेगा टोल टैक्स

**नई रेट लिस्ट जारी**




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** यूपी के चार एक्सप्रेस वे पर टोल टैक्स की दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। यूपीडा ने टोल टैक्स के दरों की नई सूची जारी कर दी है। यूपी सरकार ने टोल टैक्स की दरों को लेकर जनता को राहत दी है। प्रदेश के चारों एक्सप्रेस वे पर टोल टैक्स नहीं बढ़ाया जाएगा। यूपीडा ने टोल टैक्स की नई लिस्ट जारी कर दी है। कहा गया है कि आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे की टोल दरों में कोई वृद्धि नहीं की गई है। केवल भारी निर्माण वाहनों समेत कुछ अन्य वाहनों की टोल दरों में 15 रुपये से लेकर 25 रुपये तक की बढ़ोतरी की गई है।

## लोस चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना जारी, 88 सीटों पर होगा मतदान




**एजेंसी।**

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना गुरूवार को जारी कर दी।

इस चरण में 12 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की 88 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव होगा। बाहरी मणिपुर संसदीय सीट के 13 विधानसभा क्षेत्रों के लिए भी इसी चरण में मतदान होगा।

निर्वाचन आयोग के अनुसार बाहरी मणिपुर संसदीय सीट के 15 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव के लिए अधिसूचना पहले चरण के साथ की गयी थी। दूसरे चरण में मणिपुर की इस सीट के अलावा असम, बिहार, छत्तीसगढ़, जम्मू और कश्मीर, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल की 88 सीटों के लिए चुनाव कराया जायेगा। उम्मीदवार चार अप्रैल तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे और जम्मू कश्मीर को छोड़कर अन्य राज्यों में नामांकन पत्रों की जांच पांच अप्रैल को की जायेगी। जम्मू कश्मीर में नामांकन पत्रों की जांच 6 अप्रैल को की जायेगी। उम्मीदवार आठ अप्रैल तक नाम वापस ले सकेंगे। दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को होगा।

# केजरीवाल को राहत नहीं | ईडी की हिरासत एक अप्रैल तक बढ़ी

**एजेंसी।**

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति में कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले में फंसे मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत गुरुवार को चार दिन बढ़ाते हुए एक अप्रैल कर दी गई।

राऊज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने ईडी के अनुरोध और श्री केजरीवाल का पक्ष सुनने के बाद हिरासत बढ़ाने का आदेश पारित किया। ईडी पक्ष रख रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने श्री केजरीवाल पर हिरासत के दौरान पूछताछ में सहयोग नहीं करने का आरोप लगाते हुए अदालत के समक्ष सात दिनों की अतिरिक्त हिरासत की



**बयान**

- यह एक राजनीतिक साजिश है, जनता इसका जवाब देगी : सीएम

गुहार लगाई। उन्होंने कहा कि कुछ अन्य लोगों के सामने श्री केजरीवाल से पूछताछ की जानी है। अपना पक्ष खुद रखते हुए श्री केजरीवाल ने इसका विरोध नहीं किया और कहा कि ईडी उन्हें जितने समय तक अपनी हिरासत में रखना चाहे, वह रहने को तैयार हैं। ईडी के आदेश पर छह दिनों की हिरासत अवधि पूरी होने पर केंद्रीय जांच एजेंसी ने गुरुवार को फिर उन्हें विशेष अदालत में पेश किया। मुख्यमंत्री ने विशेष अदालत के समक्ष खुद अपना पक्ष रखते हुए कहा कि ईडी के पास उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं है और उसका मकसद किसी भी तरह से उन्हें फंसाना है। श्री केजरीवाल ने अदालत में पेश किए जाने से पहले मीडिया के सवालों पर संक्षिप्त प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह एक राजनीतिक साजिश है। जनता इसका जवाब देगी।

## केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने की याचिका खारिज



दिल्ली उच्च न्यायालय ने शराब नीति 2021-2022 में कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले में फंसे आम आदमी पार्टी(आप) के नेता अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री के पद से हटाने के लिए निर्देश ने की मांग वाली याचिका गुरुवार को खारिज कर दी। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की खंडपीठ ने सुजीत सिंह यादव की याचिका ठुकराते हुए कहा कि इस मामले की जांच करना कार्यपालिका और राष्ट्रपति के अधिकार क्षेत्र है। अदालत इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकती। किसान एवं सामाजिक कार्यकर्ता दिल्ली निवासी याचिकाकर्ता श्री यादव ने अपनी याचिका में दावा किया कि वित्तीय घोटाले के कथित आरोपी श्री केजरीवाल को मुख्यमंत्री के पद (सार्वजनिक पद)पर बने रहने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। श्री केजरीवाल को 21 मार्च को प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया था और वह फिलहाल उसकी हिरासत में हैं।

## एलसीए एमके 1 ए ने सफलतापूर्वक भरी उड़ान

**एजेंसी, बेंगलुरु।** तेजस एमके 1ए विमान श्रृंखला के पहले विमान एलए 5033 ने गुरुवार को यहां एचएएल फेसेलिटी से सफलतापूर्वक उड़ान भरी। भू-राजनीतिक कारणों से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, एचएएल विमान के डिजाइन और विकास के साथ-साथ इस मील के पत्थर को हासिल करने में कामयाब रहा। एचएएल के सीएमडी सीबी अनंतकृष्णन ने चुनौतियों के मद्देनजर इस उपलब्धि के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एचएएल ने फरवरी 2021 में अनुबंध पर हस्ताक्षर के बाद वैश्विक भू-राजनीतिक माहौल में प्रमुख आपूर्ति श्रृंखला चुनौतियों के बीच समवर्ती डिजाइन और विकास के साथ इस महत्वपूर्ण उत्पादन मील का पत्थर हासिल किया। 18 मिनट की उड़ान का संचालन मुख्य परीक्षण पायलट, ग्रुप कैप्टन केके वेणुगोपाल (सेवानिवृत्त) ने किया। एचएएल ने तेजस एमके 1ए कार्यक्रम की सफलता में योगदान के लिए रक्षा मंत्रालय, भारतीय वायु सेना, डीआरडीओ/ एडीए, सीईएमआईएलएसी, डीजीएक्यूए और एमएसएमई सहित विभिन्न हितधारकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## अतीक का नजदीकी अपराधी बल्ली गिरफ्तार

**प्रयागराज, समृद्धि न्यूज।**

प्रयागरज के खुल्दाबाद क्षेत्र में माफिया अतीक अहमद के शूटर को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके पास से करीब दस देशी बम जब्त किये।

पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि करेली के नयापूरा निवासी बालू-गिट्टी के ठेकेदार श्याम पाल ने बुधवार शाम को वह खुल्दाबाद थाने शिकायत दर्ज करायी कि बल्ली पंडित ने उसे 22 मार्च की रात लगभग आठ बजे चौफटका पुल के नीचे रोका और तमंचे की नोक पर 20 हजार रूपए छीन लिए। उन्होंने बताया कि श्यामल की शिकायत पर पुलिस घेराबंदी कर उसे चकिया क्षेत्र से देर रात गिरफ्तार कर उसके पास से करीब दस देशी बम जब्त किया। बल्ली पंडित हार्डकोर अपराधी है। वह धूमनगंज थाने का हिस्ट्रीशीटर है और उसपर करीब 15 मुकदमे दर्ज हैं। गौरतलब है कि अतीक अहमद के साबरमती जेल में रहने के दौरान वह उसी के इशारे पर जमीन पर कब्जे और



रंगदारी मांगने की वारदातों को अंजाम देता रहा। उमेश पाल हत्याकांड के बाद उसका नाम तब चर्चा में आया जब उसका शाइस्ता परवीन के साथ वीडियो वायरल हुआ। उमेश पाल की हत्या से पहले अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन बल्ली से मिलने उसके घर पहुंची थी। वहां से निकलते वक्त सभी की तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इस दौरान शाइस्ता के साथ पांच लाख का इनामी फरार शूटर साबिर भी नजर आया था। अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की 15 अप्रैल की रात प्रयागराज में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। दोनों को पुलिस बेली अस्पताल मेडिकल चेकअप के लिए ले गई थी। वहीं पर तीन शूटरों ने गोली मार कर उनकी हत्या कर दी थी।

## मथुरा में युवक को दिन दहाड़े जिन्दा जलाया

**समृद्धि न्यूज, मथुरा।** मथुरा जिले के हाईवे थाना क्षेत्र के अन्तर्गत एटीवी फैक्ट्री के पास गुरुवार को दिन दहाड़े एक युवक को जिंदा जला दिया गया। पुलिस के अनुसार उसे जिला अस्पताल आनन फानन ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया । पुलिस अधीक्षक नगर डॉ. अरविन्द कुमार ने बताया कि विजय पुत्र पप्पू (22) निवासी महोली और उसके भाई की शादी रिफाइनरी थाने के भुड़रसू गांव में हुई थी। मृतक का अपनी ससुरालियों से विवाद चल रहा था। पुलिस ने इससे पहले भी मृतक और उसके ससुरालियों के बीच समझौता कराने का प्रयास किया था। उन्होंने बताया कि मृतक के पिता पप्पू की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा जांच की जा रही है। जिन्होने कानून अपने हाथ में लिया है उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। मृतक के मामा देवी सिंह ने बताया कि गुरुवार को लगभग एक बजे उसके पास उसके भांजे का फोन आया कि थाने पर समझौते के लिए बुलाया गया है इस पर उसने उनसे थाने जाने के लिए कह दिया था। उसने कहा कि जब तक वह मौके पर पहुंचता उसे जला दिया गया।

# गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब के कार सेवा प्रमुख तरसेम सिंह की गोली मारकर हत्या

**एजेंसी।**

**नैनीताल।** उत्तराखंड के ऊधम सिंह नगर में गुरुवार को सुबह गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब के कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की अज्ञात हमलावारों ने गोली मारकर हत्या कर दी। इस घटना के बाद पूरी तराई में सनसनी फैल गयी। पुलिस हत्यारों की तलाश में जुट गयी है। लोगों में घटना को लेकर रोष बताया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना आज सुबह 6.30 से 7.00 बजे के बीच डेरा के बाहर हुई। बताया जा रहा है कि दो हत्यारे मोटर साइकिल में आये और बाबा तरसेम सिंह को पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये।



मौके पर अफरातफरी मच गयी। इस बीच हत्यारे फरार हो गये। समर्थक कार सेवा प्रमुख को तत्काल खटीमा के एक निजी अस्पताल ले गये, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गयी।

इस घटना के बाद समर्थकों और लोगों में रोष है। मामले की गंभीरता को देखते हुए ऊधम सिंह नगर जिले की पुलिस तत्काल हरकत में आ गयी। एसएसपी मंजूनाथ टीसी दल बल के साथ खुद मौके पर पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। हत्यारों की तलाश के लिये पुलिस की कई टीमें गठित कर दी गयी हैं। पुलिस सीसीटीवी और सर्विलांस की मदद से हत्यारों की तलाश कर रही है।

### हत्या मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित

उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जनपद अंतर्गत, स्थित प्रमुख सिक्ख गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब के कारसेवा प्रमुख की हत्या मामले की उच्च प्राथमिकता से जांच की जाएगी। इसके लिए, पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और स्थानीय पुलिस अधिकारियों की एक संयुक्त विशेष अन्वेषण दल (एसआईटी) का गठन किया जा रहा है। यह जानकारी हत्या के बाद,राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अभिनव कुमार ने दी।

**उपलब्धि** | वित्त वर्ष 2023-2024 में स्क्रैप की बिक्री से 603.79 करोड़ रुपए किए अर्जित

# उत्तर रेलवे ने स्क्रैप बिक्री में नया रिकॉर्ड बनाया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक, शोभन चौधरी ने बताया कि उत्तर रेलवे ने स्क्रैप बिक्री में एक नया रिकॉर्ड बनाया है।

उत्तर रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 603.79 करोड़ रुपए अर्जित किये जो कि उत्तर रेलवे के सालाना बिक्री लक्ष्य रु. 500 करोड़ से अधिक है।

इस प्रकार उत्तर रेलवे स्क्रैप का निपटान कर भारतीय रेल की सभी क्षेत्रीय रेलों और उत्पादन इकाइयों में पहले स्थान पर रहा है। उत्तर रेलवे ने इस वित्त वर्ष 100 करोड़, 200 करोड़, 300 करोड़ और 400 करोड़ स्क्रैप बिक्री का लक्ष्य पहले ही हासिल कर लिया था।

- उत्तर रेलवे स्क्रैप बिक्री रिकॉर्ड कायम रखते हुए अपने परिसरों को स्वच्छ बनाने के लिए भी प्रतिबद्ध

स्क्रैप का निपटान एक महत्वपूर्ण कार्य है। स्क्रैप से राजस्व अर्जित किये जाने के साथ-साथ, यह परिसरों को साफ-सुथरा बनाए रखने में भी मदद करता है । रेल पटरियों के टुकड़े, स्लीपर, टाई बार इत्यादि स्क्रैप को एकत्रित कर इसकी बिक्री से संरक्षा बढ़ाने में मदद मिलती है। उत्तर रेलवे ने स्टाफ क्वाटरों, केबिनों, शैड़ों, वाटर टैंकों इत्यादि परित्यक्त ढांचों के निपटान के कार्य को मिशन मोड में शुरू किया है । इससे न केवल राजस्व अर्जन में मदद मिली है बल्कि कीमती स्थान की उपलब्धता भी सुनिश्चित हुई है।




इससे शरारती तत्वों द्वारा पुराने ढांचों के दुरुपयोग की संभावना भी समाप्त होती है। इनका त्वरित निपटान सदैव ही रेलवे की प्राथमिकता सूची में रहा है तथा इसकी निगरानी भी उच्च स्तर पर की जाती है।

उत्तर रेलवे पर बड़ी संख्या में एकत्रित हो गए स्क्रैप पीएसी स्लीपरों का निपटान भी त्वरित रूप से किया जा रहा है ताकि राजस्व अर्जित करने के साथ-साथ बहुमूल्य भूमि को रेल गतिविधियों के लिए खाली रखा जा सके। उत्तर रेलवे जीरो स्क्रैप स्टेटस हासिल करने और इस वित्तीय वर्ष में सर्वाधिक स्क्रैप बिक्री रिकॉर्ड कायम रखते हुए अपने परिसरों को स्वच्छ बनाने के लिए भी प्रतिबद्ध है।

# दिव्यांगों-बुजुर्गों को मिलेगी पोस्टल बैलेट की सुविधा: डीएम

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



जिला निर्वाचन अधिकारी / जिला मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार ने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में ड्यूटी पर आवश्यक सेवाओं में तैनात कर्मचारियों को पोस्टल बैलट की सुविधा मतदान के दिनांक से दो तीन दिन पूर्व दी जाएगी। इसके लिए अलग से व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि आवश्यक सेवाओं में कार्यरत लोग मतदान से वंचित न रह जाएं, इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी/ ज़िला मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार आज लोक सभागार में पोस्टल बैलेट या डाक मतपत्र के सम्बंध में आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में उप ज़िला निर्वाचन अधिकारी / अपर जिला मजिस्ट्रेट अरुण कुमार सिंह के अलावा जनपद के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष शामिल रहे। बैठक में ज़िला मजिस्ट्रेट ने बताया कि पुलिस, परिवहन, स्वास्थ्य, संचार, फायर सर्विस, ऊर्जा आदि विभागों के कर्मचारियों तथा अन्य आवश्यक सेवाओं में लगे कर्मियों को मतदान के अधिकार का प्रयोग करने के लिए पृथक सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि यहां मतदान के दिनांक से दो तीन दिन पूर्व राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में इसके लिए व्यवस्था की जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि वे अपने अपने विभागों के उन कर्मचारियों के लिए फार्म 12 डी अथवा अन्य सम्बंधित फार्म निर्धारित समय पर प्राप्त करें और सम्बंधित कर्मचारी को प्रेषित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यह हम सबका दायित्व है कि ड्यूटी पर तैनात कोई भी व्यक्ति मतदान से वंचित न रहने पाए। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग में कार्यरत लाइनमैन आदि, रेलवे कर्मचारी, रोडवेज़ के ड्राइवर, कंडक्टर, नगर निगम के कर्मचारी, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी तथा इसी प्रकार के अन्य विभागों के कर्मचारियों को जो मतदान के दिन ड्यूटी करेंगे, उनको डाक मत पत्र की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। डीएम सत्येंद्र कुमार ने बताया कि इसके अलावा दिव्यांग जन, जिनकी दिव्यांगता 40 प्रतिशत से अधिक है, या उनके आवागमन में कठिनाई है तो ऐसा दशा में उनको भी सम्बंधित बीएलओ के जरिए पोस्टल बैलेट की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसी तरह 85 वर्ष से अधिक के वे बुजुर्ग जो मतदान केंद्र तक आने जाने में सक्षम नहीं हैं, उनको भी बीएलओ के माध्यम से पोस्टल बैलेट की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि जनपद में मतदान के दिनांक से पूर्व इस सुविधा की सूचना नियत समय पर दे दी जाएगी। उन्होंने बताया कि दूरदर्शन, आकाशवाणी तथा मान्यता प्राप्त पत्रकारों को भी पोस्टल बैलेट की सुविधा प्रदान की जाएगी।

# डीएम-एसपी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**डीएम ने बूथों के लिए निर्धारित चेक लिस्ट के अनुसार विद्यालय की सभी कमियों को समय दुरुस्त कराने का दिया निर्देश**

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी व चरणबद्ध तरीके से सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत आज जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार तथा पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने विधानसभा क्षेत्र रामनगर के अंतर्गत मतदान केंद्र प्राथमिक विद्यालय जमका का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने बूथ पर निर्धारित आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया तथा कहा कि बूथों पर दिव्यांग मतदाताओं की सुविधाओं का विशेष ख्याल रखा जाए, ताकि उन्हें कोई असुविधा न होने पाए। उन्होने कहा कि बूथों के लिए निर्धारित चेक लिस्ट के अनुसार विद्यालय की सभी कमियों को ससमय दुरुस्त कराने का निर्देश दिया, ताकि मतदान को सकुशल संपन्न कराया जा सके।

इस दौरान उप जिलाधिकारी रामनगर पवन कुमार, खंड विकास अधिकारी सूरतगंज सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# सपा प्रमुख अखिलेश यादव से मुलाकात कर पीडीए मजबूत करने का लिया संकल्प

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



अल्पसंख्यक सभा समाजवादी पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय सचिव सिराज आजम वारसी और सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव कय्यूम प्रधान ने गुरुवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से शिष्टाचार मुलाकात की। इस औपचारिक मुलाकात में सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि कार्यकर्ताओं से कहिए बूथों पर डट जाएं, यह चुनाव इंडिया को जीतना है। बड़ी लड़ाई है, मिलकर जुटिए, जीत जरूर हासिल होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश और देश में महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे सामने हैं। जनता सपा की ओर उम्मीद भरी निगाह से देख रही है। हम जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का भरसक प्रयास करेंगे। इस दौरान अखिलेश यादव ने संक्षिप्त मुलाकात में चुनावी तैयारी में जुटने का संदेश देते हुए कहा कि बाराबंकी की आवाम ने हमेशा समाजवादी पार्टी का सहयोग किया है। आज समाज का हर वर्ग समाजवादी पार्टी की ओर देख रहा है। इंडिया गठबंधन एकजुट होकर बाराबंकी में कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया को चुनाव मैदान में उतारा है, उन्हे भारी बहुमत से जीताकर लोकसभा पहुंचना आप सबकी जिम्मेदारी है। जब देश में पीडीए मजबूत होगा तो देश मजबूत होगा। इस मौके पर अल्पसंख्यक सभा समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव कय्यूम प्रधान और पूर्व राष्ट्रीय सचिव सिराज आजम वारसी ने अखिलेश यादव को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।

## भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**हैदरगढ़ बाराबंकी,समृद्धि न्यूज़।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा लोकसभा क्षेत्र 53 बाराबंकी से चयनित सांसद पद प्रत्याशी राजरानी रावत के काफिले का आज जगह-जगह पर पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इसीक्रम में युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष योगेश द्विवेदी द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में पहुंची राजरानी रावत का अध्यक्ष आलोक तिवारी द्वारा माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया गया तत्पश्चात नगर के मेन मार्केट में स्थित गांधी प्रतिमा पर राजरानी रावत ने माल्यार्पण कर कहा कि जिस प्रकार भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा हम पर भरोसा जताकर प्रत्याशी बनाया गया है उसे भरोसे को कायम रखना है और जिले में भारतीय जनता पार्टी का परचम लहराना है।

# केडी सिंह बाबू को मिले देश का सर्वोच्च सम्मान : गोप

**केडी सिंह बाबू की पुश्तैनी कोठी को संग्राहलय बनाने पर सीएम को सराहा**

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**




हॉकी के दिग्गज खिलाड़ी एवं पूर्व भारतीय हॉकी कप्तान पद्मश्री कुंवर दिग्विजय सिंह 'केडी सिंह बाबू' की 46वीं पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति में के.डी सिंह बाबू जन्मशताब्दी समिति द्वारा देवा रोड स्थित गांधी भवन में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में केंद्र सरकार से उन्हें मरणोपरान्त भारत रत्न से सम्मानित किए जाने की जोरदार मांग की गई।

समिति के संरक्षक पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप ने स्व. के.डी सिंह बाबू को आधुनिक हॉकी का जनक और सामाजिक न्याय एवं समाज का अगुआ बताया। उन्होंने कहा कि केडी सिंह साहब हॉकी के बड़े खिलाड़ी थे। वह बड़े दिल के इंसान भी थे। खेल जगत में उन्होंने बाराबंकी को विश्व स्तरीय जो सम्मान दिलाया उसके लिए जिले का हर एक नागरिक कृतज्ञ है। केडी सिंह बाबू जन्मशताब्दी समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य विधान परिषद सी.पी चन्द, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और जनता की मांग पर राज्य सरकार ने केडी सिंह बाबू के पुश्तैनी घर को राष्ट्रीय स्मारक और संग्रहालय बनाने का फैसला लिया, जो बहुत ही सराहनीय कार्य है। स्मारक बनने के बाद केडी सिंह बाबू की स्मृतियों को सहेजा जा सकेगा। श्री गोप ने राज्य सरकार से मांग करते हुए कहा कि केडी सिंह बाबू की जन्मशताब्दी वर्ष के अर्न्तगत उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न देने और उनके नाम पर डाक टिकट जारी करने की अनुशंसा केन्द्र सरकार से करे। कार्यक्रम संयोजक राजनाथ शर्मा ने कहा कि केडी सिंह बाबू के व्यक्तित्व में बहुत खूबियां थी। उन्होंने भारत को खेल मानचित्र पर पहचान दिलाई। उनके खेल को केन्द्र सरकार द्वारा उचित सम्मान दिया जाना चाहिए। हॉकी देश का राष्ट्रीय खेल है। सभा की अध्यक्षता एमजी स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष एवं पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी सलाहउद्दीन किदवई ने की। इस मौके पर समाजसेवी विनय कुमार सिंह, मृत्युंजय शर्मा, शिवशंकर शुक्ला, हसमत अली गुड्डु, विजय कुमार सिंह मुन्ना, संतोष रावत, नसीम कीर्ति, सत्यवान वर्मा, वीरेन्द्र प्रधान, अमित सिंह, सुहैल अहमद किदवई, पाटेश्वरी प्रसाद, प्रशान्त पाण्डेय, राजू सिंह, अशोक जायसवाल, साकेत संत मौर्य, राजेश यादव सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

## खबरें एक नजर में

### डाक मतपत्र से वोट डाल सकेंगे पत्रकार

**बाराबंकी।** सभी मान्यता प्राप्त पत्रकारों को भी आसन्न लोकसभा चुनाव में पोस्टल बैलेट (डाक मतपत्र) की सुविधा प्रदान की जएगी ताकि उन्हें समाचार प्रेषण में असुविधा न हो और वे अपने मताधिकार से भी वंचित न रह जाएं। इसके लिए निर्धारित फार्म-12 डी जिला सूचना कार्यालय से उपलब्ध कराए जाएंगे। मतदान के दिनांक से पूर्व साथी पत्रकारों के लिए उपलब्ध कराई जाने वाली इस सुविधा तथा स्थान के सम्बंध में शेष जानकारी समय पर शेयर कर दी जाएगी।

### श्रीमद्भागवत कथा में सात वक्ता और सात ही हैं स्रोता: मुरली मनोहर शास्त्री

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** विकासखंड हैदरगढ़ के बल्लूपुर गाँव में चल रहे श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन कथा व्यास मुरली मनोहर शास्त्री ने श्रीमद्भागवत की कथा परम्परा का उल्लेख करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत में सात वक्ता और सात श्रोता हैं। सूत ने सौनक को,सनतकुमार ने भक्ति ज्ञान और बैराग्य ने गोकर्ण व धुंधकारी को, शुकदेव ने परीक्षित को,मैत्रेय ने विदुर को और मैं आप सभी भक्तों को यह कथा सुना रहा हूं। शास्त्री जी ने स्वाहा और स्वधा का विश्लेषण करते हुए कहा कि स्वाहा का तर्पण है जबकि स्वधा पित्रों का तर्पण है। इस अवसर पर अनिल कुमार तिवारी राज किशोर तिवारी ओम प्रकाश अवस्थी राजेश कुमार तिवारी रवि सिंह हरिशरण शुक्ला सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### आज से शुरू होगी श्रीमद्भागवत कथा

**हैदरगढ़, बाराबंकी।** नगर के सुबेहा तिराहे पर स्थित श्रीमती शैल कुमारी पत्नी स्वर्गीय राधेश्याम मिश्रा के आवास पर आगामी 29 मार्च से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ किया जा रहा है ।यह जानकारी देते हुए श्रीमती मिश्रा के पुत्र प्रमोद मिश्रा ने बताया कि 29 मार्च को भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू होने वाले इस ज्ञान यज्ञ में 30 मार्च से कथा का शुभारंभ होगा 5 अप्रैल को कथा के समापन के उपरांत 6 अप्रैल को पूर्णाहुति के बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### क्षय रोग दिवस पर सहयोग की अपील

**बाराबंकी।** विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर हिन्द इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज, सफेदाबाद में डॉ. राजीव टंडन, जिला क्षय रोग अधिकारी की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हिन्द इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज, सफेदाबाद बाराबंकी के प्रधानाचार्य डॉ. दीपक मालवीय द्वारा टीबी मुक्त अभियान में हिन्द इंस्टीट्यूट को जोडने के लिये डॉ. राजीव टंडन का आभार व्यक्त किया तथा सभी रेजीडेन्ट डाक्टर व स्टाफ को एक साथ मिलकर अभियान को सफल बनाने की अपील की। डॉ. राजीव टंडन, जिला क्षय रोग अधिकारी बाराबंकी द्वारा बताया गया कि अधिक से अधिक टीबी जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से आम जनमानस को क्षय रोग के प्रति जागरूक कर टीबी को हराया जा सकता है। जिसमें सभी का सहयोग आपेक्षित है। टीबी के समस्त आधुनिक जॉचें एवं सम्पूर्ण उपचार जनपद के समस्त स्वास्थ्य इकाइयों पर उपलब्ध होने की जानकारी दी गयी।

# राष्ट्रीय सेवा योजना सीखने का देती है अवसर : सारंग

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**




**शिविर के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वयं सेवक शादिया, वंदना और संजना कुमारी को किया पुरस्कृत**

राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविरों में व्यावहारिक ज्ञान और अनुभव का क्रियात्मक प्रशिक्षण मिलता है। महाविद्यालय में पुस्तकीय ज्ञान प्रदान किया जाता है किंतु शिविर में स्वयं करके सीखने का अवसर मिलता है।

उक्त विचार प्रदीप सारंग सदस्य नमामि गंगे जिला गंगा संरक्षण समिति ने वीणा सुधाकर ओझा महाविद्यालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष सात दिवसीय शिविर कोटवा अमदहा के समापन समारोह में व्यक्त किये। शिविर के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वयं सेवक शादिया, वंदना और संजना कुमारी को पुरस्कृत किया गया। हिमांशी वर्मा, उजमा बानो, कशिश वर्मा, वंदना की भी प्रशंसा की गई। शिविर में पचास शिविरार्थी उपस्थित रहे। अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ बलराम वर्मा ने कहा कि समाज सेवा का पाठ पढ़ लेने वाले छात्र कभी असफल नहीं होते। राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रेरक वाक्य है- मैं नहीं आप। यानी दूसरे के लिए भी कुछ करना। विशिष्ट अतिथि एड रजत बहादुर वर्मा अध्यक्ष ग्रीन गैंग ने कहा कि हर एक को अपने जन्मदिन मैरिज एनिवर्सरी सहित प्रत्येक खुशी उल्लास के मौके पर वृक्षारोपण करना चाहिए। महाविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर डॉ राम सुरेश वर्मा ने कहा कि व्यावहारिक प्रशिक्षण, भावी जीवन के संकटों से बचा लेती है। सातों दिन की समीक्षा करते हुए अनेक संस्मरण सुनाए। कार्यक्रम अधिकारी गुलाम नबी के संचालन में सम्पन्न समापन समारोह में शैक्षिक समन्वयक डॉ दिनेश सिंह ने सभी का स्वागत किया और शिविर आख्या प्रस्तुत की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ0 रूचि सिंह, डॉ. राम सुरेश वर्मा, विष्णु मिश्रा, जितेन्द्र यादव, राकेश कुमार, संतोष कुमार, नीरज वर्मा, मंजूलता शर्मा, सुष्मिता शुक्ला, प्रदीप, चंद्रेश आदि उपस्थित रहे।

# गोला वन रेंज में तेंदुए के हमले से कुत्ते की मौत

**मालपुर खीरी। समृद्धि न्यूज**

ब्लाक बिजुआ क्षेत्र की गोला वन रेंज में हिंसक पशुओं का आतंक रुकने का नाम नही ले रहा है। बुधवार की रात देर रात गोला वन रेंज की वन बीट राय पुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरा खुर्द में तेदुए ने एक कुत्ते को अपना शिकार बना डाला। वही के निवासी राजेश दिवाकर ने बताया चार दिन पहले भी तेदुआ नहर के पास देखा गया था और आज रात में शायद तेदुआ तालाब में पानी पीने आया था तभी बाग में बैठे कुत्तों ने भौंकना शुरू कर दिया जिससे तेदुए ने कुत्ते पर हमला कर गला काट दिया और काफी दूर घसीट कर ले गया। सुबह देखने वालो का तांता लग गया इसकी जानकारी ग्रामीणों द्वारा वन विभाग को दी गई। आए दिन गांव के किनारे दिख रहे हिंसक पशुओं के कारण लोगो में दहशत है,किसान अपने खेतो से जानवरो के लिए चारा लाने में भी डर रहे हैं।

> जंगल के पास के गांव में अकसर तेदुएं रात्रि में इधर-उधर टहलने के लिए निकल जाते है जानकारी मिली थी हमने टीम को बोल दिया है मौके पर जा कर देख लेंगे।
>
> - नरेश कुमार फॉरेस्टर राय पुर बीट वन रेंज गोला

# महिला की मौत पर आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

**सिंगाही खीरी। समृद्धि न्यूज**



मंगलवार को थाना क्षेत्र के ग्राम निबौरिया में 40 वर्षीय महिला के मौत ससुराल में होने के बाद मायके पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने उसके पति ,ससुर व पति के दो दोस्तों को आरोपी मानकर हत्या कर शव फांसी के फंदे पर लटकाने का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। सोमवार की रात सिंगाही थाना क्षेत्र के गांव निबौरिया में लक्ष्मी उम्र 40 वर्ष शादीशुदा महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी थी। शादीशुदा महिला का भाई मायके पक्ष के साथ जब घटनास्थल पर बहन की ससुराल में पहुंचा तो उसकी बहन का शव घर के अंदर बरामदे के नीचे जमीन पर पड़ा हुआ था। बहन को मरा देख कर मायके पक्ष के लोगों के पैर के नीचे से जमीन खिसक गई थी और बहन की ससुराल में ही कोहराम मच गया था। विवाहिता के भाई संतोष ने पति और ससुर पर अपनी बहन को मार कर फांसी के फंदे पर लटकाने का आरोप लगा रहा था। लेकिन पुलिस ने मृतिका के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। जिससे मायके पक्ष के लोग संतुष्ट नहीं थे और जिला मुख्यालय से पोस्टमार्टम होने के बाद मृतिका का शव ससुराल के गांव निबौरिया पहुंच रहा था।

तभी मायके पक्ष के लोगों ने रास्ते में विवाहिता की शव को रोक कर हंगामा करना शुरू कर दिया और ससुराल पक्ष के पति,ससुर व पति के दो दोस्तों पर अपनी बहन की हत्या करने का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराने की मांग करने लगे मौके की नजाकत को भाप कर सिंगाही थाना प्रभारी अमित सिंह भदौरिया ने लक्ष्मी के भाई संजय कुमार की तहरीर पर पति संतोष कुमार और ससुर हरिश्चंद्र व पति के दो दोस्तों इंदर कश्यप व अंकित निवासी निबौरिया के खिलाफ हत्या कर शव घर में लटकाये जाने का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है वहीं लक्ष्मी कश्यप का अंतिम संस्कार उसकी ससुराल के गांव निबौरिया में हो गया है। मंगलवार को सुबह ससुराल वालो मे महिला को छत के छल्ले से उतार कर जमीन पर लेटा दिया।

विवाहिता के भाई ने पुलिस को सूचना देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की। थाना प्रभारी अमित सिंह भदोरिया ने बताया कि विवाहिता के ससुराल पक्ष से मायके वालों ने कुछ पैसा उधार लिया था। जिसको वह वापस नहीं दे रहे थे। इसी को लेकर पति-पत्नी में विवाद हुआ था।

# अज्ञात कारणों से लगी आग, घर का सामान जलकर हुआ राख

**भीरी खीरी। समृद्धि न्यूज**

ब्लाक बिजुआ क्षेत्र की ग्राम पंचायत रूरा सुल्तानपुर के मजरा तनसुख पुरवा में गुरुवार सुबह करीब सात बजे अज्ञात कारणों से राजाराम पुत्र कल्लू के घर में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पास में ही दयाराम के घर को भी अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया लेकिन तब तक उसमे रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। आपको बता दे राजाराम व दयाराम दोनो भाईयो के घर पक्के बने है घर के बाहर बैठने के लिए और जानवरो के रहने के लिए छपरपोस पशुशाला बना रखे थे। अज्ञात कारणों से लगी आग में दोनो भाईयो के छपरपोस घर जल गए और उसमे रखा जानवरो के लिए भूसा व इंजन, चारामशीन, चारपाई बिस्तर सहित जो भी समान था सब जलकर खाक हो गया। आग बुझाने में एक महिला का हाथ भी झुलस गया। घर वालो के अनुसार करीब एक लाख रुपए का नुकसान हुआ है कोई जनहानी नही हुई है। ग्राम प्रधान द्वारा आग लगने की जानकारी क्षेत्रीय लेखपाल को दी गई।मौके पर पहुंचे कानूनगो बलराम सिंह व क्षेत्रीय लेखपाल अविनाश मिश्रा ने मौका मुआयना कर नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट तैयार की।

# करंट लगने से युवक की मौत

**मितौली खीरी। समृद्धि न्यूज**

थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत भीखमपुर में सन्त राम पुत्र माता दीन उम्र लगभग 55 वर्ष की पंखा लगाते समय मौत हो गई सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पत्नी छन्नो देवी प्राथमिक विद्यालय भीखमपुर में रसोईया का कार्य करती है विद्यालय से आने पर छन्नो देवी ने देखा कि सन्त राम जमीन पर बेसुध पड़े हैं और उनके ऊपर पंखा पडा हुआ है किसी अनहोनी के भय से छन्नो देवी ने शोर मचाया। ग्रामीण दौड़ कर मौके पर पहुंचे तो देखा सन्त राम की मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों ने तत्काल थाना मितौली की भीखमपुर पुलिस पिकेट को सूचना दी गई मितौली पुलिस तत्काल प्रभाव से मौके पर पहुंची वहीं प्रधान पति मनोज मिश्रा के द्वारा लेखपाल कानूनगो से सम्बन्ध स्थापित किया गया और उन्हें सूचना दी गई साथ ही बिजली विभाग को भी जानकारी दी गई। मृतक सन्तराम की माली हालत बहुत ही दयनीय थी। मृतक के पास भूमि ना के बराबर है मृतक के कोई संतान भी नहीं है मृतक की पत्नी छन्नो देवी ही है जिनकी गुजर बसर स्कूल में खाना बनाकर मिले हुए पैसे से ही होती है।पत्नी छन्नो देवी की तरफ से थाना मितौली में प्रथम सूचना दी गई । सूचना को संज्ञान में लेते हुए पंचनामा भरकर मृतक के सव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया।

# करोड़ों के खाद्यान्न घोटाले का आरोपी गिरफ्तार

**बांकेगंज खीरी। समृद्धि न्यूज**



लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व मिड डे, मिल के अनाज घोटाला करने वाले बांकेगंज एसएफसी गोदाम प्रभारी रहे थे। आरोपी दिनेश सिंह को क्राइम ब्रांच लखीमपुर की टीम ने उसके घर पर 3/1208 जानकीपुरम विस्तार लखनऊ से गिरफ्तार किया गया। आरोपी दिनेश सिंह पर 1 करोड़ 78 लाख 30 हजार 583.22 रूपये के गबन का आरोप है बता दें मामला विकास खण्ड बांकेगंज में सन् 2022 का है जब उत्तर प्रदेश राज्य खाद्य एवं आवश्यक वस्तु निगम एसएफसी के गोदाम प्रभारी रहे। दिनेश सिंह ने (मिड-डे मील) एमडीएम का 4700 क्विंटल अनाज हड़प कर लिया था। बांकेगंज ब्लॉक के 134 से अधिक स्कूलों में जनवरी, फरवरी और मार्च 2022 में एमडीएम का राशन न पहुंचने पर बीएसए की शिकायत पर मामले का खुलासा हुआ था। इस पर एसफसी के जिला प्रबंधक गंगा प्रसाद ने गोदाम प्रभारी दिनेश सिंह पुत्र स्व.देवराज और ऑडीटर रामशंकर पुत्र गेंदनलाल बालागंज लखनऊ के खिलाफ 26 जुलाई 2022 को मैलानी थाना में 1 करोड़ 78 लाख 30 हजार 583 रुपये का घोटाला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई । जिसके बाद जांच में भ्रष्टाचार की जड़ें उखड़ती चली गईं और जिला प्रबंधक भी इस लपेटे में आ गए। इस पर एसएफसी के एमडी ने जिला प्रबंधक को भी सस्पेंड कर दिया गया उधर, इस घोटाले में बांकेगंज ब्लॉक क्षेत्र के कोटेदार भी जांच एजेंसियों के रडार पर बांकेगंज क्षेत्र के कई कोटेदार भी थे उनसे भी पूछताछ की गयी थी । जिसमें पता चला कि कोटेदारों को भी खाद्यान्न उपलब्ध नहीं कराया गया था। पुलिस विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक विवेचना थाना मैलानी से होने के पश्चात अपराध शाखा को स्थानांतरित की गई थी। अभियुक्त वर्ष 2022 मे ब्लाक बाकेगंज मे गोदाम प्रभारी के रुप मे नियुक्त रहा है।

जिसमे भारतीय खाद्य निगम से संबंधित विभिन्न योजनाओ के गेहूं, चावल, चना, नमक, चीनी एव खाद्य तेल आदि के वितरण हेतु उचित दर विक्रेताओ को आवंटन करने हेतु ब्लाक मुख्यालय पर निर्गत किया गया था । आरोपी मुकदमा पंजीकृत होने के उपरांत से विवेचना मे सहयोग नही कर रहा था और फरार चल रहा था। जिसे दिनांक 27.03.2024 को अभियुक्त के घर 3/1208 जानकीपुरम विस्तार लखनऊ से गिरफ्तार किया गया।

# डॉ. आरके कोली ने संभाला सीएमएस पद का कार्यभार

**लखीमपुर खीरी। समृद्धि न्यूज**



सीएमएस डॉ आईके रामचंदानी के गैर जनपद स्थानांतरण के बाद जिला पुरुष चिकित्सालय के सीएमएस पद का कार्यभार डॉ आरके कोहली ने संभाला है। चार्ज संभालने के बाद उन्होंने गुरुवार को जिला चिकित्सालय का भ्रमण किया और वर्तमान में चल रही सेवाओं की जानकारी ली। इस दौरान उनका कर्मचारियों द्वारा पुष्प कुछ भी भेंट किया गया। उन्होंने आयुष्मान वार्ड का निरीक्षण कर भर्ती प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड धारक मरीजों को और अधिक बेहतर सेवाएं देने को कहा। सीएमएस डॉ आरके कोली ने बताया कि उनके द्वारा चार्ज संभाले जाने के बाद जिला पुरुष चिकित्सालय के आयुष्मान वार्ड में भर्ती मरीजों से उन्होंने हाल-चाल जाना है और आवश्यकता के अनुरूप सर्जरी वाले आयुष्मान कार्ड धारक मरीजों की अधिक से अधिक सर्जरी करने को भी कहा है।

# पूरे देश में प्रधानमंत्री मोदी की चल रही लहर : डॉ. दिनेश शर्मा

- महाराष्ट्र में भी भाजपा अपने सहयोगी दलों के साथ बड़ी जीत दर्ज करेगी
- प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में या फिर यूं कहें कि पूरे विश्व में एक वातावरण बना हुआ है
- महाराष्ट्र भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का गढ़




समृद्धि न्यूज।

**लखनऊ।** उप्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री व महाराष्ट्र के प्रभारी भाजपा नेता डॉ. दिनेश शर्मा का कहना है कि पूरे देश में मोदी के नाम की बयार है। पार्टी की ओर से महाराष्ट्र प्रभारी का दायित्व मिलने के बाद डा. शर्मा ने गुरुवार को कहा कि जिस प्रकार से उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान समेत समूचे देश में माहौल है, उसी प्रकार महाराष्ट्र में भी भाजपा अपने सहयोगी दलों के साथ बड़ी जीत दर्ज करेगी।

डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के काम और देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का मनोबल बहुत ऊंचा है। साथ में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजीत पवार का सहयोग है। यह सोने में सुहागा है। मैं समझता हूं कि महाराष्ट्र ही नहीं बल्कि पूरे देश में भाजपा के पक्ष में व्यापक समर्थन है। दिनेश शर्मा ने कहा कि मैं मानता हूं कि कांग्रेस, उद्धव और शरद पवार के गठजोड़ को महाराष्ट्र की जनता अवसरवादी गठजोड़ के रूप में देख रही है। एक-एक सीट के लिए इनका आपस में झगड़ा उभर कर सामने आया है। इनका न तो कोई अपना संगठन है, न ही इनकी कोई नीति और नियति है। इधर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में या फिर यूं कहें कि पूरे विश्व में एक वातावरण बना हुआ है। इसका सीधा लाभ पूरे महाराष्ट्र में भी होगा। जैसे उत्तर प्रदेश और अन्य जगह वातावरण है, वैसा ही महाराष्ट्र में भी है। जनता स्वयं ही चुनाव लड़ रही है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव ऐसा है जिसमें कोई राजनीतिक दल नहीं बल्कि जनता खुद चुनाव लड़ रही है। भाजपा नेता एवं महाराष्ट्र प्रभारी डॉ. दिनेश शर्मा से जब यह पूछा गया कि उनके प्रभारी रहते हुए अन्य राज्यों की तुलना में महाराष्ट्र में कितनी बड़ी चुनौती होगी? इस पर उन्होंने कहा कि भगवान की मेरे ऊपर अनुकंपा है। मैं जिन-जिन चुनाव में लगाया गया हूं, वहां भारतीय जनता पार्टी की जीत हुई है। मैं मानता हूं कि महाराष्ट्र का चुनाव इस बार पहले से बिल्कुल अलग है। इससे विपरीत परिस्थितियों में भी महाराष्ट्र की जनता ने भाजपा का साथ दिया है। महाराष्ट्र भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का गढ़ है। इसलिए मैं समझता हूं कि हमारे कार्यकर्ताओं ने इसे चुनौती के रूप में लिया है और हम अप्रत्याशित जीत की ओर आगे बढ़ रहे हैं। पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के प्रवास का अनुभव साझा करते हुए डॉक्टर शर्मा ने बताया कि मैं उन सुदूर क्षेत्रों में भारतीय जनता पार्टी के कार्यक्रमों में उमड़ी भीड़ को देखकर आश्चर्यचकित था। मेरे जैसे छोटे कार्यकर्ता के कार्यक्रमों में भी हजारों की भीड़ जुट रही थी। इससे मैं समझता हूं कि हमारे बड़े नेताओं के कार्यक्रमों में कितनी भीड़ रही होगी। इसलिए मैं यह कह सकता हूं कि उत्तर से दक्षिण तक पूरब से पश्चिम तक देश की जनता का भारतीय जनता पार्टी को अभूतपूर्व समर्थन है। तमिलनाडु में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कार्यक्रम था, जिसमें जन सैलाब उमड़ा था। उनका स्वागत करने के लिए अपार भीड़ थी। प्रधानमंत्री मोदी को सुनने के लिए लोग उत्सुक थे, इसलिए मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस बार हर तरफ कमल खिलेगा और 400 से अधिक सीटों के साथ नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे।

## रोहिंग्या आमिर हमजा तीन विदेशी महिलाओं के साथ गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज।

- यूपी एटीएस को मिली सफलता

**लखनऊ।** देश में घुसपैठ कर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर खुद को भारत का नागरिक बताने वाले आरोपियों के खिलाफएटीएस कार्रवाई कर रहा है। इस बार एटीएस ने म्यांमार के रहने वाले रोहिंग्या आमिर हमजा को तीन विदेशी महिलाओं के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास कूटरचित दस्तावेज बरामद किए गए हैं। एटीएस आरोपियों को मुख्यालय लाकर पूछताछ कर रही है। एटीएस की पूछताछ में यह खुलासा भी हुआ है कि यह आरोपी न सिर्फभारत की सीमा में घुसपैठ कर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर खुद को भारत का नागरिक दर्शाते थे बल्कि इनकी संलिप्तता देश विरोधी गतिविधियों में भी रहती है। एटीएस के अधिकारियों ने बताया कि पिछले लंबे समय से ये सूचना मिल रही थी कि विदेशी नागरिक बांग्लादेश सीमा से भारत में प्रवेश करते हैं जिसके बाद कूटचित दस्तावेजों की मदद से खुद को भारत का नागरिक बताते हैं। ऐसी जानकारी मिलने के बाद एटीएस की एक टीम ने जांच शुरू की। जांच में पता चला कि 27 मार्च 2024 को म्यांमार का रहने वाला आमिर हमजा अपनी तीन महिला सहयोगियों के साथ असम से दिल्ली पहुंचने वाला है। यहां पर वह फर्जी दस्तावेजों की मदद से खुद को भारतीय नागरिक साबित करेगा। इनपुट मिलने के बाद एटीएस की टीम ने कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों ने बताया कि वह बांग्लादेश सीमा से भारत में प्रवेश किए थे जिसके बाद कुछ दिन असम में रुके। असम के बाद वह दिल्ली जा रहे थे। दिल्ली में रहकर फर्जी दस्तावेज की मदद से खुद को भारत का नागरिक दर्शाते हालांकि एटीएस ने पहले ही कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## खबरें एक नजर में

### मुख्यमंत्री आज जायेंगे बिजनौर और अमरोहा

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल 29 मार्च को बिजनौर और अमरोहा में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलनों को संबोधित करेंगे। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सुबह 11:35 बजे जे.बी.एस. रिसॉर्ट, बिजनौर चक्कर रोड, बाईपास बिजनौर में प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करेंगे। दोपहर 01:40 बजे बैंकटेश्वर विश्वविद्यालय, गजरौला, अमरोहा में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

### अगले दो दिनों में बारिश की सम्भावना

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** राजधानी में धूप में तेजी लगातार बढ़ती ही जा रही है। इससे गुरुवार को तापमान 36 डिग्री को पार कर गया। लोग इस गर्मी से परेशान होने लगे हैं और डर रहे हैं कि अभी मार्च में जब यह हाल है तो आगे गर्मी कितना सितम ढाएगी। वहीं मौसम वैज्ञानिकों ने राहत भरी खबर सुनाई है। उनका अनुमान है कि अगले दो दिनों में बारिश के साथ तेज हवाएं भी चलेंगी। एक दिन पहले लखनऊ और आसपास का तापमान 35 डिग्री के करीब रिकार्ड किया गया। गुरुवार को तापमान 36 डिग्री पार कर गया। दिन में तेज धूप की तपिश का असर लोगों की आवाजाही पर देखने को मिला। मौसम अनुसंधान केन्द्र के वैज्ञानिक एके सिंह के मुताबिक, अगले दो दिनों में बारिश होने की संभावना है। गरज के साथ तेज हवाएं भी चल सकती हैं। ऐसे में दृश्यता में कमी आ सकती है।

### रेलवे ट्रैक पर मिले युवती के शव की हुई शिनाख्त

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** राजधानी के बिजनौर थाना क्षेत्र अंतर्गत बीते दिनों मिले शव की शिनाख्त कर ली गई है। जिस युवती का शव मिला था उसका नाम सोनी है। मृतका की उम्र 22 वर्ष है जो बिजनौर थाना क्षेत्र के सौसिरनखेड़ा की रहने वाली है। घटना के बाद मृतका के पिता ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पिता ने आरोप लगाया है की बेटी के गायब होने के बाद पुलिस को सूचना दी गई थी। यदि पुलिस समय पर कार्यवाही करती तो उसकी बेटी की जान नहीं जाती। पिता का आरोप है कि मामले में पुलिस ने लापरवाही की। लखनऊ पुलिस कमिश्नर के निर्देशों के बाद भी थाने स्तर पर समय पर कार्रवाई नहीं की गई जिसके चलते यह हादसा हुआ।युवती का शव मिलने के बाद उसकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। सोशल मीडिया पर फोटो देखने के बाद पिता ने अपनी बेटी को पहचान लिया इसके बाद मृतका को लेकर शिनाख्त हुई। परिजनों ने बताया कि मंगलवार को बेटी साढ़ू के बेटे के साथ गौरा जाने के लिये निकली थी। लेकिन वह गौरा नहीं पहुंची। बेटी की तलाश शुरू की गई जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पिता ने घटना के पीछे साढ़ू के बेटे पर आरोप लगाए हैं। पिता का कहना है कि साढ़ू के बेटे ने ही बेटी को मारकर रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया। बुधवार की दोपहर मोहनलालगंज के अतरौली में रेलवे ट्रैक पर युवती का शव मिला था।

### एयरपोर्ट पर पकड़ा गया पांच लाख का सिगरेट



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** लखनऊ एयरपोर्ट पर तस्करी का माल लगातार पकड़ में आ रहा है। गुरुवार को एक बार फिर से कस्टम विभाग की टीम ने करीब 5 लाख रुपए की विदेशी सिगरेट पकड़ी है। टांडा निवासी एक व्यक्ति शारजाह से सिगरेट लेकर आया था। पिछले 10 दिन में तीसरी बार कस्टम विभाग की टीम ने सिगरेट की तस्करी पकड़ी है। एयरपोर्ट पर पिछले दो महीने में 1 करोड़ 60 लाख रुपए से ज्यादा का सिगरेट पकड़ा जा चुका है। सोने और सिगरेट की तस्करी देखे तो 6 करोड़ 20 लाख रुपए से ज्यादा का माल पकड़ा जा चुका है। इससे पहले 21 मार्च को भी 10 लोग पकड़े गए थे। इनके पास से करीब 22 लाख रुपए का सिगरेट मिला था। अबूधाबी से आने वाली उड़ान से 5 यात्रियों को रोका गया। उनसे पूछा गया तो पता चला कि उनके पास 1046 डिब्बे है।बाजार में इसकी कीमत 22 लाख 42 हजार रुपए से ज्यादा है। कस्टम यात्रियों से पूछताछ के आधार पर आगे की जांच में जुट गया है। इसके अलावा 20 मार्च को अबूधाबी से आने वाले विमान संख्या 6 ई 094 से आए यात्रियों से संदेह के आधार पर पूछताछ शुरू की गई। इनके पास 1499 सिगरेट के बड़े डिब्बे मिले। मौजूदा बाजार में इसकी कीमत 44 लाख रुपए से ज्यादा है।इससे पहले भी विभाग की तरफसे 24 फरवरी को 98 लाख रुपए के सिगरेट पकड़े गए थे। इस दौरान 3500 से ज्यादा डिब्बे पकड़ में आए थे। हालांकि उस समय गोल्ड लाने वाले तस्कर भी पकड़ में आए थे। इस वजह से सिगरेट की बात सामने नहीं आ पाई। विदेशी सिगरेट के साथ पकड़े गए यात्रियों ने कहा, क्या सिगरेट विदेश से लाना भी तस्करी होती है। हमें तो इस नियम के बारे में जानकारी ही नहीं है।

# प्रथम चरण की आठ लोकसभा सीट के लिए 201 नामांकन : रिणवा

समृद्धि न्यूज।

- अंतिम दिन 155 नामांकन दाखिल
- 28 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच और 19 अप्रैल को होगा मतदान



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के प्रथम चरण में प्रदेश की 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए प्रत्याशियों के नामांकन हेतु 20 मार्च को अधिसूचना जारी हुई थी। प्रथम चरण के लिए अब तक 201 नामांकन दाखिल किया गया। नामांकन के अंतिम दिन आज 155 नामांकन दाखिल हुआ। इसके पहले 46 नामांकन हुआ था।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रथम चरण में प्रदेश की 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए विभिन्न राजनैतिक दलों की ओर से 201 नामांकन दाखिल किया गया।

इसमें सहारनपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 19 नामांकन हुआ, जिसमें आज 13 नामांकन किया गया। इसमें राष्ट्रीय जन कर्मठ पार्टी के केशोराम, भारतीय जनता पार्टी के राघव लखनपाल, बहुजन मुक्ति पार्टी के राजकुमार, अखिल भारतीय परिवार पार्टी के मो इनाम तथा निर्दलीय प्रत्याशियों में शहबाज, भूपेन्द्र सिंह, संजय, तसमीन बानो एवं कमरान हैं। कैराना लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 25 नामांकन हुआ, जिसमें आज 17 नामांकन हुआ। इसमें शोसल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इण्डिया के जाहिद, भारतीय जनता पार्टी के प्रदीप कुमार, शोसल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इण्डिया के इसरार, आपकी अपनी पार्टी पीपल्स के नन्द किशोर, पीस पार्टी के मो ताहिर, न्याय धर्म सभा के निशांत तथा निर्दलीय प्रत्याशियों में योगेश, विकास कुमार, शोकिंदर कुमार, विक्रम सिंह हैं। मुजफ्फरनगर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 45 नामांकन किया गया, जिसमें आज 38 नामांकन हुआ। इसमें विशाल जनता पार्टी से बीरबल सिंह, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से नरेन्द्र कुमार, भारतीय बहुजन समता पार्टी से सतीश, पब्लिक पोलटिकल पार्टी से आस मौहम्मद, मजदूर किसान यूनियन पार्टी से आदिल, मजलूम समाज पार्टी से लियाकत, ऋषिवादी कर्मशील यंग परमार्थी पार्टी से हंस कुमार, जन अधिकार पार्टी से शेरखान, समाजवादी पार्टी से पंकज कुमार मलिक तथा निर्दलीय प्रत्याशियों में पायल मलिक, निर्मल प्रताप सिंह, शमीम अहमद, इमरान अली, मनुज वर्मा, सुशील, अंकित, रणधावा, रेशू शर्मा, सतीश कुमार, चन्द्रवीर, सुनील त्यागी, शशीकांत समार, अंकुर, मनोज सैनी, सैयद नुसरत अब्बास, मानवेन्द्र हैं। बिजनौर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 27 नामांकन किया गया, जिसमें से 23 आज नामांकन हुआ। इसमें से राष्ट्रीय लोकदल से चन्दन चौहान ने दो प्रतियों में नामांकन भरा, राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी सत्या ललित, समाजवादी पार्टी से दीपक ने दो प्रतियों में नामांकन भरा, भारतीय समाजवादी पार्टी लोकतांत्रिक से साजिद अहमद, सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी सुभाष पार्टी से अर्चना चौधरी, जनसत्ता पार्टी से जहीर, निर्दलीय प्रत्याशियों में मो अली, हरजीत, मो शहजाद, अमित गोयल, कमेन्द्र सिंह, दीपक कुमार, धर्मपाल, पिंकी, सुरेन्द्र कुमार, चन्दन सिंह, नसीम कुरैशी, मो जाहिद, अब्दुल बारी हैं। नगीना अजा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 18 नामांकन किया गया, इसमें से 12 आज नामांकन हुआ। इसमें भारतीय जनता पार्टी से ओम कुमार, अति पिछड़ा वर्ग संगठन से घासीराम, न्याय धर्म सभा से जितेन्द्र कुमार, सुभाषवादी पार्टी से सत्यवीर सिंह, निर्दलीय प्रत्याशियों में जोगेन्द्र, संजीव कुमार, राधेश्याम हैं।

मुरादाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 19 नामांकन किया गया, इसमें से 18 नामांकन आज हुआ। इसमें शोसलिस्ट यूनिटी सेन्टर ऑफ इण्डिया कम्युनिष्ट से हरकिशोर सिंह, राष्ट्रीय कांग्रेस जे पार्टी से गंगाराम शर्मा, वैदिक सपा से संदीप त्रिवेदी, भारतयुग जनता पार्टी से प्रदीप कुमार यादव, समता पार्टी से शकील अहमद, एआईएमआईएम से वाकी रशीद, अपना हक पार्टी से अजय यादव, निर्दलीय प्रत्याशियों में मो जमशेद, अमरजीत सिंह, मुशररत हुसैन, शीशपाल, सरताज आलम हैं।रामपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 23 नामांकन किया गया, जिसमें से 18 नामांकन आज हुआ। इसमें भारतीय जनता पार्टी से घनश्याम सिंह लोधी, बहुजन समाज पार्टी से जीशान खां, मायनॉरिटीज डेमोक्रेटिक पार्टी से अरशद वारसी, समाजवादी पार्टी से मोहिब्बुल्लाह, समाजवादी पार्टी से मो आसिम रजा, आजाद अधिकार सेना से मोईन खां, भारत जोड़ो पार्टी रियासत अली, ऑल इण्डिया फॉरवर्ड ब्लॉक से चन्द्रपाल सिंह, निर्दलीय प्रत्याशियों में प्रदीप कुमार गौतम, गिरवर सिंह, महमूद प्राचा, फैज मो खां, अब्दुल सलाम हैं।पीलीभीत लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 25 नामांकन किया गया, जिसमें से 16 नामांकन आज हुआ। इसमें भारतीय जनता पार्टी से जितिन प्रसाद, युवा जनक्रान्ति पार्टी से बलवान सिंह, सरदार पटेल सिद्धान्त पार्टी से प्रमोद कुमार पटेल, भारत जोड़ो पार्टी से इब्राहिम, निर्दलीय प्रत्याशियों में सुशील कुमार शुक्ला, विचिन पाल, आशीष कुमार, मो शाहिद हुसैन, सवील हसन, मुनेश सिंह एवं सतेन्द्र कुमार मौर्य हैं।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रथम चरण के 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए नामांकन भरने की अंतिम तिथि 27 मार्च थी। 28 मार्च, को नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जायेगी। प्रत्याशियों द्वारा 30 मार्च तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। प्रथम चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा।

### पोस्टल बैलेट से मतदान कर सकेंगे आवश्यक सेवाओं में लगे कार्मिक

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के परिप्रेक्ष्य में 12 सेवाओं यथा-सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग आकस्मिक एवं एम्बुलेंस सेवा डाक विभाग, ट्रैफिक पुलिस, रेलवे, विद्युत विभाग, नागरिक उड्डयन विभाग, मेट्रो रेल कारपोरेशन, दूरदर्शन, ऑल इण्डिया रेडियो, भारत संचार निगम लिमिटेड के ऐसे कार्मिक जो मतदान दिवस से सम्बन्धित ड्यूटी पर एवं मतदान दिवस की कवरेज हेतु आयोग द्वारा प्राधिकृत मीडिया प्रतिनिधि को पोस्टल बैलेट से मतदान की सुविधा दी गयी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इन 12 सेवाओं के कार्मिक मतदान दिवस के दिन ड्यूटी पर होने के कारण पोलिंग स्टेशन पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर मतदान करने की स्थिति में न हों, उनके द्वारा फार्म-12डी भरकर और अपने विभाग के नामित नोडल अधिकारी से सत्यापित कराकर सम्बन्धित चरण,निर्वाचन क्षेत्र की अधिसूचना जारी होने के 05 दिन के अंदर रिटर्निंग आफिसर के पास जमा किया जाएगा।

### सपा ने 18 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की

## अखिलेश-शिवपाल के साथ ही प्रोफेसर रामगोपाल यादव भी करेंगे प्रचार



समृद्धि न्यूज।

**लखनऊ।** सपा ने लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। पार्टी ने इस सूची में 18 नेताओं को शामिल किया है। समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण के लिए 18 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। पार्टी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, महासचिव शिवपाल सिंह यादव सहित प्रोफेसर राम गोपाल यादव को भी स्टार प्रचारक बनाया है। इस सूची में डिंपल यादव, जया बच्चन, शाहिद मंजूर और महबूब अली को भी शामिल किया गया है। पहले चरण में यूपी की आठ सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होगा।

### रामपुर में आसिम का पर्चा खारिज, मुहिबुल्लाह नदवी सपा प्रत्याशी

रामपुर संसदीय सीट के लिए आजम खां के करीबी आसिम रजा का नामांकन खारिज हो गया है। रामपुर में आसिम राजा समेत दर्जन भर दावेदारों के नामांकन पत्र खारिज किये गए हैं। रिटर्निंग ऑफिस ने मोहिबुल्लाह नदवी को ही सपा का अधिकृत प्रत्याशी माना है।पूर्व अध्यक्ष अब्दुल सलाम और चंद्रपाल का पर्चा भी रद्द हुए हैं। भाजपा,सपा और बसपा समेत 6 के नामांकन पत्र सही पाए गए हैं।जिला निर्वाचन अधिकारी ने नामांकन पत्रों की जांच के उपरांत निर्णय दिया है।

## होली के बाद शहर का कूड़ा प्रबंधन बिगड़ा

### कर्मचारियों के छुट्टी के चलते सड़क से लेकर घर तक नहीं उठ रहा कूड़ा

समृद्धि न्यूज।



लखनऊ। होली की छुट्ट्टी समाप्त हो गई लेकिन अभी तक कर्मचारी काम पर वापस नहीं लौटें है। इसकी वजह से शहर का कूड़ा प्रबंधन बेपटरी पर आ गया है। शहा के कई इलाकों में कूड़ा नहीं उठ रहा है। इसकी वजह से बीमारी फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। कॉलोनी और मोहल्लों में मच्छरों की संख्या बढ़ गई है। शहर के कई वार्ड में कूड़ा नहीं उठ रहा है। स्थिति यह है कि कुछ जगहों पर टीम आती भी है तो कूड़ा वार्ड में ही डंप कर दिया जा रहा है। पार्षदों का कहना है कि शिकायत के बाद भी उनके यहां कोई कार्रवाई नहीं होती है। शहरों में स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए गीला व सूखा कूड़ा अलग अलग उठान की व्यवस्था की गई थी। इसके लिए बाकायदा अलग अलग कंपाउंड की गाड़ियां हैं।शान के आदेश के बाद भी कूड़ा उठाने में लापरवाही हो रही है। ईस्माइल गंज वार्ड द्वितीय में इन दिनों में गाड़ियों से कूड़ा खुले में डंप किया जा रहा है। शहर की स्व। कॉलोनी कानपुर रोड,आशियाना, शारदा नगर, मानसरोवर, ट्रांसपोर्ट नगर, सरोजनी नगर सहित दर्जनों इलाकों में कूड़ा नहीं उठने की शिकायत मिल रही है। इन इलाकों में सबसे खराब स्थिति है। कानपुर रोड एलडीए कालोनी, साउथ सिटी, राजाजीपुरम, जानकीपुरम, विकास नगर, अलीगंज, त्रिवेणीनगर, आलमबाग क्षेत्र व पुराने लखनऊ की स्थिति सबसे खराब है। यहां पर नियमित ईको ग्रीन की गाड़ी पहुंची ही नहीं है। स्थानीय निवासियों ने नगर निगम के अधिकारियों को कई बार फोन भी करते है लेकिन मदद नहीं मिलती है। यहां तक की अब पार्षदों की भी कोई सुनवाई नहीं बची है। आम दिनों में करीब 1500 मीट्रिक टन कूड़ा शिवरी प्लांट पहुंचता है। जहां इसके निस्तारण की मशीनें लगी है। लेकिन अभी भी इसमें नगर निगम की डोर टू डोर टीम 700 मीट्रिक टन से ज्यादा कूड़ा नहीं उठा पाती है। लखनऊ में विकास नगर सेक्टर चार, जानकीपुरम समेत कई डंपिंग जोन पर पूरे दिन कूड़ा गिरते रहता है, जबकि दोपहर 12 बजे के बाद कूड़ा डंपिंग जोन पर नहीं आना चाहिए।

## मलिहाबाद में नाबालिग को अगवा करने के बाद दुष्कर्म



- विरोध करने पर शरीर को नाखूनों से नोंचा, घर से 200 मीटर दूर वारदात को दिया अंजाम

समृद्धि न्यूज।

**लखनऊ।** यूपी की राजधानी लखनऊ के एक गावं से नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। यहां घर में सो रही नाबालिग को घर से अगवा करने के बाद युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने खून से लथपथ बेसुध अवस्था में मिली छात्रा को सीएचसी पहुंचाया। यहां से हालत गंभीर देख लखनऊ रेफर कर दिया गया। पुलिस ने पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान की 11 वर्षीय पुत्री मंगलवार रात पिता के साथ अलग अलग चारपाई पर घर में सो रही थी। मां मायके गयी हुई थी। भाई होली मिलने गया हुआ था। पड़ोसी आरोपी धर्मेंद्र कुमार बीती देर रात घर में सो रही पांचवी की छात्रा को घर से करीब 200 मीटर दूरी पर पुलिया के पास खेतों में उठा ले गया। जहां उसके साथ घिनौना कृत्य किया। दरिंदे ने दुष्कर्म करने के बाद गले को नाखूनों से नोच डाला। दरिंदे ने छात्रा को बेसुध अवस्था में छोड़कर मौके से फरार हो गया। कुछ देर बाद अचानक पिता की जब आंख खुली तो देखा की बेटी चारपाई पर नहीं है। इधर-उधर बेटी की तलाश करने लगा। शोर की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए और वह भी बेटी की तलाश करने लगे, तभी देखा कि कुछ दूरी पर खेत में बच्ची खून से लथपथ बेसुध अवस्था में पड़ी थी, जिसे देख सबके होश उड़ गए। घटना की जानकारी होते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्रा को इलाज के लिए मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने छात्रा को लोकबंधु अस्पताल लखनऊ रेफर कर दिया। इस सम्बन्ध में एसओ रहीमाबाद अनुभव सिंह ने बताया कि पड़िता के पिता की तहरीर पर पॉक्सो एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर छात्रा का मेडिकल कराने के साथ उसका 164 का बयान कराया जा रहा है।

**सलाह** — विद्युत वितरण संहिता- 2005 की धारा 7.7.2 (डी) में व्यवस्था प्रावधानित

# दो चक्र बिजली बिल न मिलने पर पांच सौ रुपये मुआवजा मांगे उपभोक्ता

समृद्धि न्यूज।

**लखनऊ।** बिजली कनेक्शन लेने के बाद दो बिलिंग चक्र तक बिजली बिल यदि नहीं मिलता है तो बिजली उपभोक्ता प्रत्येक बिलिंग चक्र के हिसाब से पांच सौ रुपये मुआवजा की मांग कर सकता है। यह विद्युत वितरण संहिता- 2005 की धारा 7.7.2 (डी) में यह व्यवस्था प्रावधानित है। इसके लिए उपभोक्ताओं को क्षेत्रीय विद्युत कार्यालय में शिकायत दर्ज कराकर मुआवजे की मांग करनी होगी। यह मशविरा राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने उप्र के विद्युत उपभोक्ताओं को दिया है।

उपभोक्ता परिषद के संज्ञान में राजधानी लखनऊ में सामने आए 46 किलोवाट के एक विद्युत उपभोक्ता का मामला सामने आया, जिसमें उपभोक्ता को एक साल तक बिजली का बिल नहीं दिया गया। इसको लेकर उपभोक्ता परिषद ने बिजली उपभोक्ताओं को कानून के तहत मुआवजा मांगे जाने की सलाह दी। उपभोक्ता परिषद ने कहा कि प्रदेश में इस तरह की लापरवाही देखने को मिल रही है, जिसके प्रति उपभोक्ताओं को जागरूक होना होगा। उपभोक्ता परिषद ने कहा कि उपभोक्ता बिजली दफ्तरों के चक्कर काटते रहते हैं, ऐसे में सभी मामलों में प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को उपभोक्ता परिषद जागरूक करना चाहता है कि विद्युत वितरण संहिता- 2005 की धारा



7.7.2 (डी) में यह व्यवस्था प्रावधानित है। यदि किसी भी विद्युत उपभोक्ता को बिजली कनेक्शन प्रदान करने की तारीख से दो बिलिंग चक्र के अंतर्गत प्रथम बिल निर्गत नहीं किया जाता तो विलंब के प्रत्येक बिल चक्र के लिए उपभोक्ता को रुपया 500 का मुआवजा देना पड़ेगा।

इसके साथ ही ऐसे मामलों की त्रय मासिक रिपोर्ट भी विद्युत नियामक आयोग को बिजली कंपनियों को सौंपना होगा। ऐसे में वर्तमान में बिलिंग चक्र एक महीने का है। इसलिए प्रदेश में ऐसे सभी विद्युत उपभोक्ता जिनके साथ बिजली कंपनियां इस प्रकार का बर्ताव कर रही है तो सभी विद्युत उपभोक्ता बिजली का संयोजन लेने के उपरांत यदि उन्हें दो महीने तक प्रथम बिल निर्गत नहीं किया जाता तो उसके पश्चात वह विलंब के लिए रुपया 500 प्रति बिल चक्र का मुआवजा अपने क्षेत्रीय दफ्तर में शिकायत कर मांगे।

उत्तर प्रदेश राज विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि उपभोक्ता परिषद प्रदेश के अपने सभी विद्युत उपभोक्ताओं को जागरुक करते हुए उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग रहकर इस प्रकार के मामले में बिजली कंपनियों के सामने अपनी बात रखते हुए मुआवजा मांगना चाहिए। उन्हें अगर कहीं भी कोई कठिनाई होती है तो वह उपभोक्ता परिषद के संज्ञान में भी पूरा मामला ला सकते हैं, जहां एक तरफ बिजली कंपनियां राजस्व बढाने के लिए सघन मॉनिटरिंग कर रही है। इसके बावजूद भी इस प्रकार की कार्रवाई से ऐसा प्रतीत होता है कि केवल औपचारिकता निभाने के लिए सदन मॉनिटरिंग की जा रही है। इस पर बिजली कंपनियों को गंभीरता से विचार करना चाहिए कि जो भी प्रावधानित व्यवस्था है।

# मतदान प्रतिशत में इज़ाफे के लिए जारी है भागीरथ प्रयास

▸ मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर डीएम आमजन से कर रहीं हैं मतदान की अपील

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मतदान में शत-प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित कराने तथा भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में अवस्थित मतदान केन्द्रों पर सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के मद्देनज़र जिलाधिकारी मोनिका रानी निरन्तर भ्रमणशील रहकर मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने के साथ-साथ ग्रामवासियों से रूबरू होकर विगत निर्वाचन में कम मतदान प्रतिशत के कारणों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रही हैं।

इसी कड़ी में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने तहसील नानपारा अन्तर्गत मतदान केन्द्र उच्च प्राथमिक विद्यालय हाड़ाबसेहरी व नानपारा खास का निरीक्षण कर मतदान केन्द्रों पर सामान्य सूचनाओं एवं टोल फ्री नम्बर 1950 का अंकन, विद्युत कनेक्शन, लाईट व पंखों की उपलब्धता, मतदेय स्थल पर शौचालय, जलापूर्ति की स्थिति, मतदेय स्थल पर शुद्ध पेयजल, स्थापित हैण्डपम्प की क्रियाशीलता, मतदेय स्थल/विद्यालय की साफ-सफाई, रैम्प, मतदान केन्द्र पर नेटवर्क की उपलब्धता, कन्ट्रोल रूम का नम्बर, फोटोयुक्त मतदाता पहचान-पत्र वितरण, रूट चार्ट तथा कम्यूनिकेशन प्लान में दर्ज मोबाइल नम्बरों का सत्यापन भी किया। डीएम ने उप जिलाधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिया कि कम मतदान के कारकों का तत्काल समाधान कराते हुए मतदान केन्द्रों पर आयोग की मंशानुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। डीएम ने कोटेदार, रसोईयां, रोजगार सेवक, अध्यापक, सचिव, लेखपाल, आंगनबाड़ी, आशा से वार्ता करते हुए निर्देश दिया कि ग्रामवासियों को मतदान के लिए प्रेरित करें। मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान डीएम ने मौजूद लोगों को मतदाता शपथ दिलाते हुए आहवान किया कि मतदान के दिन निर्भय होकर लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। डीएम ने लोगों से अपील की कि यदि कोई व्यक्ति शराब, रिश्वत या ज़ोर ज़बरदस्ती करके किसी के पक्ष में अथवा विरोध में वोट डालने का प्रयास करता है तो इसकी शिकायत जिम्मेदार अधिकारियों से अवश्य करें। डीएम ने लोगों से कहा कि मतदान दिवस के दिन परिवार के बुजुर्ग इस बात का प्रयास करे कि परिवार के सभी सदस्य वोट देने जायें, यदि परिवार में कोई ऐसा सदस्य है जो कि शारीरिक रूप से कमज़ोर है तो परिवार के लोगों को चाहिए कि मतदान के लिए जाते समय उनको भी अपने साथ ले जायें। डीएम मोनिका रानी ने तहसील प्रशासन को निर्देश दिया की शत-प्रतिशत मतदाताओं को ईपिक उपलब्ध कराये जाने हेतु मतदाता पहचान पत्र वितरण कार्य की डाकियावार समीक्षा की जाय। समीक्षा में यदि डाकिया की शिथिलता पायी जाती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध सक्षम अधिकारी को पत्र प्रेषित करें।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी नानपारा अश्वनी पाण्डेय, तहसीलदार अजय यादव, खण्ड विकास अधिकारी बलहा संदीप त्रिपाठी, खण्ड शिक्षा अधिकारी बलहा विभा सचान सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# एक्सपोजर विजिट के लिए रवाना हुए बच्चे

▸ राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत ब्लाक स्तरीय एक्सपोजर विजिट को खंड शिक्षा अधिकारी ने किया रवाना

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**




जिले के उच्च प्राथमिक विद्यालयों के छह दर्जन से अधिक छात्र एक्सपोजर विजिट के लिए आंचलिक विज्ञान केंद्र अलीपुर रवाना हुये।

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत शुक्रवार को ब्लाक स्तरीय एक्सपोजर विजिट को खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र नाथ द्विवेदी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। खंड शिक्षा अधिकारी वीरेन्द्र नाथ द्विवेदी ने बताया कि शिक्षा क्षेत्र के 9 न्याय पंचायतों से उच्च माध्यमिक विद्यालयों के 100 बच्चों का विजिट टूर पर दो बसों से आंचलिक विज्ञान केंद्र अलीपुर भेजा जा रहा है। बच्चों के साथ एआरपी सुनील कुमार तिवारी, दिलीप कुमार तिवारी शिक्षक अजय श्रीवास्तव, नवल कुमार पाठक,सर्वेश कुमार व शिक्षिका पारूल शुक्ला, गीता शुक्ला को बच्चों के देखरेख के लिए भेजा गया है। द्विवेदी ने कहा कि टूर से बच्चों के मानसिक विकास के साथ ही उनकी बौद्धिक क्षमता में वृद्धि होती है। विजिट टूर रवानगी के दौरान बच्चे उत्साह से लबरेज दिखे।

# खुल गये गैर मान्यता प्राप्त स्कूल बच्चों के भविष्य से हो रहा खिलवाड़

**रुपईडीह /गोंडा समृद्धि न्यूज़**




नया शिक्षा सत्र शुरू होते ही क्षेत्र में गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों की संख्या बढ़ती जा रही है। जिससे क्षेत्र के भोले भाले अभिभावक बच्चों के उज्जवल भविष्य बनाने के चलते निजी विद्यालय संचालकों के चंगुल में फस जाते हैं।

जिससे अभिभावकों का आर्थिक शोषण होता है। शिक्षा क्षेत्र रुपईडीह के ग्राम पंचायत कमडावा में संचालित सत्य साईं इंटर कॉलेज की मान्यता कक्षा 5 तक है। परंतु विद्यालय इंटर तक चलाया जा रहा है। जिसके चलते अभिभावकों से फीस के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत बलहीजोत में संचालित जामिया हमजा उर्दू स्कूल की मान्यता कक्षा 5 तक है और विद्यालय कक्षा 8 तक हिंदी, उर्दू, अंग्रेजी माध्यम से संचालित किया जा रहा है। यही नहीं बच्चों को अप्रशिक्षित तीन शिक्षकों द्वारा पढ़ने का कार्य किया जा रहा है। कई भाषाओं के माध्यम से बच्चों को पढ़ाने के नाम पर अभिभावकों से अधिक फीस के वसूली जा रही है। जिसकी शिकायत स्थानीय समाजसेवियों एवं अभिभावकों ने खण्ड शिक्षाधिकारी से लेकर जनपद के उच्चाधिकारियों से कई बार की। परंतु अधिकारियों द्वारा विद्यालय संचालकों को नोटिस देकर अपने कार्यो की इत्रि श्री कर लेते हैं। जिससे विद्यालय संचालकों के हौसले बुलंद है। देखना यह है कि गैर मानता प्राप्त विद्यालय क्षेत्र में चल पाते हैं या नहीं यह बात अभी भविष्य के गर्त में छुपी हुई है।

**केवल नोटिस तक सीमित विभाग की कार्रवाई**

मंगलनगर में संचालित गैर मान्यता पर विद्यालय का निरीक्षण पूर्व में खंडशिक्षा अधिकारी ने जांच करते हुए स्कूल बंद करने का निर्देश दिया परंतु अधिकारियों के आदेश के बाद भी विद्यालय चल रहा है। और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के आदेशों का कोई मायने नहीं रखते निजी विद्यालय के संचालक। इस संबंध में नवागत खंड शिक्षाधिकारी मनीष कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र में चल रहे गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों की जानकारी हमें नहीं है। शीघ्र ही निरीक्षण कर गैर मान्यता के संचालित विद्यालयों को बंद कराया जाएगा।

# आरटीआई कार्यकर्ता की रिपोर्ट लिखने के बजाय दिन भर टहलाती रही परसपुर थाने की पुलिस

**परसपुर/ गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़**



बेटे के साथ हुई मारपीट की रिपोर्ट लिखवाने थाने पर गए एक आरटीआई एक्टिविस्ट को पुलिस दिन भर टहलाती रही। इसको लेकर कई सामाजिक संगठनों में जबरदस्त आक्रोश है। मामले की शिकायत चुनाव आयोग और जिले के पुलिस अधीक्षक से की गई है।

ग्राम मलांव के पूरे हठ्ठी सिंह निवासी सामाजिक कार्यकर्ता आरटीआई एक्टिविस्ट देवनारायण सिंह ने बताया कि उनका पुत्र अक्षय प्रताप सिंह सत्ताइस मार्च बुधवार को आवश्यक कार्य से घर से परसपुर बाजार जा रहा था। तभी रंजिशन तीन लोगों ने घर से तकरीबन एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित नहर पुलिया के पास रास्ते में उसके बेटे को लाठी डंडों से पीटा गया। जिससे उसे काफी चोटें आईं हैं। इसके पूर्व होली के दिन भी बेटे के साथ मारपीट की है। मामले की लिखित तहरीर परसपुर थाने पर दी गई लेकिन इंस्पेक्टर प्रदीप शुक्ला ने उन्हें कल आने की बात कहते हुए टरका दिया। डीएन सिंह का कहना है कि इंस्पेक्टर ने रिपोर्ट लिखने के बजाय दिन भर उनको थाने में टहलाते रहे। बता दें कि एक तरफ सूबे की योगी आदित्यनाथ सरकार यह मंशा जताते हुए पुलिस विभाग के आला अधिकारियों/थाना व चौकी प्रभारियों को फरमान जारी कर रही है कि थाने,चौकी पर आए पीड़ितों की व्यथा पुलिस सुने और उसे न्याय मिले। लेकिन परसपुर पुलिस पीड़ितों के साथ कम दबंगों के साथ ज्यादा खड़ी दिखाई देती है।

यहां पुलिस कानून को अपने घर का खेती समझ रही है। जिससे पीड़ितों की दुश्वारियां बढ़ गई है। क्षेत्र के नीरज सिंह (पत्रकार ) सहित कई संगठनों व प्रबुद्ध जनों ने इंस्पेक्टर के इस कृत्य की निंदा करते हुए जिले के कप्तान विनीत जायसवाल से मामले में त्वरित कार्रवाई कराए जाने की मांग की है।

# हिमाचल प्रदेश में की चोरी, रूपईडीहा में पकड़े गए चोर

▸ एसएसबी ने 39 स्मार्ट फोन, स्मार्ट वाच और टैब किया बरामद

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले में दुकान से चोरी कर नेपाल जाते समय चोरों को पकड़ लिया गया। इस आपरेशन में एसएसबी के साथ रूपईडीहा पुलिस भी शामिल रही। सभी को समान के साथ हिमाचल संस्करण की पुलिस साथ लेकर चली गई है।

हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले राजगढ़ बाजार में अरविंद इलेक्ट्रानिक की दुकान का संचालन होता है। दुकान के शटर का ताला तोड़कर चोरों ने 23 मार्च को चोरी की। जिसमें 39 स्मार्ट फोन, एक स्मार्ट वाच और एक टैब शामिल है। एसएसबी के कमांडेंट पार्थ सारथी राय ने बताया कि सभी चोर समान लेकर नेपाल भागने की फिराक में रूपईडीहा सीमा पर प्रवेश करने वाले थे। इसकी जानकारी हिमाचल प्रदेश पुलिस की ओर से दी गई। साथ ही भारत नेपाल सीमा पर हिमाचल प्रदेश की पुलिस भी आ गई। बुधवार शाम को रूपईडीहा सीमा चौकी के एसएसबी जवानों ने बॉर्डर पर हिमाचल प्रदेश की पुलिस के साथ जांच के दौरान चार चोरों को पकड़ लिया। सभी के पास से चोरी का सामान भी बरामद हुआ। कमांडेंट ने बताया कि रूपईडीहा थाने में लिखापढ़ी के बाद सभी चोरों को समान के साथ हिमाचल प्रदेश की पुलिस अपने साथ लेकर चली गई है। उन्होंने बताया कि सभी चोर नेपाल राष्ट्र के निवासी हैं।

# सर्राफा लूट कांड में पुलिस के हाथ खाली, व्यापारियों में आक्रोश

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**




कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र नगर में बीच बाजार सर्राफा व्यवसायी से हुई लूट के 24 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ रहे खाली जिसको लेकर व्यापारी व लोगों में आक्रोश जिले में आपराधिक घटनाएं चरम पर हैं लगातार लूट,चोरी,छिनैती व हत्या जैसी घटनाओं से गोण्डा थर्राया हुआ है। कर्नलगंज कस्बा में बीते चार मार्च को असलेहे के नोक पर बदमाशों ने सर्राफा व्यवसाई से लाखों की लूट की लूट का खुलासा करने में नाकाम रहने पर कर्नलगंज कोतवाली के कोतवाल हेमंत कुमार गौड़ को निलंबित कर दिया गया था। वही अब इस लूट कांड का खुलासा नवागत कोतवाल निर्भय सिंह के लिए चुनौती बन गया है। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने सराफा के लूट कांड के खुलासे के लिए पांच टीमों का गठन किया था। लेकिन टीमों ने अभी तक बदमाशों का पता नहीं लगा सकी है।वही जानकारी के अनुसार मामले में तत्कालीन कोतवाल के निलंबन और जिम्मेदार कस्बा इंचार्ज पर मेहरबानी से भी सवाल उठ रहे हैं।जिससे कि गोण्डा पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़ा होने लगा है।इधर घटनाओं को लेकर गोण्डा पुलिस व उच्चाधिकारियों का एक ही रटारटाया जवाब है कि जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा वही गोण्डा पुलिस सुस्त पड़ी है तो अपराधी मस्त होकर खुलेआम आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।ऐसे में जिस तरह से आपराधिक घटनाओं में वृद्धि हो रही है।गोण्डा पुलिस पर सवाल उठना लाजिमी है बता दें कि जिले में अपराध पांव पसारता जा रहा है आए दिन अपराधी बिना किसी खौफ के आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं जबकि सीएम योगी का सख्त आदेश हैं कि अपराध नियंत्रण में किसी प्रकार की कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी बावजूद जिम्मेदार सीएम के आदेश को पलीता लगाते नजर आ रहे हैं।

**24 दिन बाद भी पुलिस के हाथ रहे खाली**

ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि आखिर पुलिस कैसे अपराधियों पर नकेल कसेगी नवागत कोतवाल निर्भय सिंह के लिए चर्चित लूट कांड गंभीर अपराध बेखौफ चोरों द्वारा घरों में घुसकर चोरी,बाइक चोरी, छिनेती सहित कर्नलगंज कोतवाली में विभिन्न स्थानों पर रेलवे की आड़ में बड़े पैमाने पर हो रहे अवैध मिट्टी खनन व परिवहन पर अंकुश लगाना चुनौती साबित हो रहा है। पुलिस ने अपराध और अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए इस तरह की योजना बनाई कि मानव अपराधियों को जड़ से उखाड़ फेंकेगी लेकिन खाकी की सारी तैयारी हवा हवाई साबित हो रही है। वही पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए बदमाशों को खोज निकालने और घटना का शीघ्र खुलासा करने के लिए चेतावनी भी दी जा चुकी है और इस मामले के खुलासे को एसओजी समेत पुलिस की पांच टीमें लगाई गई है फिर भी इसके बावजूद अब तक घटना के 24 दिन बीतने के बाद भी गोंडा पुलिस के हाथ खाली हैं। सीसीटीवी फुटेज खगांलने के बाद भी किसी निष्कर्ष पर गोंडा पुलिस नहीं पहुंच सकी है। वही करनैलगंज कस्बे में भीड़भाड़ वाले इलाके में ऐसी वारदात का होना पुलिस की सक्रियता पर भी सवालिया निशान खड़ा हो रहा है।

# प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक कर्मी ने ग्राहक को भगाने की दी धमकी

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** जनपद में प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंकों की हालत सुधरने के बजाय दिन-ब दिन खस्ता होती जा रही है। ऐसे ही बृहस्पतिवार को लेनदेन करने के लिए पहुंचे एक बैंक ग्राहक ने प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक कर्मचारी पर भद्दगी करते हुए कैश मांगने पर बैंक से भगाने की नसीहत तक दे डाली। और कहा कि अपना खाता ट्रांसफर करवा लो यहां पर कैश नहीं है, ज्यादा बात करोगे तो जेल भिजवा दूंगा। अब प्रश्न यह उठता है कि सरकार आम जनमानस की व्यवस्था के लिए लेनदेन सुचारू रूप से चलाने को लेकर शहर से ग्रामीण अंचलों तक बैंकिंग व्यवस्था को स्थापित करवाने में लगी है।तो वही दूसरी तरफ व्यवस्था के नाम पर तैनात किए गए विभागीय कर्मचारी ही व्यवस्था की धज्जियां उड़ाते नजर आ रहे हैं।

# बिना बैरियर और कर्मचारियों के भवन हो रहा जर्जर

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



सुजौली रेंज के निकट कार्यालय का संचालन होता है लेकिन यहां पर ना कर्मचारी और न ही बैरियर है। ऐसे में भवन पूरी तरह से निष्प्रयोज्य होता जा रहा है। कतर्निया घाट वन्य जीव प्रभाग के सुजौली रेंज में सेंट्रल स्टेट फार्म ;बगुलहिया फॅार्मद्ध स्थित है। फार्म के बीच से सड़क मार्ग निकली हुई है। सड़क मार्ग से आने जाने वाले लोगों की जांच और तलाशी के लिए एक भवन बनाया गया है। लेकिन यह भवन पूरी तरह से बंद है। भवन में कोई भी कर्मचारी नहीं रहता है। जिसके चलते जंगल में स्थित भवन देखरेख के अभाव में खराब हो रहा है। सरकार का लाखों रुपए भी बेकार हो गया। जबकि इस भवन के निकट रेंज कार्यालय स्थित है। लेकिन तब भी जांच के लिए रुकिए भवन में न ही कर्मचारी हैं और न ही बैरियर लगाए गया है। ऐसे में जांच कैसे होगीए यह सवाल आम आदमी के मन में उठ रहा है। इस मामले में वन क्षेत्राधिकारी रोहित कुमार यादव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि कुछ दूरी पर दूसरा बैरियर संचालित है। उसी पर जांच की जाती है।

# दो करोड़ की चरस के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

▸ महिला तस्कर की पहचान सयपुरा बुधा पुत्री मन बहादुर बुधा निवासी वार्ड न 9 कोल जिला रुकुम राष्ट्रा नेपाल के रूप में हुई है

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



भारत नेपाल सीमा पर जांच के दौरान पुलिस और एसएसबी के जवानों ने एक नेपाली महिला को 7.4 किलो चरस के साथ पकड़ा है। उसके विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। एसएसबी के मुताबिक बरामद चरस की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में दो करोड़ रूपये है।पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला और अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी के निर्देशन में भारत नेपाल सीमा पर एसएसबी और पुलिस के जवान आने जाने वाले लोगों की जांच कर रहे थे।

प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि रूपइडीहा चेक पोस्ट पर एसएसबी और पुलिस क जवान चेकिंग लगाए हुए थे। गुरुवार को दोपहर में जांच के दौरान एक महिला नेपाल की ओर से भारत में प्रवेश करने के लिए आए। एसएसबी और पुलिस के महिला जवानों ने जांच की तो महिला के पास से सात किलो 400 ग्राम चरस बरामद हुआ। जिस पर उसे पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। महिला तस्कर की पहचान सयपुरा बुधा पुत्री मन बहादुर बुधा निवासी वार्ड न 9 कोल जिला रुकुम राष्ट्रा नेपाल के रूप में हुई है। उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।जांच टीम में पुलिस टीम के उप निरीक्षक विजय कुमार, हेड कांस्टेबल मुलायम यादव, सिपाही सन्दीप चौहान, महिला सिपाही नेहा सिंह, प्रिया पाण्डेय और एसएसबी के सहायक उप निरीक्षक सन्तोष कुमार विश्वास, मुख्य आरक्षी विक्रम कुमार राय, सुनील कुमार, परमार जयदेव, नरेश नेहरा, महिला जवान रोशनी बेन, प्रीति कौर, निशा यादव, अर्चना कुमारी, सुरेश कुमार और डाग मैंन मय डाग जोशना शामिल रहे। एसएसबी कमांडेंट पार्थ सारथी ने बताया कि बरामद चरस की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में दो करोड रूपए है।

# कड़ी मशक्कत के बाद पिंजड़े में कैद किये गए हमलावर भेड़िए

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

वन रेंज के गांवों में बीते 15 दिनों दो भेड़िया लोगों को निशान बना रहा था। भेड़िया को पकड़ने के लिए 15 दिनों से वन विभाग की टीम लगी थी। उसे पकड़ लिया गया है। स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उसे जंगल में छोड़ने की कवायद चल रही है।बहराइच वन प्रभाग के बहराइच रेंज अंतर्गत आने वाले महसी तहसील के गांवों में बीते पखवारे भर से भेड़िया लोगों पर हमला कर रहा था। 25 मार्च को डेढ़ वर्षीय बालक को हमला कर मार डाला था। इसके अलावा दर्जन भर लोग हमले में घायल हुए थे। भेड़िए को पकड़ने के लिए डीएम मोनिका रानी ने वन विभाग को निर्देश दिए थे। डीएफओ संजीव कुमार ने बताया कि ग्राम पंचायत सिसैया चूड़ामणि के मजरा कोलैला में पिंजड़ा लगाया था। इस पिंजड़ा में रात डेढ़ बजे दो भेड़िया कैद हो गए। इनका स्वास्थ परीक्षण कतर्नियाघाट के पशु चिकित्सक डॉक्टर दीपक वर्मा ने किया। डॉक्टर की रिपोर्ट के अनुसार एक भेड़िया छह वर्ष और एक दो से तीन माह का है। दोनों पूरी तरह स्वस्थ्य है। डीएफओ ने बताया कि उसे जंगल में छोड़ने की कार्यवाई की जा रही है। मालूम हो कि 15 दिन से रेंजर के साथ वन दरोगा अमित वर्मा, दीपक सिंह समेत पांच टीमें निरंतर भेड़िए को पकड़ने में लगी थी।

# तालाब की भूमि से नहीं हटा कब्जा, जिम्मेदार मौन

**कर्नलगंज/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़**




तहसीलदार न्यायालय के बेदखली आदेश और अवैध कब्जेदारों को जारी की गई नोटिस की अवधि बीत जाने के बावजूद तालाब की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा बरकरार है। वहीं जिम्मेदार मौन साधे हुए हैं और अवैध कब्जेदारों पर मेहरबान हैं।

प्रकरण कर्नलगंज तहसील क्षेत्र के ग्राम शीशामऊ से जुड़ा है। यहाँ के निवासी व्यक्ति नंगा ने उच्चाधिकारियों को भेजे गये पत्र में कहा है कि उसके ग्राम स्थित गाटा सं0 712/0.049 हेक्टेयर भूमि तालाब (जलमग्न) के रूप में सरकारी अभिलेखों में दर्ज है। उक्त सरकारी भूमि को गांव के ही राजू व अय्यूब पुत्रगण इद्रीश, सफीक व शब्बीर पुत्रगण सद्दाम ने पाटकर अवैध रूप से कब्जा करके पक्का निर्माण कर लिया है। जिसके संबंध में बीते 13 जनवरी को ही तहसीलदार कर्नलगंज के न्यायालय से बेदखली का आदेश भी पारित है और कब्जेदारों को अवैध कब्जा हटाने का नोटिस भी दिया जा चुका है। नोटिस की अवधि बीत जाने के बावजूद तालाब की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा बरकरार है। इस संबंध में तहसीलदार मनीष कुमार वर्मा का कहना है कि अवैध अतिक्रमण कारियों को कब्जा हटाने के लिए नोटिस दी गई थी लेकिन अभी तक अतिक्रमणकारियों द्वारा स्वयं कब्जा नहीं हटाया गया है। पुलिस बल के सहयोग से राजस्व कर्मियों द्वारा कब्जा हटवाया जाएगा। वहीं एसडीएम भारत भार्गव से जानकारी करने के लिए उनके सीयूजी नंबर पर संपर्क किया गया तो उनका फोन नेटवर्क क्षेत्र से बाहर था।

# गोंडा लोकसभा चुनाव में कौन होगा शेर और कौन होगा ढेर, चर्चाओं का बाजार गर्म

**नरेंद्र लाल गुप्ता गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**



लोकसभा चुनाव की सरगर्मी धीरे-धीरे तेज हो रही है। बाजारो, दुकानों ,चौराहों और गांव की गलियों में लोग चुनावी चर्चा करने लगे हैं। कोई भाजपा की नीतियों से खुश है तो अनेक लोग अन्य दलों की सरकारों का कार्यकाल बेहतर मान रहे हैं। अयोध्या से सटी गोंडा लोकसभा सीट की बात की जाए तो यहां दस साल से जीत की हैट्रिक का इंतजार अब खत्म होगा या फिर उस पर पार्टी की प्रत्याशी ब्रेक लगा पानी में सफल होगी। अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी। फिर हाल देश की आजादी के बाद से अब तक हुए गोण्डा में लोकसभा चुनाव में कभी कभी बीजेपी,कभी सपा जीतती रही हैं साल 1952 के चुनाव में हिंदू महासभा की शकुंतला नायर गोंडा से सांसद चुनी गईं। 1957 के चुनाव में दिनेश प्रताप सिंह ने कांग्रेस के टिकट पर जीत दर्ज की। इसके बाद 1962 में राम रतन गुप्ता कांग्रेस से जीते। साल 1967 में सुचेता कृपलानी ने कांग्रेस के टिकट पर जीत दर्ज की। 1971 के चुनाव में मनकापुर राजघराने के कुंवर आनंद सिंह कांग्रेस से मैदान में उतरे और जीते।

1977 में सत्यदेव सिंह ने जनता पार्टी से जीत दर्ज की। इसके बाद 1980, 1984,1989 में लगातार कांग्रेस के आनंद सिंह जीतते रहे। राममंदिर आंदोलन के बाद से चली लहर में बीजेपी के टिकट पर 1991 में भाजपा के बृजभूषण शरण सिंह ने यहां कमल खिलाया।1996 में उनकी जगह उनकी पत्नी श्रीमती केतकी सिंह बीजेपी के टिकट पर यहां से चुनाव लड़ीं और जीतीं। 1999 में मनकापुर राजघराने के कुंवर आनंद सिंह के पुत्र कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया ने सपा से टिकट हासिल किया और जीत दर्ज की। 2001 में बीजेपी से बृजभूषण सिंह ने सपा के कीर्तिवर्धन सिंह को हरा दिया। 2005 में कीर्तिवर्धन सिंह ने सपा से जीत हासिल की। साल 2009 में बेनी प्रसाद वर्मा कांग्रेस से मैदान में उतरे और जीत दर्ज की। 2014 में मोदी लहर में इस सीट पर भाजपा का कब्जा हो गया। फिर 2019 में भाजपा से ही कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया सासंद रहे और वर्तमान में यहां से भाजपा के सासंद है।अब 2024 में तीसरी बार चुनाव जीतकर कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया चुनाव जीत की हैट्रिक लगाने को बेताब हैं। उनके सामने चुनावी रण में 2009 में कांग्रेस के टिकट पर गोण्डा लोकसभा से सीट जीत कर लोकसभा पहुंचे थे बेनी प्रसाद वर्मा की पोती श्रेया वर्मा को सपा ने अपना प्रत्याशी बनाया है। वही बसपा ने अपना प्रत्याशी तय नहीं किया है।दस साल का इंतजार खत्म होगा या फिर उसे इंतजार पर श्रेया वर्मा ब्रेक लगायेगी इस पर अभी कुछ कह पाना जल्दबाजी होगी।

# राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रिंसिपल पर लगा आरोप

- पीड़ित ने डीएम की चौखट पर पहुँच कर लगाई न्याय की गुहार
- पीड़ित का आरोप प्रिंसिपल द्वारा नही दी जा रही सर्विस बुक व अन्य सामग्री



**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में कार्यरत एक प्रिंसिपल पर संस्थान में कार्यरत फोरमेन के परिजनों को मानसिक रूप से परेशान करने का आरोप लगा है। पीड़ित युवती ने कहा है कि उसे पिता की सर्विस बुक के लिये कई दिनों से दौड़ाया जा रहा है। कुछ भी पूछने पर उससे व उनकी बुजुर्ग मां से प्रिंसिपल अभद्रता करता है। यही नहीं जब समस्या मीडिया को बताया गया तो मौके पर पहुंचे मीडिया कर्मियों से भी प्रिंसिपल ने बदसलूकी की करना शुरू कर दिया। पीड़ित महिला ने शिकायत पत्र जिलाधिकारी हर्षिता माथुर को सौंप कर न्याय की मांग की है।

### कवरेज करने गए मीडिया कर्मियो से भी प्रिंसिपल ने की बदसलूकी

प्रियंका दीक्षित ने अभी बताया कि उनकी माताजी की चिकित्सा प्रतिपूर्ति जो की 1 लाख 14 हजार रुपए है जो 4 साल से बाकी है उसे भी प्रधानाचार्य नहीं दे रहे हैं। साथ ही कई बार बिना किसी कारण के उनके पिताजी का वेतन भी काटा गया है।। इन सब बातों से परेशान होकर वे आज प्रिंसिपल से मिलने पहुंची थी। साथ ही वहां पर उनकी समस्या को सुनने के लिए मीडिया कर्मी भी आए थे। प्रिंसिपल अवधेश कुमार श्रीवास्तव ने मामले की गंभीरता को ना समझते हुए मीडिया कर्मियों व उनसे ही अभद्रता करने लगे। इसके उपरांत वे आज शिकायत पत्र लेकर जिलाधिकारी के पास पहुंची हैं और इस मामले की जांच करके न्याय की उम्मीद जताई है। उन्होंने यह भी बताया कि अगर उन्हें न्याय नहीं मिला तो उनके पिताजी कि भविष्य में आने वाली पेंशन खतरे में पड़ सकती है।

### पिता की सर्विस बुक के लिये कई दिनों से चक्कर काट रही प्रियंका दीक्षित



शहर कोतवाली के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गोरा बाजार में प्रमोशन पा चुके अपने पिता की सर्विस बुक के लिये कई दिनों से प्रियंका दीक्षित चक्कर काट रही हैं। प्रियंका दीक्षित ने आईटीआई के प्रिंसिपल अवधेश कुमार श्रीवास्तव पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। प्रियंका दीक्षित ने बताया कि उनके पिता सुरेश कुमार दीक्षित आईटीआई रायबरेली में फोरमेन के पद पर कार्यरत थे। 7 फरवरी 2024 को उनका प्रमोशन प्रधानाचार्य के पद पर मानिकपुर में हो गया। 12 फरवरी को उन्होंने कार्यभार भी ग्रहण कर लिया। उसके बाद उन्हें आईटीआई के प्रिंसिपल द्वारा सर्विस बुक नहीं भेजी गई। इसके अलावा प्रशिक्षण के लिए लगाए गए वाशिंग मशीन को जबरन अपने घर में प्रिंसिपल ने लगा लिया और उसे भी अभी तक उपलब्ध नहीं कराया गया। इसके अलावा अप्रेंटिस रूम को रात को 9:00 बजे प्रधानाचार्य ने कमरे में चाबी लगा दी और सामान भी गायब करवा दिया। यह सब करने की उनकी मंशा उनके पिताजी की सर्विस को नुकसान पहुंचाना है। क्योंकि इसी 31 मार्च को उनके पिताजी की रिटायरमेंट है।



## अनियंत्रित डम्पर की टक्कर से लोडर चालक की मौत

**लालगंज,रायबरेली।** रायबरेली में देर रात तेज रफ्तार अनियंत्रित डम्पर ने लोडर को टक्कर मार दी। इस हादसे में लोडर चालक की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि डम्पर अनियंत्रित होकर बाउंड्री तोड़ते हुए घर में घुस गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। लोडर में फंसे चालक को किसी तरह बाहर निकाला गया। मामला लालगंज कोतवाली क्षेत्र के लालगंज-गेगासो मार्ग एनएच 232 पर चोरहिया का है। जहां पर डम्पर और लोडर में आमने सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में लखनऊ निवासी लोडर चालक मोहम्मद अली की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर सिंह ने बताया कि दुर्घटना के चलते ट्रक चोरहिया के ही पप्पू गोस्वामी के घर के सहन में जा घुसा। हालांकि उनके घर वालों को किसी तरह की चोट नहीं आई है। लेकिन, मकान क्षतिग्रस्त हुआ है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## गैंगस्टर अधिनियम के वांछित दो अभियुक्त गिरफ्तार

**बछरावां रायबरेली।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्रवाई के अंतर्गत दिनांक 28 मार्च 2024 को थाना बछरावां पुलिस टीम द्वारा थाने पर विभिन्न धाराओं में पंजीकृत अभियोग के अंतर्गत रंजीत कुमार सरोज पुत्र कमला प्रसाद सरोज निवासी खिजीरपुर थाना नवाबगंज जनपद प्रयागराज एवं रवि यादव पुत्र बृजेश यादव निवासी पतुलकी का पुरवा थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़ को अवैध शस्त्र कारतूस के साथ थाना क्षेत्र से नियमानुसार गिरफ्तार किया गयाद्य जिनके विरुद्ध स्थानीय थाने पर विभिन्न धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्तों के पास से 02 अदद तमंचा एवं 02 अदद जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद हुई है अभियुक्तो को गिरफ्तार करने में थाना बछरावां की पुलिस टीम मौजूद रही।

## भागवत कथा में भगवान राम का वनवास एवं राजतिलक की सुनाई गई कथा

**महराजगंज, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



हसनपुर गांव में चल रही भागवत कथा के आठवें दिन कथा वाचक कृष्ण दास महाराज के द्वारा राम वनवास की कथा सुनाई गई वही नौवे दिन भगवान श्री राम के राजतिलक की कथा सुनाई गई कथा को सुनने के लिए क्षेत्र से हजारों की संख्या में भक्तगण पहुंच रहे हैं। यजमान वीरेंद्र द्विवेदी ने बताया कि कथा को सुनने के लिए क्षेत्र से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ आ रही है वहीं आज नौवे दिन भगवान राम के राजतिलक की कथा सुनाई गई एवं 28 तारीख को विशाल भंडारे का आयोजन होना है ।अतः सभी भक्तगणों से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भगवान का प्रसाद ग्रहण कर अपना जीवन धन्य बनाएं इस मौके पर। रामबली संजू देवी रामाअवतार गंगा राम बब्बू राजू सोमेंद्र पटेल एवं समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

## विधायक मनोज पांडेय जल्द थाम सकते है कमल का दामन

- दिल्ली में जेपी नड्डा समेत बीजेपी के कई शीर्ष नेताओं से हुई मुलाकात
- मनोज पांडेय ऊंचाहार से समाजवादी पार्टी से विधायक हैं और क्षेत्र में उनकी छवि अच्छी मानी जाती है

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



लोकसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश में सीटों को लेकर रोज नए समीकरण सामने आ रहे हैं। इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी से जुड़े सूत्रों की तरफ से रायबरेली सीट को लेकर बड़ा दावा किया जा रहा है। कहा जा रहा है कि विधायक मनोज पांडेय जल्द ही भाजपा में एंट्री लेने वाले हैं और पार्टी उन्हें रायबरेली लोकसभा सीट से अपना प्रत्याशी बनाएगी।

बताते चलें कि समाजवादी पार्टी से जुदा हुए मनोज पांडेय ऊंचाहार से समाजवादी पार्टी से विधायक हैं और क्षेत्र में उनकी छवि काफी अच्छी मानी जाती है।

हाल ही में उन्होंने सपा के विधानसभा में मुख्य सचेतक पद से किनारा कर लिया था। अयोध्या में श्रीराम लला के दर्शन करने पहुंचे मनोज पांडेय ने कहा था कि सपा की विचारधारा से वे संतुष्ट नहीं हैं। सूत्रों की मानें तो हाल ही में मनोज पांडेय ने दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई नेताओं से मुलाकात भी की है। जिसके बाद से ये अटकलें लगाई जा रही हैं कि मनोज पांडेय को भाजपा पार्टी में शामिल कर रायबरेली लोकसभा सीट से चुनाव में उतरेगी। हालाँकि इसको लेकर अभी तक पार्टी की तरफ से कोई आधिकारिक बयान नहीं जारी किया गया है।

### रायबरेली से मिल सकता है लोकसभा का टिकट

चर्चा चल रही है कि बीजेपी मनोज पांडेय को रायबरेली लोकसभा सीट से अपना उम्?मीदवार घोषित कर सकती है। मनोज पांडेय का रायबरेली के इलाके में मजबूत पकड़ मानी जाती है। कांग्रेस के किले में सेंधमारी के लिए भाजपा इस मजबूत चेहरे को अपनी तरफ लाने की कोशिश कर सकती है। वे ऊंचाहार विधानसभा सीट से विधायक हैं। मोदी लहर में भी मनोज पांडेय लगातार जीत दर्ज करते रहे हैं। रायबरेली से सोनिया गांधी के हटने के बाद कांग्रेसी उम्मीदवार के सामने भाजपा एक ताकतवर कैंडिडेट को खड़ा करने की तैयारी में है। मनोज पांडेय वह चेहरा हो सकते हैं।

## खबरें एक नजर में

### पुलिस ने किया तीन को गिरफ्तार



**महराजगंज,रायबरेली।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्रवाई के अंतर्गत महाराजगंज कोतवाली पुलिस ने तीन वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार। महराजगंज थाने में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या - 150 / 2024 धारा 302 /301 /34 भादवि के वांछित अभियुक्त रणविजय सिंह पुत्र भगौती सिंह लल्लन सिंह पुत्र भगौती सिंह आरती पत्नी रणविजय सिंह निवासीगढ़ ग्राम हिलहा थाना महराजगंज जनपद रायबरेली को गिरफ्तार करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

### विश्व क्षय रोग दिवस पर आयोजित हुयी कार्यशाला

**रायबरेली।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम(एनटीईपी) के तहत विश्व क्षय(टीबी) रोग दिवस के उपलक्ष्य में बृहस्पतिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वीरेंद्र सिंह के दिशा निर्देशन में तथा जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ अनुपम सिंह की अध्यक्षता में जिला क्षयरोग केन्द्र में कार्यशाला हुई । इस मौके पर जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अनुपम सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने साल 2025 तक क्षय उन्मूलन का लक्ष्य रखा है यह तभी संभव होगा जब टीबी के संभावित रोग खोजे जाएंगे इसलिए अधिक से अधिक संख्या में टीबी रोगियों की स्क्रीनिंग की जाए। उन्होंने बताया कि इस साल विश्व क्षय रोग दिवस हां! हम खत्म कर सकते हैं टीबी थीम के साथ मनाया जा रहा है उप जिला क्षय रोग अधिकारी डॉक्टर शम्स रिजवान ने बताया कि 24 मार्च को अवकाश होने के कारण उच्चाधिकारियों से 28 मार्च को विश्व क्षय रोग दिवस मनाए जाने के निर्देश प्राप हुए थे। उन्होंने क्षय रोग के लक्षणों की जानकारी देते हुए बताया कि दो हफ्ते से ज्यादा खांसी आना, बुखार आना, वजन कम होना, रात में पसीना आना और भूख कम लगना टीबी के लक्षण हैं बाल, नाखून और दांतों के इनेमल को छोड़कर शरीर के किसी भी अंग में टीबी हो सकती है।

### चौरसिया समाज का होली मिलन समारोह संपन्न

**रायबरेली।** अखिल भारतीय चौरसिया कल्याण समिति द्वारा आयोजित चौरसिया समाज का 40 वॉ होली मिलन समारोह हर्षोउल्लास की बीच सूर्या होटल में धूमधाम व हर्षउल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओम प्रकाष चौरसिया रहे कार्यक्रम का शुभारम्भ परम् पूज्य आदि गुरू महर्षि चैऋषि महराज जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रवज्वलन के साथ प्रारम्भ हुआ इसके बाद बच्चो के द्वारा बलम पिचकारी के गाने में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये जिसमे समाज के 10 वर्ष से कम बच्चे ने भाग लिया वैष्वनी, श्रेया, अकृति, प्रखर, अमिषा चौरसिया ने नृत्य पर उपस्थिति लोगो ने तालिया बजाकर उत्साहवर्धन किया समाज की महिलाओं ने ढोलक एवं मजीरा होली गीतो का प्रस्तुति की साथ ही सामूहिक होली गीत गये। उपस्थित सभी महिलाओं ने फूलो की होली खेली एक दूसरे के अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी समारोह में भगवान राधा कृष्ण की सुन्दर झकियो के गीतो में सुन्दर कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया साथ ही फूलो की होली का भी चौरसिया समाज के बच्चो, बडो ने भी जमकर होली का अनन्द लिया और सभी का मन मोह लिया श्री राधे कृष्ण चौरसिया ने समाज को सम्बोधित करते हुए कहॉ एकता में बड़ा बल है।

## बुजुर्ग का आरोप साठ-गांठ से मेरे ऊपर किया अत्याचार

**महराजगंज, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



- विपक्षियों ने लेखपाल कानून गो व पुलिस प्रशासन सहित ग्राम प्रधान की मिली भगत से हम सबके ऊपर किया अत्याचार

देवता दीन निवास उदई ग्राम पुरवा मजरे कैर तहसील व थाना महराजगंज नेआरोप लगाते हुए बताया कि प्रशासन की मिली भगत और ग्राम प्रधान के सहयोग से मेरी पुस्तैनी नांद को प्रशासन द्वारा गिरा दिया गया है।

वही जब हम लोगों ने इस पर रोक लगाया तो मुझको घसीट कर गाड़ी में बैठा दिया गया और मेरे लड़के को कमरे में बंद कर दिया गया और मेरी पत्नी को भी महिला पुलिस कर्मियों द्वारा अभद्रता की गई है।

विपक्षियों ने लेखपाल कानून गो व पुलिस प्रशासन सहित ग्राम प्रधान की मिली भगत से हम सबके ऊपर जमकर अत्याचार किया और मेरी पुश्तैनी जहां मैं जानवरों को चारा खिलाता था उसको तोड़ डाला जब हम लोगों ने रोक लगाया तो प्रशासन ने मेरे ऊपर ही जबरदस्ती किया और मुझे और मेरी पत्नी को थाने में बैठा कर रखा गया यह कहां का न्याय है ना मुझे कोई नोटिस दी गई ना ही किसी प्रकार की सूचना दी गई और एकाएक जाकर प्रशासन ने मेरे ऊपर कार्रवाई कर दी वहीं प्रशासन की इस कार्रवाई में ग्राम प्रधान भी शामिल है और उनके इशारे पर हम लोगों के ऊपर जमकर अत्याचार किया गया

देवतादीन बताया कि मेरी उम्र 80 और 90 के बीच में है मैं उन लोगों से नहीं लड़ सकता मैंने मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत की है लेकिन अभी तक मेरी सुनवाई नहीं हो रही है जबकि यह सरकार न्याय देने में सबसे आगे है फिर भी मुझे न्याय नहीं मिल रहा वहीं उनकी पत्नी रामली ने भी बताया कि प्रशासन और पुलिस की मिली भगत और ग्राम प्रधान के सहयोग से मेरी नाद को गिरा दिया गया और मेरे परिवार के ऊपर जमकर अत्याचार किया गया।



## अनियंत्रित होकर नदी में गिरा डंपर

**लालगंज,रायबरेली।** तेज रफ्तार डंपर अनियंत्रित होकर नदी में गिरा। पुल के ऊपर से गिरने के कारण डंपर दो टुकड़ों में बट गया पुलिस व गोताखोर की कड़ी मशक्कत के बाद ड्राइवर कंडक्टर को सकुशल बाहर निकाल लिया गया है। मामला लालगंज कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत जनता बाजार के पास का है जहां एक तेज रफ्तार डंपर अनियंत्रित होकर पुल की रोलिंग को तोड़ता हुआ लोन नदी में जा गिरा।पुल ऊपर से गिरने के कारण डंपर के दो टुकड़े हो गए घटना से वहां से गुजर रहे स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से ड्राइवर व कंडक्टर की जान बचाई।

## सड़क दुर्घटना में ट्रक की चपेट में आकर मासूम घायल

**बछरावां, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

- चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल किया रेफर

बछरावां नगर के मुख्य चौराहे के नजदीक ठीक महाराजगंज तिराहे पर अपनी मां के साथ सड़क पार करते समय ट्रक की चपेट में आकर अबोध बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सिलेंडर लदा हुआ हिंदुस्तान पेट्रोलियम का ट्रक यूपी 35 एच 9592 लखनऊ से महाराजगंज की ओर जा रहा था। जैसे ही वह महाराजगंज रोड के तिराहे पर पहुंचा वैसे ही अनुष पुत्र लव कुश उम्र लगभग 6 वर्ष निवासी दृगपालगंज उन्नाव थाना मौरावा अपनी मां वह छोटी बहन के साथ सड़क पार कर रहे थे इस समय आ रहे ट्रक की चपेट में आ गए। ट्रक की चपेट में आकर अबोध बालक अनुष का पैर ट्रक की पहिए के नीचे आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में राहगीरों द्वारा अनुष को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## सरकारी इमारत पर चढ़ रही धूल, जिम्मेदार मौन

**बछरावां, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**




जहां एक ओर केंद्र सरकार के निर्देशन एवं प्रदेश सरकार के नेतृत्व व प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक की अगुवाई में सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने हेतु नित नये सरकारी अस्पताल बनाकर ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचने के लिए प्रयासरत है, तो वहीं दूसरी ओर एक ऐसा मामला देखने में आया है जब बीते 6 माह से विकास क्षेत्र के नीवा गांव में स्वास्थ्य उपकेंद्र मदारखेड़ा की इमारत धूल खा रही है। मौके पर पहुंच कर जब संवाददाता ने इमारत का निरीक्षण किया तो यह देखा गया कि स्वास्थ्य उपकेंद्र के इस भवन के मुख्य द्वार पर ताला लटका हुआ है और विद्युत कनेक्शन भी इस भवन में है, क्योंकि भवन के अंदर लाइटे जल रहीं है।

मौके पर उपस्थित ग्रामीणों से जब संवाददाता ने बात की तो उन्होंने बताया कि इस भवन को बने लगभग 6 महीने से ऊपर हो गया है, परंतु अभी तक यहां कोई सरकारी स्वास्थ्य सुविधाएं संचालित नहीं हुई है। साथ-साथ उन्होंने यह भी बताया कि अगर यहां पर स्वास्थ्य सुविधा संचालित हो जाएं तो ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बहुत ही मदद मिलेगी इस संबंध में जब संवाददाता ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां के अधीक्षक अनिल कुमार जैसल से दूरभाष के माध्यम से बातचीत करनी चाही तो उनका फोन नहीं लगा, तत्पश्चात संवाददाता ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सक प्रभात मिश्रा से दूरभाष के माध्यम से बातचीत की तो उन्होंने बताया कि इस संबंध में जानकारी कर जल्द ही वहां पर स्वास्थ्य सुविधाएं संचालित की जाएंगी। लेकिन विचारणीय बिंदु यह है कि बीते 6 माह से धूल खा रही लाखों रुपए की लागत से बनी इस इमारत पर जिम्मेदारों की नजर क्यों नहीं पड़ी?

## कलश यात्रा के साथ राम कथा का हुआ शुभारंभ

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** ब्लॉक बिशेश्वरगंज के ग्राम सभा उधरना सरहदी के मजरा शुकुल पुरवा मे सात दिवसीय भव्य राम कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय भव्य राम कथा के प्रथम दिवस पर मंगल शोभा कलश यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में माताएं बहनें बेटियां शुकुल पुरवा से पैदल चलकर दुर्गा माई मन्दिर, काशीदास घाट, कंछर पहुंच कर बेद मंत्रो के द्वारा वरुण देवता यज्ञ नारायण भगवान का पूजन अर्चन अवध धाम से आए हुए श्री श्रवण कृष्ण शास्त्री ने सम्पन्न करवाया। सायं काल की कथा की मंगल बेला में श्री परमानन्द महाराज ने बताया मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के चरित्रों का अनुकरण कर एवम् उनके पावन नामों का आश्रय लेकर और माता पिता की सेवा करके गुरू भगवन के वचनों पर विश्वास करके ही भव सागर से पार पाया जा सकता है।

**सफलता**

### एंटी नारकोटिक्स सेल और ऊंचाहार पुलिस के संयुक्त आपरेशन में मिली कामयाबी

# एंटी नारकोटिक्स सेल ने पकड़ा करोड़ों रुपये कीमत का गांजा

- गैंग में प्रकाश पटेल, ऋषभ सिंह और अमर बहादुर उर्फ बबलू शामिल

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

प्रदेश पुलिस मुख्यालय और ऊंचाहार पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने गांजा तस्करी की बड़ी खेप बरामद की है। पुलिस ने करीब साढ़े पांच करोड़ रुपए कीमत का तकरीबन नौ क्विंटल गांजा बरामद किया है। सारा गांजा ऊंचाहार थाना क्षेत्र से बरामद किया गया है , जो बिक्री हेतु तस्करी करके लाया गया है पुलिस की इस सफलता ने नशे के कारोबार का क्षेत्र में फैले जाल का बड़ा सनसनीखेज खुलासा किया है । इससे यह प्रतीत होता है कि ऊंचाहार पूरा क्षेत्र नशे के कारोबारी के जद में है , और क्षेत्र की युवा पीढ़ी बुरी तरफ नशे की गिरफ्तार में है। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने यह कार्रवाई अपने मुखबिरों से मिली से सूचना के आधार पर की है। जिसमें एसओजी और ऊंचाहार पुलिस की मदद ली गई है। लखनऊ से आई एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का नेतृत्व पुलिस उपाधीक्षक राजवीर सिंह गौर कर रहे थे। टीम ने पहले क्षेत्र के चौबेपुर निवासी दिनेश सिंह को दबोचा था। उसके बाद उसने नशे के पूरे कारोबार का खुलासा कर दिया।



### खेत में बनी एक ट्यूबवेल की कोठरी से बरामद हुआ आठ क्विंटल 79 किलो 35 ग्राम गांजा

उसके बताए अनुसार पुलिस फोर्स ने चौबेपुर गांव से बाहर खेत में बनी एक ट्यूबवेल की कोठरी से कुल आठ क्विंटल 79 किलो 35 ग्राम गांजा बरामद किया जिसकी बाजार में कीमत पांच करोड़ चालीस लाख रुपए बताई जाती है। उसने पुलिस से बताया कि यह गांजा उसने उड़ीसा प्रांत से खरीदा था।

उसकी गैंग में ऊंचाहार थाना क्षेत्र के रायपुर गांव निवासी प्रकाश पटेल , महराजगंज थाना क्षेत्र के गांव दुसौती गांव निवासी ऋषभ सिंह और अमर बहादुर उर्फ बबलू शामिल है। चारो लोग गांजा की आपूर्ति विभिन्न क्षेत्रों ने करते रहे हैं। पुलिस अन्य तीनों लोगों की तलाश कर रही है। गिरफ्तार किए गए दिनेश सिंह को ऊंचाहार पुलिस ने जेल भेजा है। इस आपरेशन में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स लखनऊ के निरीक्षक विवेक कुमार यादव समेत कुल आठ लोग , एसओजी रायबरेली टीम के निरीक्षक अजय राय समेत कुल सात लोग तथा ऊंचाहार पुलिस के तीन लोग शामिल थे। इस प्रकार इस आपरेशन में कुल 18 लोगों की पुलिस टीम लगी हुई थी। ऊंचाहार कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि एक आपरेशन में करीब नौ कुंतल गांजा बरामद करके एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है , जबकि उसके तीन अन्य साथी फरार है।


## गाजा में रुके युद्ध

उम्मीद की जानी चाहिए कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पारित प्रस्ताव के बाद इस्राइल गाजा पर निरंतर जारी हमलों पर रोक लगाएगा। उल्लेखनीय है कि सोमवार को पारित प्रस्ताव में सुरक्षा परिषद ने रमजान के महीने के दौरान गाजा में तुरंत युद्धविराम लागू करने, बंधकों की बिना शर्त रिहाई तथा युद्धग्रस्त इलाकों में मानवीय सहायता सुनिश्चित करने को कहा है। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि मतदान से दूरी बनाकर अमेरिका ने संकेत दिया है कि वह गाजा मे शांति प्रयासों को साकार होता देखता चाहता है। वहीं अमेरिका का प्रस्ताव को वीटो न करना यूएसए व इस्राइल संबंधों में खटास आने का भी संकेत है। जिसको लेकर इस्राइल के नेता अमेरिका पर हमलावर हैं। इस्राइल ने अपने सदाबहार दोस्त अमेरिका पर संकट के समय साथ न देने का आरोप लगाया है। यहां तक कि इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक इस्राइली प्रतिनिधिमंडल की अमेरिका यात्रा रद्द करके अपनी नाराजगी जाहिर की है। हालांकि, कहना कठिन है कि इस्राइल और हमास सुरक्षा परिषद के पारित प्रस्ताव का किस हद तक पालन करते हैं, लेकिन एक बात तो तय है कि फिलहाल अमेरिका व इस्राइल के रिश्तों में खटास आ चुकी है। हालांकि, अब तक बाइडेन प्रशासन इस्राइल को पर्याप्त सैन्य मदद देता रहा है और हमास को समाप्त करने के उसके लक्ष्य का समर्थन भी करता आया है। लेकिन इसके बावजूद अमेरिका चाहता रहा है कि संघर्ष में आम लोगों की मौत कम से कम हो। उल्लेखनीय है कि 7 अक्तूबर 2023 को इस्राइल पर हुए हमास के क्रूर आतंकवादी हमले के बाद इस्राइल के जवाबी हमले में बत्तीस हजार से अधिक फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं। जिसमें बड़ी संख्या में बच्चे व महिलाएं भी शामिल हैं। हमले से गाजा का एक बड़ा हिस्सा खंडहर में तब्दील हो गया है। लाखों लोगों ने पलायन किया है और एक बड़ी आबादी भुखमरी के कगार पर पहुंच गई है। इस अभूतपूर्व मानवीय संकट के बावजूद इस्राइली हमले जारी हैं। विडंबना यह है कि तमाम अंतर्राष्ट्रीय दबाव के बावजूद दोनों ही युद्धरत पक्षों के रुख में नरमी नहीं आ रही है। जहां इस्राइल के हमले जारी हैं, वहीं अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थों द्वारा पेश युद्धविराम व बंधकों की रिहाई के लिये मध्यस्थता के नये प्रस्ताव को हमास ने खारिज कर दिया है। वहीं इस्राइल का कहना है कि सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव से आतंकवादी समूहों को बढ़ावा मिल सकता है। लेकिन इसके बावजूद एक हकीकत यह भी है कि वैश्विक जगत में गाजा में जारी युद्ध के चलते इस्राइल अलग-थलग पड़ता जा रहा है। साथ ही वह अब अमेरिकी समर्थन को गारंटी के रूप में नहीं ले सकता। फिलहाल अंतर्राष्ट्रीय समुदाय इस्राइल पर युद्धविराम के लिये दबाव बढ़ाने की तरफ अग्रसर है जिससे गाजा में शांति का मार्ग प्रशस्त किया जा सके।

# भाजपा से मुकाबले के लिए इंडिया ब्लॉक में अधिकतम एकता जरूरी

**कल्याणी शंकर**

मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा 16 मार्च को चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद चुनावी घमसान शुरू हो गया है। मतदान 19 अप्रैल को शुरू होगा और 1 जून को समाप्त होगा। परिणाम 4 जून को घोषित किये जायेंगे। आखिर 2024 का लोकसभा चुनाव कौन जीतेगा? यह एक बहुदलीय प्रतियोगिता होगी, जिसमें सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए गठबंधन और इंडिया ब्लॉक का विपक्षी गठबंधन प्राथमिक दावेदार होंगे। इस बीच, गठबंधन बनाये जा रहे हैं और प्रमुख दलों ने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। दल-बदल और गुप्त सौदेबाजी भी चल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य हैट्रिक लगाना (तीसरी बार जीतना) है। वर्तमान में, यह एक ऐसी घुड़दौड़ है, जिसमें भाजपा हावी है और विपक्षी दल पीछे चल रहे हैं। विपक्षी भारत गठबंधन में 26 दल शामिल हैं। उन्होंने भाजपा को चुनौती देने के लिए चुनाव पूर्व गठबंधन बनाया है। इसका लक्ष्य आगामी चुनावों में भाजपा के खिलाफ अधिकतम निर्वाचन क्षेत्रों में एक साझा विपक्षी उम्मीदवार खड़ा करना है। विपक्ष को 2014 और 2019 में लगातार दो हार का सामना करना पड़ा, जिससे उसकी छवि को काफी नुकसान पहुंचा। इसे मिलेनियल्स सहित मतदाताओं से जुड़ने की जरूरत है। विपक्ष का नेतृत्व करने वाली कांग्रेस 138 साल पुरानी धर्मनिरपेक्ष पार्टी है जो एससी, एसटी, ओबीसी और मुसलमानों जैसे हाशिए पर रहने वाले समूहों का प्रतिनिधित्व करती थी। अस्सी के दशक के बाद से क्षेत्रीय दलों के उदय के साथ यह कमजोर हो गया है और आज, यह अपनी पूर्व ताकत की छाया मात्र है। इसमें नेतृत्व का अभाव है। 2014 और 2019 की हार के बाद, कांग्रेस अब दावा करती है कि वह सामाजिक न्याय और भारत के गरीबों, पीड़ितों, दलितों, किसानों, युवाओं और महिलाओं को अपनी पांच गारंटी के साथ सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैरू युवा न्याय, भागीदारी न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय और श्रमिक न्याय। विपक्ष का लक्ष्य मुख्य रूप से भाजपा विरोधी वोटों को एकजुट करके और प्रोत्साहन देकर मोदी को चुनौती देना है। हाल के हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना विधानसभा चुनावों में यह रणनीति कांग्रेस के लिए काम आई, जहां कांग्रेस ने जीत हासिल की। कांग्रेस को केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी के खिलाफनागरिकों के एक वर्ग में सत्ता विरोधी मूड से लाभ मिलने की उम्मीद है। उन्होंने राहुल गांधी की हालिया भारत जोड़ो यात्रा पर भी प्रकाश डाला, जिसका उद्देश्य लोगों से जुड़ना था। सफल होने के लिए, कांग्रेस को चुनावों में निर्णायक भूमिका निभाने वाले युवा मतदाताओं से जुड़ने के लिए मुद्रास्फीति, बेरोजगारी और सामाजिक कलह जैसे रोजी-रोटी के मुद्दे उठाने होंगे। उन्हें उनसे अपील करने के लिए एक वैकल्पिक रणनीति दिखानी होगी। इसके साथ ही, राज्य-स्तरीय पार्टियों के कुछ शक्तिशाली मुख्यमंत्री अपने राज्यों पर हावी हैं, जिससे इन क्षेत्रों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कड़ी चुनावी लड़ाई का सामना करना पड़ा है। 2019 में, भाजपा और उसके सहयोगियों को केवल 45 फीसदी वोट मिले। शेष 55फीसदी अब इंडिया गुट में शामिल विपक्षी पार्टियों को मिले थे। हालांकि कोई भी राष्ट्रीय नेता मोदी की लोकप्रियता के बराबर का नहीं है, लेकिन कुछ प्रभावशाली क्षेत्रीय नेता अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाताओं को प्रभावित कर सकते हैं। यह पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, ओडिशा और आंध्र प्रदेश के लिए विशेष रूप से सच है। गठबंधन के लिए सबसे बड़ी चुनौती मोदी के खिलाफ किसी एक नेता को आगे करना है। दुर्भाग्य से, गठबंधन सहयोगियों के बीच अहं का टकराव है, जिससे किसी पर सहमति बनाना मुश्किल हो जाता है। दूसरे, भाजपा अपार वित्तीय और राजनीतिक शक्ति के साथ एक मजबूत संगठन का दावा करती है। संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को छोड़कर, विपक्ष के पास कोई ठोस और सम्मोहक चुनावी कथा नहीं दिखती है। हालांकि, मतदाता भोजन, कपड़े और आश्रय जैसी बुनियादी जरूरतों के बारे में अधिक चिंतित हैं। उदाहरण के लिए, 2004 में सोनिया गांधी का आम आदमी नारा जनता के बीच खूब गूंजा। कम आय वाले लोग आम तौर पर तनख्वाह से तनख्वाह तक जीते हैं और अमूर्त राजनीतिक अवधारणाओं से संबंधित नहीं हो सकते हैं। कांग्रेस पार्टी अभी भी अपने गौरवशाली अतीत से चिपकी हुई है और वर्तमान परिदृश्य को स्वीकार करने में विफल हो रही है। दूसरी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में, कांग्रेस स्वचालित रूप से गठबंधन का नेतृत्व करने की उम्मीद करती है। वह अपने नेताओं को भाजपा के हाथों खो रही है और इन नेताओं के लगातार जाने से पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल गिर रहा है। विपक्ष को भाजपा के दुष्प्रचार और धार्मिक आख्यान का ठोस जवाब लेकर सामने आना चाहिए। 1980 के बाद से भाजपा का विकास हुआ हैय आज यह भारत की सबसे बड़ी पार्टी है। इसके पास असीमित धन शक्ति वाला एक मजबूत संगठन है। पार्टी प्रधानमंत्री के नाम पर वोट मांगती है। इस बार भाजपा के जीतने की ज्यादा संभावना है। भाजपा का भाग्य मोदी हैं। विभिन्न उपायों को लागू करने के कारण उनके समर्थक उन्हें कर्ता-धर्ता मानते हैं। इनमें तीन तलाक, सीएए, जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को रद्द करना और अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन शामिल है। भाजपा पिछले दशक में अपनी उपलब्धियों और मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए विभिन्न कल्याणकारी पहलों पर प्रकाश डालती है। निरंतरता ने मोदी को अपना एजेंडा हासिल करने में मदद की है। मोदी ने पिछले दस वर्षों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान हासिल की है और उच्च मंच पर भारत की स्थिति सुनिश्चित की है, जिससे उनके समर्थक उत्साहित हैं। नकारात्मक पक्ष में, विपक्ष का दावा है कि मोदी सरकार विपक्षी नेताओं को निशाना बना रही है और उन पर सरकारी जांच एजेंसियों के माध्यम से कार्रवाई करवा रही है। भाजपा अन्य दलों, विधायकों और नेताओं का शिकार भी कर रही और उन्हें अपने में शामिल कर रही है। इसने दूसरी पंक्ति के कई नेताओं को शामिल कर लिया है जिन्होंने भगवा पार्टी में बेहतर संभावनाएं तलाशने का विकल्प चुना। दोनों पक्षों द्वारा अपनी-अपनी आवाज बुलंद करने के साथ, 2024 के चुनावों में बिना किसी रोक-टोक के नकारात्मक अभियान देखने को मिलेगा, क्योंकि यह विपक्ष और आक्रामक भाजपा का भविष्य तय करेगा। मोदी की सफलता का रहस्य विभाजित विपक्ष है।



**2014 और 2019 की हार के बाद, कांग्रेस अब दावा करती है कि वह सामाजिक न्याय और भारत के गरीबों, पीड़ितों, दलितों, किसानों, युवाओं और महिलाओं को अपनी पांच गारंटी के साथ सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैरू युवा न्याय, भागीदारी न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय और श्रमिक न्याय। विपक्ष का लक्ष्य मुख्य रूप से भाजपा विरोधी वोटों को एकजुट करके और प्रोत्साहन देकर मोदी को चुनौती देना है। हाल के हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना विधानसभा चुनावों में यह रणनीति कांग्रेस के लिए काम आई, जहां कांग्रेस ने जीत हासिल की। कांग्रेस को केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी के खिलाफनागरिकों के एक वर्ग में सत्ता विरोधी मूड से लाभ मिलने की उम्मीद है। उन्होंने राहुल गांधी की हालिया भारत जोड़ो यात्रा पर भी प्रकाश डाला, जिसका उद्देश्य लोगों से जुड़ना था।**

**विचार**

# मुरादाबाद और रामपुर लोकसभा का बनता बिगड़ता सियासी समीकरण

**प्रोफेसर डॉ योगेन्द्र यादव (गुरुजी)**

पहले चरण के लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन खत्म हो चुका है, लेकिन उत्तर प्रदेश में प्रमुख विपक्षी दल समाजवादी पार्टी कांग्रेस और बहुजन समाज पार्टी में से किसी दल ने अभी तक अपने प्रमुख नेताओं के चुनाव कार्यक्रम घोषित नहीं किए हैं। भारतीय जनता पार्टी ने जहां चालीस स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मथुरा से अपने चुनाव प्रचार का श्रीगणेश कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी सभा का भी कार्यक्रम आ चुका है, उनकी पहली चुनावी रैली 31 मार्च मेरठ में होगी। विपक्षी गठबंधन 31 मार्च की दिल्ली रैली के बाद उत्तर प्रदेश में प्रचार पर निकलेंगे। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव, बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती और कांग्रेस के नेता राहुल गांधी व प्रियंका गांधी का कोई प्रचार कार्यक्रम अभी तक नहीं आया है। समाजवादी पार्टी के स्टार प्रचारकों की सूची भी अभी जारी नहीं हुई है। अभी यह भी तय नहीं हो पाया है कि राहुल गांधी व अखिलेश की संयुक्त सभाएं कहां कहां होंगी। कांग्रेस के घोषित उम्मीदवारों ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी का कार्यक्रम मांगा है। लेकिन अभी तक दोनों नेताओं ने कार्यक्रम नहीं दिया है। इस संबंध में कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता का कहना है कि इकतीस को रामलीला मैदान नई दिल्ली में विपक्षी गठबंधन की महारैली है। इसके बाद उत्तर प्रदेश में रैली और रोड शो के लिए कार्यक्रम मिलेंगे। बहुजन समाज पार्टी की की ओर से आकाश आनंद आगामी छह अप्रैल से चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत करने जा रहे हैं। मायावती भी अप्रैल के पहले सप्ताह में पश्चिमी उप्र में चुनाव प्रचार शुरू करेंगी। पार्टी ने उत्तर प्रदेश चुनाव के लिए अपने स्टार प्रचारक भी तय नहीं किए हैं।

भारतीय जनता पार्टी सरकार आजम खां के साथ अन्याय कर रही है। उनके परिवार को भी परेशान किया जा रहा है। यह पूरी तरह से अमानवीय है। हमें पूरी उम्मीद है कि आजम खां को न्याय जरूर मिलेगा। समय बदलता है। समय बड़ा बलवान होता है। आजम खां के साथ न्याय होगा। भारतीय जनता पार्टी ने झूठे मुकदमों का रिकॉर्ड बना दिया है लेकिन अंत में जीत सच्चाई की होती है। इलेक्टरोल बॉन्ड से भारतीय जनता पार्टी की सच्चाई बाहर आ गई है। अब पीडीए ही एनडीए को हराएगा। जनता वोट की तारीखों का इंतजार कर रही है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार मुख्यमंत्रियों को जेल भेज रही है लेकिन इलेक्टोरल बॉन्ड से उनकी सच्चाई बाहर आ गई है। अब अपने मूल विषय पर आते हैं। मुरादाबाद से एसटी हसन का टिकट कटने पर समाजवादी पार्टी में बगावत जैसे हालात हो गए हैं। समाजवादी पार्टी में एक धड़ा एसटी हसन का टिकट कटने से नाखुश है। समाजवादी पार्टी के रामपुर लोकसभा सीट से मोहिबुल्लाह नदवी को उतारने से पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां और समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के बीच रार बढ़ने की उम्मीद है। समाजवादी पार्टी ने डैमेज कंट्रोल शुरू करने के प्रयास तेज कर दिए हैं। मुरादाबाद के प्रत्याशी को लेकर कन्फ्यूजन दूर हो गया है। इस सीट पर पूर्व विधायक रुचि वीरा ने समाजवादी पार्टी के सिंबल के साथ नामांकन कराया था। एसटी हसन द्वारा अपना पर्चा वापस लेने की बात कहने के बाद रुचि वीरा का रास्ता साफ कर दिया। रामपुर की सीट को लेकर आजम खान से अखिलेश यादव को एक पत्र लिखा है। वह चाहते हैं कि पूर्व सीएम खुद ही सीट से चुनाव लड़ें। इसके बाद समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने भतीजे और बिहार के पूर्व सीएम लाल प्रसाद यादव के दामाद तेज प्रताप सिंह को चुनाव लड़ने की हरी झंडी दे दी है। तेज प्रताप यादव मैनपुरी से सांसद भी रह चुके हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में रामपुर से आजम खां ने जीत हासिल की थी। लेकिन, विधानसभा चुनाव जीतने के बाद उन्होंने लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा दिया था। इसके बाद हुए उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी के घनश्याम लोधी ने यहां से जीत हासिल की। इस बार भी भारतीय जनता पार्टी ने घनश्याम लोधी को रामपुर से टिकट दिया है। तेज प्रताप सिंह यादव के मैदान में उतरने से रामपुर का चुनाव रोचक हो जाएगा। सीतापुर जेल में बंद पूर्व मंत्री आजम खां मुरादाबाद के मौजूदा सांसद एसटी हसन का टिकट कटवाने में कामयाब रहे। उन्होने अपनी खास रुचिवीरा को मुरादाबाद से समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी बनवा दिया। वहीं दूसरी ओर समाजवादी पार्टी नेतृत्व ने रामपुर में आजम खान की सलाह को दरकिनार करते हुए मोहिबुल्लाह नदवी के नाम की रामपुर लोकसभा प्रत्याशी के रूप में घोषणा कर दी। नदवी दिल्ली की पार्लियामेंट स्ट्रीट जामा मस्जिद के इमाम हैं। वे मूल रूप से रामपुर के ही रहने वाले हैं। नदवी का टिकट फाइनल होने के बाद समाजवादी पार्टी के टिकट पर पिछला उपचुनाव लड़ चुके आसिम राजा ने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर पर्चा भर दिया। रामपुर के समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष का कहना है कि हमें आजम खां ने नदवी के बजाय आसिम राजा को चुनाव लड़ाने के निर्देश दिए हैं। आजम खान ने अखिलेश यादव के सामने रामपुर से चुनाव लड़ने की पेशकश की थी, लेकिन समाजवादी पार्टी अध्यक्ष इसके लिए तैयार नहीं हुए। इसके बाद आजम ने वहां चुनाव बहिष्कार का एलान कर दिया, लेकिन समाजवादी पार्टी नेतृत्व उनके दबाव में नहीं आया। समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष का कहना है कि नदवी के नामांकन के लिए प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल रामपुर आए थे, लेकिन उन्हें इसकी सूचना तक नहीं दी गई। मुरादाबाद में समाजवादी पार्टी नेतृत्व ने आजम खान की नाराजगी मोल लेना ठीक नहीं समझा और अपने मौजूदा सांसद एसटी हसन का टिकट काट दिया। समाजवादी पार्टी से प्राप्त पत्र के बाद चुनाव आयोग ने रुचिवीरा को समाजवादी पार्टी का अधिकृत प्रत्याशी घोषित कर दिया है। इससे गुस्साए समाजवादी पार्टी के कुछ समर्थकों ने रुचि वीरा वापस जाओ का नारा लगाते हुए फैजगंज चौराहे पर उनका पुतला फूंक दिया। देर रात समाजवादी पार्टी के समर्थक सांसद के आवास पर डटे रहे। इसके बावजूद सांसद समर्थकों को लगा कि उनका टिकट कटा नहीं है। अगले दिन दोपहर रुचि वीरा ने नामांकन दाखिल किया तो समाजवादी पार्टी सांसद के समर्थक मायूस हो गए। फिर अफवाह फैली की रुचि वीरा का नामांकन रद्द करने के लिए पत्र लखनऊ से आ रहा है। लेकिन ऐसा पत्र निर्वाचन कार्यालय को नहीं मिला। इसके बाद ही चौबीस घंटे से चल रहे राजनीतिक ड्रामे पर विराम लग गया। इससे समाजवादी पार्टी की स्थानीय इकाई के आजम समर्थकों में बेचैनी फैल गई। अंतिम दिन इस ओर से भी आजम खां के करीबी आसिम राजा द्वारा नामांकन पत्र दाखिल कर दिया गया। दोनों ने स्वयं को समाजवादी पार्टी प्रत्याशी बताते हुए रामपुर संसदीय से नामांकन पत्र दाखिल किया है। घटनाक्रम की शुरुआत बाईस मार्च को सीतापुर जेल में बंद आजम से पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव की मुलाकात के बाद हुई। आजम ने रामपुर में अखिलेश और मुरादाबाद में रुचिवीरा को अपनी पसंद बताया। इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष ने रामपुर के पार्टी नेताओं को लखनऊ बुलाकर उनकी राय ली। समाजवादी पार्टी मुखिया रामपुर से अपने भतीजे तेज प्रताप को उतारने की तैयारी कर रहे थे। इसी बीच अखिलेश के खुद न लड़ने पर रामपुर के समाजवादी पार्टी नेताओं ने पत्रकार वार्ता कर चुनाव बहिष्कार की घोषणा कर दी। लिहाजा प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया अधर में लटक गई। भारतीय जनता पार्टी को वाकओवर देने के बजाय आनन फानन में रामपुर के रहने वाले दिल्ली की जामा मस्जिद के इमाम मोहिबुल्लाह नदवी को प्रत्याशी घोषित किया गया। विशेष विमान से उनका सिंबल भी भेजा गया। उनके नामांकन से पहले आजम समर्थक आसिम राजा ने भी नामांकन कर दिया। समाजवादी पार्टी ने रविवार को सांसद डॉ एसटी हसन को प्रत्याशी घोषित किया। उनके नामांकन कराने के साथ टिकट कटने की चर्चा शुरू हो गई। शाम को रुचिवीरा ने चुनाव लड़ने का एलान कर दिया। वह रात में मुरादाबाद आ भी गईं। रात में पार्टी जिलाध्यक्ष डॉ हसन को ही पार्टी प्रत्याशी बताया। रुचिवीरा ने तय कार्यक्रम के मुताबिक नामांकन कर दिया। डीएम मानवेंद्र सिंह ने बताया कि डॉ एसटी हसन की ओर से फार्म एबी शाम छह बजे आया था। समय निकलने के कारण उसे स्वीकार नहीं किया गया। नियमों के अनुसार रुचिवीरा ही समाजवादी पार्टी प्रत्याशी होंगी।

यह दोनों सीटें मुस्लिम बाहुल्य हैं। मुरादाबाद में अड़तालीस प्रतिशत और रामपुर में पचास प्रतिशत से अधिक मुस्लिम हैं। मुरादाबाद में सिर्फ वर्ष 2014 मे ही भारतीय जनता पार्टी जीत सकी है। रामपुर सीट तत्कालीन सांसद आजम खां के इस्तीफे से रिक्त होने के बाद हुए उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी के घनश्याम सिंह लोधी जीते थे। ऐसे में इन दोनों लोकसभा सीट का एक धड़ा नाराज बना रहेगा। भारतीय जनता पार्टी समाजवादी पार्टी की इन्हीं कमियों को अपना हथियार बनाएगी और जहां उसकी जीत की संभावना भी नहीं है, वहाँ जीतने का प्रयास करेगी। अगर समय रहते समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता नहीं संभले, तो निश्चित रूप से यहाँ से समाजवादी पार्टी को उसका खामियाजा उठाना पड़ेगा।

**भारतीय जनता पार्टी सरकार आजम खां के साथ अन्याय कर रही है। उनके परिवार को भी परेशान किया जा रहा है। यह पूरी तरह से अमानवीय है। हमें पूरी उम्मीद है कि आजम खां को न्याय जरूर मिलेगा। समय बदलता है। समय बड़ा बलवान होता है। आजम खां के साथ न्याय होगा। भारतीय जनता पार्टी ने झूठे मुकदमों का रिकॉर्ड बना दिया है लेकिन अंत में जीत सच्चाई की होती है। इलेक्टरोल बॉन्ड से भारतीय जनता पार्टी की सच्चाई बाहर आ गई है।**



## राशिफल

**मेष:-** नए क्षेत्रों मे प्रयास से लाभ संभव है। समस्याओ के समाधान से उत्साह में बृद्धि होगी। नए सम्बन्धों के सहयोग से आर्थिक कठिनाईयां दूर होंगी।

**बृषभ:-** भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ति में असमर्थता जैसी पूर्वाग्रह मन में निराशा पैदा करेगी। नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**मिथुन:-** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कायरे में न गंवायें। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। संवेदनशील शरीर ग्रहो की प्रतिकूलता से बिमार पड़ सकता है।

**कर्क:-** सब कुछ सामान्यतः ठीक होते हुए भी मन में अरुचितकर लगेगा। रोजगार में नए लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट होगा।

**सिंह:-** किसी की अस्वस्थता से परिवार में कष्ट का वातावरण रहेगा। महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर जाना पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कायरे के प्रति आलस्य न करें, नुकशान हो सकता है।

**कन्या:-** प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन भाव उन प्रतिभाओं के लाभ से वन्चित हो सकता है। कल्पनाओं में जीना छोड़ कर भौतिक जगत के अनुरूप चलने का प्रयास करें।

**तुला:-** योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। मस्त-मौला मन मौज मस्ती समय ब्यर्थ कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में परिश्रम तिब्र होगा।

**वृश्चिक:-** नये घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन अत्यंत प्रसन्न होगा। नये कायरे के क्रियान्वयन के लिए प्रयत्न शील बनें।

**धनु:-** पुराने गलतियो से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। अच्छे कायरे से परिजनो के दिल में जगह बनावें। रोजगार में नए लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न करें।

**मकर:-** सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ति में असमर्थता जैसी पूर्वाग्रह मन में निराशा पैदा करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव पहुंच सकता है।

**कुंभ:-** किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिया गया निर्णय से पश्चाताप का कारण बन सकता है। नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**मीन:-** मन को सकारात्मक दिशा प्रदान करें। भाग्य से प्राप्त अच्छे-बुरे सभी परीस्थितियों के साथ समझौतावादी बनें। अपने सुख-दुख को छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें।

# अब वाशिंग मशीन में जनार्दन रेड्डी

कर्नाटक के खनन माफिया कहलाये जाने वाले जी. जनार्दन रेड्डी अपने पूर्ववर्ती दल यानी भारतीय जनता पार्टी में लौट आये हैं। उन्होंने अपनी पार्टी कल्याण राज्य प्रगति पक्ष (केआरपीपी) का भाजपा में विलय भी कर दिया जिसका गठन उन्होंने दिसम्बर 2022 में भाजपा से अलग होकर किया था। वर्षों भाजपा से जुड़े जनार्दन ने लम्बे समय तक पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के साथ मिलकर काम किया था लेकिन 2008 से 2013 के दौरान उन पर अवैध खनन के कई मामले उनकी ही सरकार ने दर्ज किये थे। सितम्बर 2015 में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने उन्हें कर्नाटक के बेल्लारी एवं आंध्रप्रदेश के अनंतपुर में करोड़ों रुपयों के लौह अयस्क का अवैध खनन करने के आरोप में गिरफ्तार भी किया था। उन्हें कर्नाटक के बेल्लारी जिले के साथ ही आंध्रप्रदेश के अनंतपुर एवं कडप्पा जाने पर प्रतिबन्ध भी लगा था। 2015 से वे जमानत पर हैं। उन पर एक-दो नहीं, सीबीआई के 9 मामले दर्ज हैं। ऐसे खनन माफिया को अपने साथ फिर से जोड़कर भाजपा ने साफ कर दिया है कि भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस का उसका नारा कितना खोखला और एकतरफा है। साथ ही, इस कदम ने यह भी दर्शाया है कि सत्ता के लिये भाजपा किसी भी स्तर तक जाकर समझौते कर सकती है। जनार्दन रेड्डी को फिर से गले लगाना कोई आश्चर्य के रूप में नहीं देखा जा रहा है वरन यह मामला भाजपा द्वारा भ्रष्टाचारियों को साथ लेने की श्रृंखला की एक कड़ी मात्र के रूप में लिया जा रहा है। दोनों ही पक्ष- भाजपा व रेड्डी एक दूसरे से मिलकर जिस तरह से प्रसन्न हैं तथा सहज महसूस कर रहे हैं, उससे साफ है कि ऐसे दल व व्यक्ति ही भाजपा के नैसर्गिक सहयोगी हो सकते हैं। इस आशय का निष्कर्ष जनार्दन के बयान से निकाला जा सकता है। उन्होंने कहा कि श्एक अर्से बाद भाजपा कार्यालय में फिर से प्रवेश करते हुए उन्हें ऐसा लग रहा है मानो वे अपनी मां की गोद में लौट आये हैं।श् उन्होंने इसे श्अपनी जड़ों की ओर लौटनाश् भी बतलाया। जनार्दन रेड्डी की घरवापसी यह भी बतलाती है कि नरेन्द्र मोदी किन और कैसे लोगों के बल पर तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने तथा भाजपा के लिये 370 सीटें जीतने का लक्ष्य बनाये हुए हैं। रेड्डी ने कहा कि वे एक कार्यकर्ता के रूप में मोदी को फिर से पीएम बनाने के लिये काम करेंगे। रेड्डी स्पष्ट करते हैं कि वे भाजपा में किसी पद के लिये नहीं आये हैं और उनका समर्थन बिना शर्त है। जिन येदियुरप्पा ने बतौर मुख्यमंत्री उन्हें पर्यटन मंत्री से हटा दिया था और नाराज होकर उन्होंने भाजपा छोड़कर अलग दल बनाया था, उनके पुत्र विजयेन्द्र के साथ काम करने का अवसर मिलने पर उन्होंने खुशी जताई है। विजयेन्द्र ने भी कहा है कि जनार्दन रेड्डी की घरवापसी से राज्य में भाजपा और मजबूत होगी।श् आखिर क्यों न हो? वे भाजपा के लिये आर्थिक मदद देने वालों में से प्रमुख थे। अब फिर से रहेंगे। स्मरण हो कि 1998 में जब बेल्लारी लोकसभा क्षेत्र से सोनिया गांधी ने अपना पहला चुनाव लड़ा था तब भाजपा की प्रत्याशी पूर्व केन्द्रीय मंत्री दिवंगत सुषमा स्वराज का प्रचार अभियान सम्भालने वालों में वे प्रमुख थे। कहा जाता है कि वित्तीय पक्ष भी वे ही देखा करते थे। ऐसे व्यक्ति के किसी भी दल में शामिल होने से उसके आर्थिक फायदे क्या हो सकते हैं, इसका अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है। जनार्दन रेड्डी को इसलिये भी साथ लिया जा रहा है क्योंकि ऐसा माना जा रहा है कि उनकी पार्टी ने 2023 के कर्नाटक चुनाव में भाजपा का बड़ा नुकसान किया है- खासकर, उत्तर कर्नाटक में। यह अलग बात है कि विधानसभा में वे अपनी पार्टी के अकेले विधायक हैं- गंगावती विधानसभा क्षेत्र से। उधर तमाम प्रशासकीय नाकामियों एवं इलेक्टोरल बॉन्ड्स सहित कई-कई आरोपों से घिरने के कारण मोदी की लोकप्रियता का ग्राफतो गिरा ही है, भाजपा का जनाधार भी तेजी से घटा है। तिस पर भाजपा एवं उसके राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबन्धन (एनडीए) को जैसी कड़ी चुनौती संयुक्त प्रतिपक्ष इंडिया के द्वारा मिल रही है, वैसे में मोदी-भाजपा का तीसरी बार केन्द्र में सरकार बनाना लगभग नामुमकिन लग रहा है। ऐसी परिस्थिति में भाजपा एक-एक सांसद पाने के लिये संघर्षरत है। जनार्दन रेड्डी सहित तमाम विवादास्पद लोगों को भाजपा द्वारा जो शामिल किया जा रहा है या उन्हें अपना चुनावी सहयोगी बनाया जा रहा है, उसका कारण लोकसभा-2024 में पराजय का भय है। यह बात इससे भी साबित होती है कि, जैसा स्वयं जनार्दन रेड्डी ने बतलाया है, उन्हें केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की ओर से दिल्ली आने का निमंत्रण मिला था।



**जिन येदियुरप्पा ने बतौर मुख्यमंत्री उन्हें पर्यटन मंत्री से हटा दिया था और नाराज होकर उन्होंने भाजपा छोड़कर अलग दल बनाया था, उनके पुत्र विजयेन्द्र के साथ काम करने का अवसर मिलने पर उन्होंने खुशी जताई है। विजयेन्द्र ने भी कहा है कि जनार्दन रेड्डी की घरवापसी से राज्य में भाजपा और मजबूत होगी।श् आखिर क्यों न हो? वे भाजपा के लिये आर्थिक मदद देने वालों में से प्रमुख थे। अब फिर से रहेंगे। स्मरण हो कि 1998 में जब बेल्लारी लोकसभा क्षेत्र से सोनिया गांधी ने अपना पहला चुनाव लड़ा था तब भाजपा की प्रत्याशी पूर्व केन्द्रीय मंत्री दिवंगत सुषमा स्वराज का प्रचार अभियान सम्भालने वालों में वे प्रमुख थे। कहा जाता है कि वित्तीय पक्ष भी वे ही देखा करते थे। ऐसे व्यक्ति के किसी भी दल में शामिल होने से उसके आर्थिक फायदे क्या हो सकते हैं, इसका अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है।**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# दो ट्रकों की भिड़ंत से लगी आग में चालाकों की जलकर मौत

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



महोबा में सड़क हादसे में दो लोगों की मौत है. हाईवे पर दो ट्रकों के आमने- सामने टक्कर होने से उसमें आग लग गई. दोनों चालकों की जिंदा जलकर मौत हो गई. पुलिस ने शव को अपने हिरासत में ले लिया है.

महोबा में देर रात उस समय भीषण सड़क हादसा हो गया जब हाईवे पर दो ट्रकों के आमने-सामने टकरा जाने से ट्रकों में आग लग गई. इस हादसे में ट्रक में मौजूद दोनों चालकों की जिंदा जलकर मौत हो गई है. सूचना पर एएसपी, एसडीएम सहित यातायात और फायर ब्रिगेड कर्मी मौके पर पहुंचे. जहां फायर बिग्रेड की तीन गाड़ियों से बमुश्किल ट्रकों की आग को बुझाया गया और मृतकों के शवों को बाहर निकाल कर मोर्चरी हाउस में रखवाया गया है। दरअसल आपको बता दें कि यह दर्दनाक हादसा जनपद के खन्ना थाना क्षेत्र अंतर्गत कानपुर सागर नेशनल हाईवे का है. जहां पर देर रात दो ट्रकों में हुई सीधी भिड़ंत के बाद भीषण आग लग गई. देखते-देखते ही आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और दोनों ट्रक धू धू कर जलने लगे. हाईवे के बीचो-बीच दोनो ट्रक आग का गोला बन गए. दो ट्रकों में भिडंत के बाद आग लगते ही हाईवे जाम हो गया जिसमे सैकड़ों वाहन जाम में फंसे रहे. पुलिस द्वारा क्रेन की मदद से जलकर खाक हुए ट्रकों को हाईवे से हटाकर यातायात को सुचारु किया गया। इस दर्दनाक हादसे में ट्रक चालक 35 वर्षीय विपिन मौर्या पुत्र सज्जन लाल है जो जनपद उन्नाव के थाना सहरामऊ अंतर्गत ग्राम भैसोरा का रहने वाला है जबकि दूसरा मृतक ट्रक चालक राजकुमार पाल है जो कानपुर का रहने वाला बताया जा रहा है. दोनो के शवों को जिला अस्पताल के मोर्चरी हाउस रखवा दिया गया है और सुबह पोस्टमार्टम की कार्यवाही कर अन्य वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

# राजनीतिक दल सुविधा पोर्टल के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं कार्यक्रमों की अनुमति

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश नें बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को दृष्टिगत रखते हुए प्रत्याशियों तथा राजनैतिक दलों को मीटिंग, रैली, वाहनों, अस्थायी निर्वाचन कार्यालय, माइक, हेलीकाप्टर तथा हेलीपैड से सम्बन्धित अनुमति प्राप्त करने हेतु सिंगल विण्डो सिस्टम (सुविधा पोर्टल) विकसित किया गया है तथा निर्देशित किया गया है कि उक्तानुसार समस्त कार्यवाही ऑनलाइन पोर्टल/ऐप के माध्यम से प्राप्त की जायेगी तथा सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा उक्त पोर्टल ऐप के माध्यम से अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत किये जायेगें। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु बैठकों/ रैली/वाहनों/ अस्थायी निर्वाचन कार्यालय, लाउडस्पीकर, हेलीकाप्टर तथा हेलीपैड से सम्बन्धित अनुमति हेतु जिलाधिकारी कार्यालय महोबा स्थित अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) महोबा के कक्ष में सिंगल विण्डों सिस्टम स्थापित की गयी है। नामांकन की तिथि तक अनुमतियां अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) महोबा के स्तर से प्राप्त की जायेगी तथा नामांकन के दिनांक 26.04.2024 से अनुमतियां रिटर्निंग आफिसर, 47-हमीरपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के स्तर से प्राप्त की जायेगी।

अतः निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों / राजनैतिक दलों को सूचित किया जाता है कि बैठकों/रैली/वाहनों/अस्थायी निर्वाचन कार्यालय, लाउडस्पीकर, हेलीकाप्टर तथा हेलीपैड से सम्बन्धित अनुमति अपर जिलाधिकारी (वि0/रा) महोबा के कक्ष में स्थापित सिंगल विण्डों सिस्टम (सुविधा पोर्टल) के माध्यम से प्राप्त करने का कष्ट करें। सुविधा ऐप भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट (http://eci.gov.in) एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ की बेवसाइट (http://ceoup.nic.in) से एण्ड्रायड / एपिल मोबाइल पर डाउनलोड किया जा सकता है। किसी भी प्रकार की असुविधा के लिए अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) महोबा के कक्ष में सिंगल विण्डों सिस्टम एवं जिला निर्वाचन कार्यालय महोबा से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## खबरें एक नजर में

### साइबर क्राइम पुलिस ने पीड़ित के रुपये कराए वापस

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** साइबर फ्रॉड की रोकथाम के सम्बन्ध में कार्यवाही करने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार वर्मा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अपराध तथा क्षेत्राधिकारी अपराध के मार्गदर्शन में थाना साइबर क्राइम इटावा ने साइबर फ्रॉड लोन के नाम पर यूपीआई के माध्यम से निकाले गये रुपयों पर कार्यवाही करते हुये 1,21,000 रुपये वापस कराये। आवेदक पवन अग्रवाल पुत्र विश्वनाथ अग्रवाल निवासी 46 ब्राउनगंज पुरानी मंडी थाना कोतवाली जनपद इटावा द्वारा अपने साथ लोन के नाम पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा स्वयं के खाते से रुपये स्थानांतरण कर लेने के सम्बन्ध में पीड़ित द्वारा थाना साइबर क्राइम इटावा पर शिकायत दर्ज की गयी थी । जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा थाना साइबर क्राइम इटावा को घटना का संज्ञान लेते हुये कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एवं क्षेत्राधिकारी अपराध के कुशल मार्गदर्शन में थाना साइबर क्राइम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये विभिन्न माध्यमों से साक्ष्य संकलन किये गये एवं बैंक अधिकारी/पेमेन्ट गेटवे के नोडल अधिकारी इत्यादि से वार्ता कर आवेदक के रुपये वापस करने का प्रयास किया गया जिसमें पीड़ित के 1,21,000 रुपये वापस कराये गये। अपने रुपये वापस पाकर पीड़ित द्वारा प्रसन्नता जाहिर करते हुये थाना साइबर क्राइम टीम व इटावा पुलिस की प्रशंसा की गयी तथा थाना साइबर क्राइम टीम का विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस सफलता में तारिक खान प्रभारी निरीक्षक थाना साइबर क्राइम मय टीम का सराहनीय योगदान रहा। थाना साइबर क्राइम जनपद इटावा द्वारा वर्ष 2024 में अब तक कुल 3,89,805 रुपये वापस कराये गये हैं।

### दो बाइकों की भिड़ंत में तीन लोग घायल

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** थाना बकेवर क्षेत्र के अन्तर्गत बरुणा ढाबा के सामने हाइवे पर दो बाइकों की भिड़ंत में एक महिला समेत तीन लोग घायल हो गये।

बकेवर थाना क्षेत्र के वरुणा ढावा के सामने हाइवे पर दो बाइकों की भिड़ंत में तीन लोग घायल हो गए। सराय मिट्ठे गांव निवासी राम सिंह पाल पुत्र बैजनाथ पत्नी गीता देवी को महेवा से दवाई लेकर बाइक से वापस लौट रहे थे। बरुणा ढावा के सामने पहुंचे। कि दूसरी बाइक सवार ने पीछे से भिंड़त हो गयी। दूसरा बाइक सवार विशाल पुत्र राजवीर सिंह ग्राम द्वारकापुर औरैया भी घायल हो गया है इस हादसे में दोनों बाइको पर सवार पर तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भिजवाया।

### दहशत फैलाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** थाना बकेवर क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम खितौरा में हवाई फायर कर दहशत फैलाने वाले दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया। जिनके पास से एक लाइसेंसी रायफल बंदूक बरामद की गयी। बकेवर थानाध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि हवाई फायर करने के मामले में बुधवार की दोपहर में थाना क्षेत्र के खितौरा गाँव से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। लाइसेंसी राइफल बंदूक बरामद कर ली गयी। 21 मार्च को आरोपियों द्वारा मटकी बांधकर फायरिंग की थी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस संज्ञान लेकर आरोपित भगवन्त सिंह पुत्र राम लखन व राहुल पुत्र भगवंत निवासीगण ग्राम खितौरा को गिरफ्तार कर आरोपितों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट में करवाई जेल भेज दिया।

### नाले में मिला दिव्यांग का शव

**मौदहा, समृद्धि न्यूज।** भैंस चराने गया दिव्यांग जब घर नहीं लौटा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की लेकिन अगले दिन गांव के निकट नाले में दिव्यांग का शव उतराता हुआ मिल गया।प्रथम दृष्टिकोण से नाले में फिसल कर मौत होना बताया जा रहा है। बिवांर थाना क्षेत्र के ग्राम रतौली निवासी मेवालाल विश्वकर्मा (60) पुत्र श्याम लाल दिव्यांग होने के कारण भैंस चराकर अपना जीवन निर्वाह करता था। प्रतिदिन की भांति बुधवार को भी वह भैंस लेकर चराने गया था, लेकिन देर शाम तक जब वापस नहीं आया तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। गुरुवार सुबह गांव के निकट सीहो नाले में एक शव उतराते होने की सूचना मिलते ही हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नाले से निकाला तो उसकी पहचान मेवालाल के रूप में की गई। मृतक के भाई भरोसा लाल की तहरीर पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर परिजनों को सौंप दिया है और आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। मृतक के भाई भरोसा लाल ने बताया कि उसका भाई अविवाहित था और बुधवार को भैंस लेकर चराने गया था। लेकिन जब देर रात तक नहीं लौटा तो हमने काफी खोजबीन की लेकिन कहीं भी पता नहीं चला और सुबह नाले में लाश मिली है। जबकि लोगों का मानना है कि मृतक के एक हाथ नहीं था और शौच के लिए नाले में गया होगा, जिसके बाद फिसल कर नाले में चला गया होगा और तैर नहीं पाने के कारण डूबने से मौत हुई होगी। फिलहाल पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया है।

### डीएम को सौंपा ज्ञापन

**राठ, समृद्धि न्यूज।** स्वामी ब्रह्मानंद महाविद्यालय को विश्व विद्यालय बनाए जाने को लेकर धरना प्रदर्शन के 208 वें दिन धरना प्रदर्शन कर रही चंद्रकांता राजपूत ने जिला अधिकारी राहुल पांडेय को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान चंद्रकांता राजपूत ने कहा कि स्वामी ब्रह्मानंद महाराज के नाम से विश्व विद्यालय बने। भविष्य में विश्व विद्यालय का नाम न बदला जाए। स्वामी ब्रह्मानंद महाराज को भारत रत्न से नवाजने के लिए पूर्ण प्रयत्न सरकारें करें। चार दिसंबर को स्वामी ब्रह्मानंद महाराज के जन्म दिवस पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए। इस दौरान डीएम ने ज्ञापन लेकर आश्वासन दिया। कहा कि चुनाव बाद पुनः धरना दिया जाएगा। इस मौके पर तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कोतवाल, स्वामी ब्रह्मानंद राजकीय विश्वविद्यालय सेवा समिति के शिवरतन सिंह राजपूत, केशव सिंह लोधी, दीपेन्द्र सिंह, चंदशेखर सविता, विमल कुमार रावत, रत्नेश सिंह राजपूत, मलखान सिंह निषाद, गनपत सिंह कोटेदार आदि लोग मौजूद रहे।

# एसडीएम ने मतदान बूथों का किया निरीक्षण

- समुचित व्यवस्था दुरुरत कराने के दिए निर्देश

**चरखारी महोबा, समृद्धि न्यूज।**

**हमीरपुर महोबा** तिंदवारी लोक सभा क्षेत्र में 20 मई को होने वाले मतदान के पूर्व बूथों पर बिजली पानी' शौचालय सहित आवश्यक बिन्दुओं का निरीक्षण करते हुए मिली खामियों को दूर करने के निर्देश एसडीएम चरखारी डॉ0 प्रदीप कुमार ने जारी किए। ज्ञातव्य हो कि चरखारी कस्बा में 22 बूथ हैं जिसमें लोकसभा के लिए मतदान होना है। मतदान के दौरान मतदान पार्टी सहित मतदाताओ की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए निर्वाचन आयोग के निर्देश पर अभी से बूथों पर समस्त सुविधाएं मुहैया कराए जाने के निर्देश के क्रम में उपाजिलाधिकारी चरखारी ने चरखारी कस्बा स्थित विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान मतदान केन्द्र पर बूथों का स्पष्ट अंकन किए जाने' शौचालय' मतदान कक्षों की सफाई' प्रकाश व्यवस्था' आदि की समीक्षा की तथा समुचित व्यवस्थाएं दुरूस्त कराने के निर्देश दिए। मतदान केन्द्रों में दिव्यांगों के लिए बनाई गयीं रैम्प को दुरूस्त किए जाने के निर्देश जारी किए। मतदान केन्द्र व बूथों पर चुनाव आचार संहिता के अन्तर्गत आने वाले चित्रों व सामग्री को हटाए जाने के निर्देश भी एसडीएम चरखारी द्वारा दिए गए। इस दौरान उन्होंने प्राथमिक विद्यालय भैरोगंज' कन्या प्राथमिक विद्यालय सदर बाजार' राजकीय गंगा सिंह इण्टर कालेज सहित कस्बा के विभिन्न बूथों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# पन्द्रह दिन में केवल एक बार मिला पानी, टंकी बनी शो पीस

- पानी की टंकी का लाइट कनेक्शन कटा

**चरखारी महाबा, समृद्धि न्यूज।**




मामला चरखारी ब्लाक के ग्राम पंचायत ऐंचना का है जहाँ सरकार की नमामि गंगे योजना धरातल पर हकीकत कुछ और ही बंया कर रही है केन्द्र एवं राज्य सरकारो का मकसद हर घर जल योजना को हर घर तक पानी पहुंचाना मुख्य लक्ष्य था लेकिन सम्बंधित कर्मचारियों की लापरवाही के चलते हर घर जल योजना फ्लॉप साबित हो रही है


बता दें कि ग्राम पंचायत ऐंचाना में पानी की टंकी मे पानी की सप्लाई पन्द्रह दिनो से ठप पड़ी है जिसके कारण लगभग दर्जनो गाँव पानी आने का इंतजार कर रहे है। अधिकतर ग्रामीणो का कहना कि गाँवो मे हर घर जल योजना फ्लाप नजर आ रही है

केंद्र की उच्च प्राथमिकता वाली नमामि गंगे परियोजना की सफलता पर सवाल उठ रहे हैं। परियोजना के दो साल बाद भी पेयजल संकट से जूझ रहे बुंदेलखंड के महोबा जिले में नमामि गंगे योजना के तहत पाँच योजनाओं पर काम किया जा रहा है । योजनाओं के कार्य की प्रगति देखने के लिये यूपी के जल शक्ति मंत्री ने जिले के फुटेरा गाँव पहुँच कर धवर्रा सिजवाहा सहित अन्य पेयजल योजना का निरीक्षण किया गया था। जिसमे 978 करोड़ रुपये की लागत से तैयार की जा रही यह योजना महोबा जिले के 264 ग्रामीण पंचायतों की 11 लाख आबादी को लाभान्वित करेंगी। जिससे पेयजल की समस्या से छुटकारा मिल सकेगा।

लेकिन जहाँ एक तरफ शासन -प्रसाशन की बड़ी लापरवाही को देखा जा रहा सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार विद्युत विभाग का बिल बकाया होने के कारण लाईट विभाग ने टंकी सप्लाई की मैन-लैन कांट दी गयी ।

# दो पक्षों में हुए विवाद व मारपीट के बाद दबंगों ने छत से लहराया तमंचा, वीडियो वायरल

**राठ, समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र के लींगा मोड़ पर दो पक्षों में हुए विवाद और मारपीट के बाद मारपीट करने वाले युवकों के घर में उलाहना देने के लिए गए युवक के भाई ने दबंगो पर छत पर चढ़कर अवैध तमंचा लहराते और फायरिंग करने का आरोप लगाते हुए तीन युवकों के विरुद्ध जरिया थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं छत पर चढ़कर सरेआम तमंचा लहराने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

राठ क्षेत्र के गोहांड कस्बे के निवासी विवेक पुत्र भूपेंद्र सिंह ने जरिया थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका भाई मनीष राठ क्षेत्र के लींगा पर खड़ा हुआ था तभी उसी दौरान गोहांड कस्बे के तीन दबंग युवक आए और उसके भाई के साथ बेवजह जमकर मारपीट करते हुए एवं जान से मारने की धमकी देकर चले गए। बताया कि मारपीट की घटना के बाद जब उसका भाई मनीष मारपीट करने वाले युवकों के घर में उलाहना देने के लिए गया तो उक्त युवको ने उसके भाई की बात नहीं सुनी तथा छत पर चढ़कर अवैध तमंचे से फायरिंग करते हुए तमंचा लहराने लगे। बताया कि दबंगों के द्वारा छत पर चढ़कर तमंचे को लहराने व फायरिंग करने का वीडियो भी वायरल हो रहा है। वहीं वायरल वीडियो में छत पर चढ़े युवक अवैध तमंचे को हाथों में लेकर लहराते हुए नजर आ रहे हैं तथा नीचे खड़ा युवक छत पर मौजूद युवकों पर पथराव करता हुआ भी नजर आ रहा है। मामले में जरिया थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर का कहना है कि तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा मामले में वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित कराई जा रही है।

### सोशल मीडिया डिजिटल वालिंटियर सम्मेलन दो अप्रैल को

**मौदहा, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी की बैठक पार्टी के कार्यकर्ता आशीष सिंह के निज निवास में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष अनूप सिंह ने की एवं संचालन प्रहलाद सिंह ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष सुनील पाठक उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष सुनील पाठक ने कहा कि आगामी 2 अप्रैल को अपराह्न 1 बजे नगर के पांडव गेस्ट हाउस में लोकसभा सोशल मीडिया डिजिटल वालिंटियर सम्मेलन होना है जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश के महामंत्री एवं कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के प्रभारी अनूप गुप्ता जी रहेंगे। जिसमें लोकसभा से लगभग 1000 सोशल मीडिया वालिंटियर उपस्थित रहेंगे। जिला अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां दी, बैठक में मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष अनूप सिंह, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष आकाश त्रिपाठी, जिला मंत्री पुष्पराज सोनी आशीष सिंह, प्रमोद वर्मा, जेके गुप्ता, सौरभ धुरियां समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डीएम-एसएसपी ने मतदान स्थलों का निरीक्षण किया



**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत शांति,कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु जिलाधिकारी इटावा एवं एसएसपी इटावा द्वारा भारी संख्या मे पुलिस एवं अर्द्धसैनिक बल के साथ थाना फ्रेण्डस कालोनी क्षेत्रान्तर्गत फ्लैग मार्च एवं फ्रेण्डस कालोनी क्षेत्रान्तर्गत मतदान स्थलों पर पहुंचकर कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया।

आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत शांति,कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु जिलाधिकारी इटावा श्री अवनीश कुमार राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार द्वारा भारी संख्या मे पुलिस एवं अर्द्धसैनिक बल के साथ थाना फ्रेण्डस कालोनी क्षेत्रान्तर्गत फ्लैग मार्च किया गया एवं फ्रेण्डस कालोनी क्षेत्रान्तर्गत मतदान स्थलों क्रमशः बीवीएम इंटर कॉलेज इटावा, पर पहुंचकर मतदेय स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया एवं व्यक्तियों से निर्भीक होकर मतदान करने के बारे में संवाद करते हुए मतदान करने तथा मतदान को निष्पक्ष, निर्विवाद रूप से शांतिपूर्ण एवं सकुशल तरीके से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# कपड़ा प्रेस की दुकान में लगी आग हजारों के जले ग्राहकों के कपड़े



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

सदर थानाक्षेत्र के रमेड़ी तिराहा पर कपड़ा प्रेस की दुकान में अज्ञात कारणों के चलते आग लगने से हजारों रुपये का कपड़ा व अन्य सामान जलकर राख हो गया। आग को काबू में करने के लिए दमकल टीम को घंटों प्रयास करना पड़ा। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को उक्त घटना के संदर्भ में तहरीर दी है।

शहर के काशीराम कालोनी निवासी कमलेश पुत्र शिवराज ने की अवतार मेहेरबाबा रमेड़ी तिराहा में कपड़ा प्रेस करने की दुकान है।गुरुवार की रात्रि लगभग 2:30को दुकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई जिससे दुकान में ग्राहकों के रखें कपड़े व अन्य सामान जल गया। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने घंटो की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और पीड़ित कमलेश को सूचना दी। पीड़ित के अनुसार प्रेस के लिए रखें ग्राहकों के हजारों रुपये का कपड़े जलकर राख हो गया। पीड़ित ने आग लगने के संदर्भ में सदर थाने पर सूचना देकर न्याय की गुहार लगाई है।

### मतदाता जागरूक रैली निकालकर मतदान के लिए किया जागरूक

**सरीला (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** खंड विकास अधिकारी ने विकासखंड के सभागार में कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाई तथा क्षेत्र के पचखुरा व बंधौली गांव में मतदाता जागरूक रैली निकालकर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया। बीडीओ दिव्या त्रिपाठी ने गुरुवार को विकासखंड के सभागार में विकास विभाग, पंचायत विभाग, बाल विकास, पशुपालन व कृषि रक्षा केंद्र के कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाकर मतदान के लिए प्रेरित किया। उधर क्षेत्र के बंधौली व पचखुरा गांव में मतदाता जागरूक रैली का आयोजन हुआ। जिसमें विभिन्न विभागों के ग्राम स्तरीय कर्मचारियों ने रैली निकालकर लोगों को भय मुक्त होकर निष्पक्ष मतदान के लिए जागरूक किया। इस मौके पर विकास अधिकारी राम मनोहर सोनी सचिव दिनेश दीक्षित, रिश्ता तिवारी, मुकेश कुमार, श्याम सुंदर, राधेश्याम, विनय यादव, गगन सोनी, धीरज कुमार, आनंद कुमार सहित समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

# अज्ञात हमलावरों ने सेल्समैन को गोली मारकर किया घायल

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

थाना बकेवर क्षेत्र के अंतर्गत चंदपुरा के रहने वाले 55 वर्षीय कमलेश कुमार पुत्र बनवारी लाल नौधना के पास स्थित देसी शराब की दुकान पर सेल्समैन का काम कर रहे थे। देर रात करीब अज्ञात हमलावरों ने कमलेश कुमार को गोली मार दी जिससे सेल्समेन गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने जब गोली चलने की आवाज सुनी तो देखा तो सेल्समैन गंभीर रूप से घायल था। इस पर ग्रामीणों ने पुलिस और परिजनों को सूचना दी गई।

आनन-फानन में परिजन पहुंच कर घायल को सींएचसीं महेवा पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने के चलते जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया हैं। वहीं घटना की सूचना मिलते ही मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सतपाल सिंह व सीओ भरथना अतुल प्रधान थानाध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा मय पुलिस फोर्स के पहुंचकर घटना का निरीक्षण कर परिजनों से वार्ता कर तहरीर लेकर आगे की जांच में जुट गई है वही ठेका अनुज्ञपि मालिक राजवीर सिंह यादव ने बताया की गोली मारकर हमलावर दिनभर की बिक्री के रुपए भी लेकर फरार हो गए !हम लोग कार्रवाई चाहते हैं। महेवा सीएचसी चिकित्सक डॉक्टर राघव गुप्ता ने बताया कि बकेवर थाना क्षेत्र के चदपुरा बकेवर निवासी कमलेश कुमार हाथों में गोली लगी हैं अस्पताल में परिजन लेकर आए हैं प्राथमिक उपचार के बाद उनको जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

# वैश्य एकता परिषद ने मनाया होली मिलन समारोह

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम शरण गुप्ता के आवास पर वैश्य एकता परिषद का होली मिलन समारोह आयोजित किया गया वैश्य समाज की महिलाओं पुरुषों बच्चों ने धूमधाम से होली के गीतों पर नाच गाते हुए फूलों की होली खेली उपस्थित सभी लोगों का रामशरण गुप्ता एवं जिला अध्यक्ष हरिओम गुप्ता ने पट्टा पहनाकर एवं तिलक लगाकर सभी का स्वागत किया।

वैश्य एकता परिषद के जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन ने सभी के ऊपर फूल बरसा कर होली की बधाई दी। संगीत पार्टी द्वारा भक्ति एवं होली के गीत गाकर लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर युवा जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता आनंद मित्तल राजेश अग्रवाल हैप्पी जैन आलोक गुप्ता हरिशंकर पटेल रंजीत सिंह सुबोध अग्रवाल विवेक स्वरूप अग्रवाल मुकेश गुप्ता पूनम अग्रवाल संगीता अग्रवाल शोभा गुप्ता अल्पना गुप्ता पूजा गुप्ता पूनम अग्रवाल संगीता अग्रवाल आदि वैश्य समाज के लोग शामिल हुये।



## मुरादाबाद मंडल में नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के लिए 'ट्रेन हैंडलिंग प्लान'

**आधारिक अवसंरचना को और सुदृढ़ करने हेतु उत्तर रेलवे द्वारा मुरादाबाद मंडल में आलमनगर-शाहजहांपुर सेक्शन के टोडरपुर स्टेशन पर डाउन रेल लाइन प्रारंभ करने के संबंध में प्री नॉन-इंटरलॉकिंग एवं नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य किया जायेगा। इस कार्य के संपादन हेतु रेलवे द्वारा दिनांक 03.04.2024 से 05.04.2024 तक विभिन्न अवधियों के उपयुक्त ट्रैफिक ब्लॉक्स लिये जायेंगे। परिणामस्वरूप, ब्लॉक्स की अवधि के दौरान निम्नलिखित रेलगाड़ियाँ अस्थाई रूप से प्रभावित रहेंगीः-**

**रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण**

| रेलगाड़ी सं. एवं रेलगाड़ी का नाम | तिथि(यॉं) आरंभिक स्टेशन से |
|---|---|
| 14235 वाराणसी – बरेली एक्सप्रेस | 02.04.2024 से 04.04.2024 |
| 14236 बरेली – वाराणसी एक्सप्रेस | 03.04.2024 से 05.04.2024 |
| 14307/14308 प्रयागराज संगम – बरेली – प्रयागराज संगम एक्सप्रेस | 03.04.2024 से 05.04.2024 |

**रेलगाड़ियों का आंशिक निरस्तीकरण**

| रेलगाड़ी सं. एवं रेलगाड़ी का नाम | स्टेशन जहाँ रेलगाड़ी यात्रा समाप्त/प्रारंभ करेगी | स्टेशन जिनके बीच रद्द रहेंगी | आंशिक निरस्तीकरण की तिथि (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|---|
| 04319 लखनऊ–शाहजहांपुर एक्सप्रेस | बालामऊ जं. पर | बालामऊ–शाहजहांपुर | 02 एवं 04.04.2024 |
| 04320 शाहजहांपुर–लखनऊ एक्सप्रेस | बालामऊ जं. से | शाहजहांपुर– बालामऊ | 03 एवं 05.04.2024 |

**रेलगाड़ियों का पुनर्निर्धारण**

रेलगाड़ी संख्या 15074 टनकपुर–सिंगरौली त्रिवेणी एक्सप्रेस दिनांक 03 एवं 05.04.2024 को टनकपुर से 08:35 बजे की जगह 10:05 बजे प्रस्थान करेगी।

रेलगाड़ी संख्या 22454 मेरठ सिटी–लखनऊ एनई राज्य रानी एक्सप्रेस दिनांक 03 से 05.04.2024 तक मेरठ सिटी से 06:40 बजे की जगह 08:40 बजे प्रस्थान करेगी।

रेलगाड़ी संख्या 15076 टनकपुर–शक्ति नगर त्रिवेणी एक्सप्रेस दिनांक 04.04.2024 को टनकपुर से 08:35 बजे की जगह 10:05 बजे प्रस्थान करेगी।

रेलगाड़ी संख्या 15098 जम्मू तवी–भागलपुर अमरनाथ एक्सप्रेस दिनांक 02.04.2024 को जम्मू तवी से 22:45 बजे की जगह 23:50 बजे प्रस्थान करेगी।

रेलगाड़ी संख्या 15652 जम्मू तवी–गुवाहाटी लोहित एक्सप्रेस दिनांक 03.04.2024 को जम्मू तवी से 22:45 बजे की जगह 23:50 बजे प्रस्थान करेगी।

रेलगाड़ी संख्या 12332 जम्मू तवी–हावड़ा जं. हिमगिरी एक्सप्रेस दिनांक 04.04.2024 को जम्मू तवी 22:45 बजे की जगह 23:50 बजे प्रस्थान करेगी।

रेलगाड़ी संख्या 15044 काठगोदाम–लखनऊ एनई एक्सप्रेस दिनांक 04 एवं 05.04.2024 को काठगोदाम से 11:15 बजे की जगह 12:15 बजे प्रस्थान करेगी।

**रेलगाड़ियों का विनियमन**

| रेलगाड़ी सं. एवं रेलगाड़ी का नाम | विनियमन की अवधि | तिथि(यॉं) आरंभिक स्टेशन से |
|---|---|---|
| 13152 जम्मू तवी–कोलकाता एक्सप्रेस | मार्ग में 60 मिनट | 02 से 04.04.2024 तक |
| 15910 लालगढ़ जं.–डिब्रूगढ जं. एक्सप्रेस | मार्ग में 60 मिनट | 02 से 04.04.2024 तक |
| 15623 भगत की कोठी–कामाख्या जं. एक्सप्रेस | मार्ग में 30 मिनट | 02.04.2024 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले स्टेशनों एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाईट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

हमें फॉलो करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा – हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

939/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# एंटी करप्शन टीम ने विद्युत विभाग के लिपिक को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज

- पीड़ित किसान से काम करने के बदले में मांगे थे सात हजार
- टीम की कार्यवाही की भनक मिलते ही विभाग में मचा हड़कंप

**गुरुवार की** दोपहर में उस दौरान कालपी रोड स्थित विद्युत विभाग में हड़कंप मच गया जब वहां झांसी से आयी एंटी करप्शन टीम ने एक लिपिक को किसान से काम के बदले 5 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया। इसके बाद टीम बाबू को पकड़कर कोतवाली ले आयी जहां कागजी कार्यवाही की प्रकिया देर शाम तक चलती रही। मिली जानकारी के अनुसार कोंच तहसील क्षेत्र के ग्राम कैलिया खुर्द निवासी किसान विकास कुमार अपने खेत पर विद्युत कनेक्शन कराना चाहता था लेकिन उससे कनेक्शन देने के नाम पर विद्युत विभाग में तैनात लिपिक सीए बाबू शिविर सहायक मोहन कुमार यादव बार-बार 7 हजार रुपये बतौर रिश्वत की डिमांड करता था। अनेकों पर किसान ने मोहन कुमार यादव से आरजू मिन्नत कर अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला भी दिया लेकिन वह कनेक्शन देने को जब तैयार नहीं हुआ तो किसान ने एंटी करप्शन टीम झांसी से संपर्क कर उन्हें सारे मामले से अवगत कराया और फिर पहले से ही बनायी गयी रणनीति के अनुसार गुरुवार को किसान विकास कुमार पांच हजार रुपये बाबू के पास


एंटी करप्शन टीम द्वारा पकड़ा गया लिपिक मोहन यादव

पहुंचा जहां उसने कनेक्शन कराने के नाम पर रुपये दिये। इस दौरान पहले से ही सक्रिय एंटी करप्शन टीम के सदस्यों ने रुपये देने का वीडियो भी बना लिया और फिर जैसे ही मोहन यादव ने रुपये अपने जेब में तभी एंटी करप्शन टीम ने उसे दबोच लिया और फिर उसके कक्ष से घसीटते हुये बाहर ले आये। बताया जाता है कि उक्त कार्यवाही के दौरान टीम के कई साथी कार्यालय के अंदर ही नहीं बल्कि बाहर भी पूरी तरह से चौकन्ना थे। अचानक हुये घटनाक्रम की भनक जैसे ही विभागीय आला अधिकारियों को पता चली तो अधिकारियों से लेकर लिपिक वर्ग सकते में आ गया वहीं कार्यालय में भी अफरा तफरी का माहौल बन गया। बाद में एंटी करप्शन टीम लिपिक मोहन यादव को अपनी गाड़ी में बैठालकर सदर कोतवाली ले जाये जहां पर कानूनी कार्यवाही चल रही थी।

### विभाग के कई रिश्वतखोर उपभोक्ताओं के निशाने पर

**उरई।** गुरुवार को जिस तरह से एंटी करप्शन टीम झांसी द्वारा विद्युत विभाग के लिपिक को काम के बदले रिश्वत मामले में पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा उसको देखते हुये अनेकों ऐसे उपभोक्ताओं में खुशी नजर आयी तो वह भी ऐसे रिश्वतखोरों के काले कारनामों की शिकायत एंटी करप्शन टीम से करने की मंशा बनाने लगे। यदि सब कुछ ठीक ठाक रहा तो आने वाले समय में विद्युत विभाग के कई रिश्वतखोर कर्मचारी बड़ी हवेली में पहुंचकर अपने कार्यों पर पछतावा करते नजर आयेंगे। कई उपभोक्ताओं ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि सही या गलत कार्य करने के बदले में विद्युत महकमे में अक्सर ही रिश्वत की मांग की जाती है। उनका कहना था कि यह सिलसिला विभाग में लंबे समय से चला आ रहा है।

## रमजान में इबादत के साथ सेहत की हिफाजत भी जरूरी है

उतरौला,बलरामपुर। समृद्धि न्यूज

**17 रमजान** बीत चुका है। तापमान बढ़ रहा है। गर्मी शुरू हो रही है। डॉ अहमद खान कहते हैं कि बदलते मौसम में रोजेदारों को खास एहतियात बरतने की जरूरत है। क्योंकि, रोजेदार एक महीने तक पूरे दिन बिना कुछ खाए और बिना पानी पिए रहते हैं। इसके अलावा उन्हें कामकाज भी करना होता है। खाली पेट रहने से डीहाइड्रेशन का खतरा हो सकता है। लिहाजा खानपान पर खास ध्यान देना होगा। थोड़ी सी लापरवाही भी सेहत पर भारी पड़ सकती है।

रमजान में इबादत के साथ सेहत की हिफाजत भी बेहद जरूरी है। डॉ अहमद खान ने बताया कि गर्मी का मौसम शुरू हो गया है। रिकार्ड तोड़ गर्मी पड़ रही है। अप्रैल माह में गर्मी का सितम और भी बढ़ेगा। ऐसे में बुजुर्गो, गर्भवती महिलाओं और अनियंत्रित डायबिटीज के मरीजों को रोजा रखने के लिए अपने



चिकित्सकों की सलाह जरूर लेनी चाहिए । इस्लाम के जानकार भी जानते हैं कि शरीयत में बिमारी के हालत में रोजा रखने की इजाजत नहीं है। अगर साहिबे हैसियत हैं, तो ऐसे लोग आलिम से पूछकर कुफ्फरा (गरीब मिस्कीन की मदद) कर अदा कर सकते हैं। इसके अलावा जो लोग किडनी, लीवर और हृदय रोग से पीड़ित हैं, वह लोग भी अपने चिकित्सकों के परामर्श के बाद ही रोजा रखें।

### रोजेदारों को खास एहतियात जरूरी

- इफ्तार में हल्का खाना खाएं, फास्ट फूड से परहेज करें।
- डीहाईड्रेशन से बचने के लिए रोजा खोलते समय नींबू पानी और नारियल पानी का इस्तेमाल करें।
- इफ्तार के वक्त रेड मीट बिल्कुल न खाएं, यह कलेस्ट्रॉल बढ़ाता है।
- खजूर का इस्तेमाल ज्यादा करें, इसमें फाइबर और पोषक तत्व होते हैं जो बीमारियों से लड़ने के लिए एंटी-ऑक्सीडेंटस भी होते हैं।
- सहरी में ड्रायफ्रूट्स के साथ दूध का इस्तेमाल करें, सहरी जरूर करें।
- तरबूज, खरबूजा, खीरा, ककड़ी और अन्य फलों को 30 दिन तक नियमित इफ्तार का हिस्सा बनाए।
- घी, रिफाइंड ऑयल और तेल मसालों से बनी चीजों से बचें।
- इफ्तार करते समय कोल्ड ड्रिंक, और फ्रिज का ठंडा पानी का प्रयोग हरगिज न करें।
- इफ्तार के तुरंत बाद धूम्रपान से परहेज करें।

## खबरें एक नजर में

### एनसीसी आर्मी विंग के अंडर ऑफिसर विक्रांत ने बढ़ाया साकेत का मान



**अयोध्या।** साकेत महाविद्यालय के एनसीसी आर्मी विंग के अंडर ऑफिसर विक्रांत सिंह ने एनसीसी ग्रुप मुख्यालय प्रयागराज में आयोजित कार्यक्रम में एनसीसी के डायरेक्टर जनरल लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीर पाल सिंह से प्रशंसा मेडल प्राप्त कर साकेत महाविद्यालय का नाम बढ़ाया है। ध्यातव्य हो कि अंडर ऑफिसर श्री सिंह 65वी वाहिनी एनसीसी के एकमात्र वह कैडेट हैं जिनको यह प्रशंसा मेडल इस वर्ष प्राप्त हुआ है। अंडर ऑफिसर श्री सिंह को यह प्रशंसा मेडल अपने दो वर्ष की कड़ी मेहनत,नेतृत्व के गुण और एनसीसी की हर गतिविधि,चाहे वह महाविद्यालय स्तर की हो या बटालियन स्तर की हो,उसमें उनकी सक्रिय भागीदारी के बल पर प्राप्त हुआ है।यह कहने में कोई अतिशयोक्ति भी नहीं होगी की अंडर ऑफिसर श्री सिंह की ड्रिल और टर्न आउट ने ही, बटालियन की हर गतिविधि और हर सम्मान परेड का नेतृत्व करने का अवसर अंडर ऑफिसर विक्रांत को ही मिला है।राष्ट्रीय स्तर के इस सम्मान मिलने पर 65वीं वाहिनी के समादेशाधिकारी कर्नल मनोज कुमार सिंह, प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल संतोष कुमार,साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो अभय कुमार सिंह और महाविद्यालय के एनसीसी आर्मी विंग के कंपनी कमांडर कैप्टन डॉक्टर मनीष कुमार सिंह ने अंडर ऑफिसर विक्रांत सिंह की सराहना की और उनको अपने भविष्य के उद्देश्यों और जीवन में सफल होने के लिए आशीर्वाद भी दिया।यह जानकारी साकेत महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी प्रोफेसर आशुतोष त्रिपाठी ने दी।

### जल जीवन मिशन ने बदहाल की गांव की सड़के

**उतरौला (बलरामपुर)।** जल जीवन मिशन ने विकासखंड रेहरा बाजार के गांव की सड़कों की सूरत बिगाड़ दी है।स्वीकृत पेयजल योजना में पाइप लाइन डालने के लिए सड़कों को खोद कर छतिग्रस्त कर दिया गया है। सड़कों की मरम्मत न होने से लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है वहां चालकों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।मनोज कुमार,नंदलाल ,राहुल ,दिनश ,गंगाराम,अमन ,जग राम,वीरेन्द , विजय बहादुर,मुकेश ,झिनकन ,योगेन्द्र ,कल्लू ने बताया कि सड़क खोदकर मरम्मत न कराने से आमजन का आवागमन प्रभावित हो रहा है। विशुनपुर खरहना ,सरायखास, घोघरा,जिगनी ,देवरिया ,ओवरिडीह ,नेवादा, फिरोजपुर, रामपुर अरना ,अचलपुर चौधरी में कार्य कराया जा रहा है। कई बार ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन के अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया। लेकिन सड़कों की मरम्मत नहीं हुई। जल जीवन मिशन की विकास खंड रेहरा बाजार के गाँवो में करोड़ों रुपए की पेयजल योजना स्वीकृत हुई है। ओवरहेड टैंक, टंकी एवं पाइपलाइन डालने का कार्य होना है। कई सड़कों को खोदकर छतिग्रस्त कर दिया गया है। जिससे वाहनों का संचालन तो दूर राहगीरों का आवागमन भी बाधित हो रहा है। प्रधानों ने ठेकेदार को पाइपलाइन डालने के बाद तुरंत सड़कों को मरम्मत करवाने सहित कई शर्तों पर अनापत्ति प्रमाण पत्र दी थी । पाइपलाइन डालने के बाद अभी तक सड़कों की मरम्मत नहीं कराई गई है।इस सम्बन्ध में उपजिला धिकारी उतरौला अवधेश कुमार ने बताया कि ग्रामीणों की समस्याओं का निदान करने के लिए कार्यदायी संस्था के अधिशासी अभियंता को पत्र भेज दिया गया है। जनहित से जुड़े मामलों में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### सिविल बार संघ भंग , एल्डर कमेटी का गठन, ओमप्रकाश मिश्रा एल्डर कमेटी के अध्यक्ष बने



**दुद्धी, सोनभद्र।** गुरुवार को सिविल बार सभागार मे सिविल बार एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक मे सचिव रामेश्वर राव द्वारा वर्ष 2023-24 की कार्यकारिणी की लेखा -जोखा पेश किया गया, जिसे सदस्यों ने ध्वनि मत से पास कर दिया।कार्यकारिणी की अंतिम बैठक मे सत्यनारायण यादव, प्रभु सिंह, रामजी पाण्डेय, नंदलाल, अमिताभ जायसवाल, विश्वनाथ गुप्ता, नागेंद्र श्रीवास्तव सहित अन्य वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने अपने अपने विचार रखते हुए वर्तमान कार्यकारिणी के कार्यों की सराहना की। आपसी विचार विमर्श के बाद अध्यक्ष रामलोचन तिवारी ने वर्तमान कार्यकारिणी भंग की घोषणा की।कार्यकारिणी भंग होते ही संभावित उम्मीदवार अपनी अपनी पैनल बनाने मे जुट गए हैं और अध्यक्ष, सचिव सहित अन्य पदों के लिए दावेदारी पेश करते हुए समर्थन की अपील करने लगे। कार्यकारिणी भंग के बाद एल्डर कमेटी की घोषणा की गई। जिसमें एल्डर कमेटी चेयरमैन/मुख्य चुनाव अधिकारी ओम प्रकाश मिश्रा को नामित किया गया, जबकि सहायक चुनाव अधिकारी जवाहर लाल पिंटू, अंजनी सिंह, मनोज कुमार मिश्रा तथा रामनरेश को चुना गया। एल्डर कमेटी के चेयरमैन ओम प्रकाश मिश्रा ने बताया कि वर्तमान कार्यकारिणी भंग हो गई हैं। 30 मार्च के बाद सिविल बार एसोसिएशन चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी जाएगी उन्होंने बताया कि 8 अप्रैल से 12 अप्रैल के बीच चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न कराई जा सकती हैं। सिविल बार एसोसिएशन की बैठक मे मुख्य रूप से विश्वनाथ गुप्ता, छोटेलाल, नंदलाल, सत्यनारायण यादव, शिवशंकर प्रसाद, मनोज मिश्रा,प्रभु सिंह, रामेश्वर राव, अंजनी सिंह, रविंद्र यादव, आशीष गुप्ता, रमेश यादव,अंजनी यादव, महेंद्र जायसवाल, संजय यादव,रेणुवंती, सुखसागर, राकेश, आदर्श सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे। बैठक का संचालन सचिव रामेश्वर राव ने किया।

### पांच लाख की हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**सोनभद्र।** स्थानीय पुलिस द्वारा एक हेरोइन तस्कर को 20ग्राम हेरोइन व दो सौ रुपए नगद के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी युवक के पास से पकड़ी गई हेरोइन की अनुमानित कीमत पांच लाख बताई गई। चौकी प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक चोपन के कुशल नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत गुरुवार की सुबह 11बजे मुखबिर की सूचना पर सेवा सदन मोड़ से हेरोइन तस्कर राजेश कुमार उम्र 45वर्ष पुत्र स्व0 जमुना प्रसाद निवासी सेक्टर सी मोड़ डाला चढ़ाई को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के बाद न्यायालय भेजा गया।

## ब्लॉक सभागर में संचारी रोग नियंत्रण अभियान जागरूकता बैठक सम्पन्न

उतरौला(बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज



**गुरुवार को** स्थानीय विकास खंड के सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को लेकर ब्लॉक स्तरीय संवेदीकरण बैठक संपन्न हुई। अध्यक्षता बीडीओ डॉ जितेंद्र नाथ दुबे व संचालन सहायक विकास अधिकारी हनुमान प्रसाद ने किया। बीडीओ डॉ जितेंद्र नाथ दुबे ने उपस्थित सभी कर्मियों से क्रमवार संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान की तैयारियों की जानकारी ली। सभी लोगों ने उन्होंने अप्रैल माह में प्रस्तावित अभियान की तैयारियों के विषय में भी जानकारी दी। मच्छरों पर रोकथाम के लिए सभी गांवों व विद्यालयों में झाड़ियों की कटाई, फागिंग व दवाओं का छिड़काव और साफ सफाई कराने का निर्देश दिया। बताया कि विशेष संचारी रोग अभियान 01 अप्रैल से 31 अप्रैल तक और दस्तक अभियान 10 अप्रैल से 31 अप्रैल तक संचालित होगा। कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने में सभी का सहयोग जरूरी है। जागरूकता स्थापित करने के साथ ग्राम स्तर पर साफ सफाई, हाथ धोना, शौचालय की सफाई तथा घर से जल निकासी हेतु जन जागरण के लिए प्रचार प्रसार कर सफल बनाना होगा। ब्लाक समन्वयक यूनिसेफ राम शंकर यादव ने कहा कि कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के संबंध में दीवाल लेखन कराकर प्रचार प्रसार करें। जिससे अधिक से अधिक लोगों तक जागरूकता फैलाई जा सके, और लोग संचारी रोग की चपेट में आने से बचे रह सके। शुद्ध पेयजल प्रयोग तथा मच्छरों के रोकथाम के विषय में जानकारी दी। अभियान चला कर हर लोगों को जागरूक करने की रूप रेखा तैयार की गई। जनजागरूकता के माध्यम से क्षमता निर्माण पर विशेष बल दिया। कहा कि गांवों में डेंगू और मलेरिया से बचने के लिए साफ सफाई जरूरी है। बच्चों का नियमित टीकाकरण कराएं, घर के अगल बगल साफ सफाई रखें, स्वच्छ पेयजल ही पीएं, जल जमाव न होने दें, कुपोषित बच्चों का विशेष ध्यान दिया जाय। पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान ,आशा, आंगनवाड़ी आदि के सहयोग से रोग से मुक्ति मिल सकती है। पंचायत सचिव अरूण कुमार पटेल, राधे श्याम यादव,अमरनाथ राय, प्रभाकर मौर्य, बीसीपीएम त्रिलोकी नाथ, इसरार अहमद गौर, जगतराम वर्मा , विजय कुमार, प्रेम सागर यादव, राजेन्द्र प्रसाद यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## सभी पंजीकृत मतदाताओं को मतदान से 5 दिन पूर्व जारी की जायेगी मतदाता सूचना पर्ची: जिला निर्वाचन अधिकारी

**बलरामपुर।** डीएम/ जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद सिंह ने बताया की लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में अधिक से अधिक मतदाता अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे इसके लिए विधानसभावार निर्वाचक नामावली में पंजीकृत सभी मतदाताओं को मतदाता सूचना पर्ची जारी की जायेगी। इस मतदाता सूचना पर्ची के आगे के भाग पर निर्वाचक नामावली में भाग संख्या व नाम, क्रम संख्या, पोलिंग स्टेशन का नाम तथा मतदान का दिनांक, क्यू आर कोड इत्यादि का उल्लेख होगा। मतदाता सूचना पर्ची के पीछे के भाग पर पोलिंग स्टेशन का नक्शा तथा बी0एल0ओ0 का नाम, बी0एल0ओ0 का कॉन्टेक्ट नम्बर, मतदान करने के लिए आयोग द्वारा निर्धारित वैकल्पिक दस्तावेज का विवरण तथा अन्य महत्वपूर्ण निर्देश आदि उल्लिखित रहेगा। मतदाता सूचना पर्ची के साथ प्रत्येक परिवार को हिन्दी में रंगीन वोटर गाइड भी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार समस्त पंजीकृत मतदाताओं को मतदाता सूचना पर्ची का वितरण मतदान की तिथि के 09 दिन पूर्व से लेकर मतदान की तिथि से 05 दिन पूर्व तक समस्त मतदाताओं को उपलब्ध करायी जाएगी। बी0एल0ओ0 द्वारा मतदाता सूचना पर्ची, पंजीकृत मतदाता को या उसके परिवार के किसी वयस्क सदस्य को रजिस्टर पर हस्ताक्षर कराने के बाद दी जायेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाता सूचना पर्ची के साथ प्रत्येक परिवार को रंगीन वोटर गाइड दी जाएगी। रंगीन वोटर गाइड में चित्रों के माध्यम से मतदाता ई0वी0एम0 से कैसे अपना मतदान करें तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दी जा रही सुविधा ऐप्स जैसे सक्षम-ईसीआई, वोटर हेल्पलाइन ऐप, अपने अभ्यर्थी को जाने (नो योर कैन्डिडेट) ऐप तथा सी-विजिल ऐप की जानकारी दी गयी है।

## नगर पंचायत कार्यालय में सफाई मित्रों को संचारी रोग नियंत्रण अभियान की दी गई जानकारी

चोपन/सोनभद्र। समृद्धि न्यूज



**संचारी रोग** रोकथाम को लेकर गुरुवार को नगर पंचायत चोपन के सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में स्वास्थ्य विभाग से बीएमसी यूनिसेफ रोहित सिंह ने सफाई मित्रो को संचारी रोगों के फैलने के कारणों और रोकथाम की जानकारी देते हुए नगरवासियों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। कहा कि राज्य मे मानसून आने के साथ शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बीमारियां पैदा होती हैं। हर साल की तरह इस वर्ष भी संचारी रोगों से बचाव को लेकर संचारी नियंत्रण रोग अभियान और दस्तक अभियान अप्रैल माह से शुरू किया जाएगा। चेयरमैन उस्मान अली ने सफाई कर्मचारियों से नालियों के आस पास खड़ी झाड़ियों को साफ करने, एंटी लार्वा का छिड़काव, फॉगिंग करने का निर्देश देते हुए नगर में सफाई व्यवस्था चाकचौबंद रखने और नगरवासियों से साफ सफाई रखने और स्वच्छता में सहयोग करने की अपील की। इस मौके पर लिपिक अंकित पांडेय, पंकज चौधरी,मनोज शुक्ला, लक्ष्मण कुमार, विजय, बंशी, विशाल, अमरनाथ, मनोज इत्यादि कर्मचारी मौजूद रहे।

## राजकीय बालिका इंटर कालेज खंडहर में तब्दील

- छात्र छात्राओं का पठन पाठन बाधित

उतरौला (बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज

**जनपद** का एक मात्र राजकीय बालिका इंटर कालेज उतरौला ऐसा बालिका विद्यालय है जहां की करीब डेढ़ सौ छात्राओ को विज्ञान विषय में प्रयोग सीखने के लिए दूसरे विधालय में जाना पड़ता है। इस विधालय में छात्रों के लिए विज्ञान विषय की प्रयोगशाला भवन बीसों वर्ष बीतने पर निर्माण नहीं हो सका। जनपद की सबसे पुरानी तहसील उतरौला मुख्यालय पर एक मात्र राजकीय बालिका इंटर कॉलेज उतरौला पुराने तहसील भवन में चल रहा है। तहसील भवन 1875 का निर्मित होने से इसमें नये भवन का निर्माण न होने से धीरे धीरे भवन खण्डहर सा हो गया। करीब बीस वर्ष पहले तहसील का स्थानांतरण आसाम रोड किनारे बने नवनिर्मित भवन में होने पर प्रशासन ने इस पुराने भवन में राजकीय बालिका इण्टर कालेज उतरौला का





संचालन शुरू किया। इस समय इस विधालय में करीब पांच सौ छात्राएं पढ़ती है। इसमें विज्ञान विषय की हाई स्कूल व इण्टर कक्षाओं की 150 छात्राएं पढ़ती है। परन्तु विज्ञान विषय के प्रयोगशाला के लिए भवन नहीं है। विज्ञान प्रयोगशाला के लिए भवन न होने से शासन से प्रतिवर्ष आने वाले प्रयोगशाला उपकरण एक छोटे से कमरे में गोदाम बनाकर रख दिया जाता है। विज्ञान प्रयोगशाला न होने से छात्राओं को अध्यापक प्रयोगशाला के माध्यम से प्रशिक्षित नहीं कर पाते हैं। शिक्षा विभाग ने बालिकाओं की समस्याओं को देखते हुए नगर के मोहम्मद युसुफ उस्मानी इण्टर कालेज उतरौला के विज्ञान प्रयोगशाला में हर माह भेजा जाता है। वहां पर किसी तरह छात्राएं साइंस व जीव विज्ञान विषय की प्रयोगशाला से प्रशिक्षित हो पाती है। बताते चलें कि बोर्ड परीक्षा में विज्ञान प्रयोग में छात्राओं को उत्तीर्ण होने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। विधालय में भवन निर्माण न होने का मुख्य कारण पुरानी तहसील की भूमि व भवन का हस्तांतरण शिक्षा विभाग को बीसों वर्ष में न किया जाना है। विधायक राम प्रताप वर्मा ने बताया कि भवन व भूमि को तहसील के राजस्व विभाग से शिक्षा विभाग को हस्तानांतरण की प्रक्रिया जिलाधिकारी के सामने कार्यवाही हेतु विचाराधीन है। जल्द ही उनकी संस्तुति मिल जाएगी और उसके बाद शासन को भेजा जाएगा।

**निरीक्षण** | 3 से 5 साल पुराने वादों को प्राथमिकता विशेष अभियान चलाकर निपटाएं

## डीएम ने सदर तहसील के निरीक्षण में फरियादियों की सुनी समस्यायें

- आरसीसीएमएस पोर्टल पर शत प्रतिशत बैनामे को दर्ज किया जाए

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज



**जिलाधिकारी** राजेश कुमार पाण्डेय ने मण्डी स्थित तहसील उरई का गुरुवार को औचक निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। तहसील में आये फरियादियों से वार्ता कर संबंधित अधिकारियों से लंबित आवेदनों का निस्तारण कराया। उन्होंने तहसील के समस्त पटलों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने न्यायालय तहसीलदार को निर्देशित किया कि समस्त वादों को दर्ज कर समयान्तर्गत वादों का निस्तारण करें एवं अविवादित वादों का समय अंतर्गत निस्तारण करना सुनिश्चित करें। धारा 34 के प्रकरण में कृषि बैनामा ऑनलाईन प्राप्त होने के बाद आरसीसीएमएस पोर्टल पर शत प्रतिशत बैनामे को दर्ज किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि धारा 24, धारा 116, 117 तथा धारा 80, धारा 67 का समयबद्ध निस्तारण किया जाये, साथ ही निर्देशित किया कि 3 साल व 5 साल से पुराने प्राप्त वादों को प्राथमिकता पर समयनुसार विशेष अभियान चलाकर निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाये। आय, जाति, निवास का कोई भी प्रार्थना पत्र एक सप्ताह से अधिक और हैसियत प्रमाण पत्र एवं धारा 24 के प्रकरण गुण दोष के आधार पर एवं दायरा की तिथि के अनुसार क्रम से पैमाइश 2 माह के भीतर लम्बित प्रकरण समयबद्ध वाद निस्तारण करना सुनिश्चित करें। भूमि विवाद में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर पहुंचकर गुणदोष के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि बंधक, खसरा खतौनी नकल लेने वालों को खतौनी आदि देने में बिलंब नहीं होना चाहिये साथ ही उन्होंने कहा कि समस्त लेखपालों का समय निर्धारित का नाम अंकित करते हुए सूचना पट पर चस्पा करें जिससे फरियादियों को परेशान न होना पड़े। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी सुरेश पाल, तहसीलदार, नायब तहसीलदार आदि मौजूद रहे।

### 11 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायालय

कोन, समृद्धि न्यूज। स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत बृहस्पतिवार को पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक सोनभद्र एवं क्षेत्राधिकारी ओबरा के कुशल मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक कोन लक्ष्मण पर्वत द्वारा चेकिंग के दौरान भूत प्रेत से विवाद एवं जांच पत्र के दौरान शांति भंग करने की संभावना की दृष्टिगत रखते हुए 11 नफर अभियुक्त को विभिन्न स्थानों से गिरफ्तार कर मा . न्यायालय भेजा गया गिरफ्तार करने वाले टीम में प्रभारी निरीक्षक कोन लक्ष्मण पर्वत सहित उप निरीक्षक मनोज कुमार सिंह चौकी प्रभारी चकरिया उप निरीक्षक श्रीकांत राय उप निरीक्षक वंश राज यादव हेड कांस्टेबल शमशेर यादव चौकी चकरिया हेड कांस्टेबल महफूज अली चौकी चकरिया हेड कांस्टेबल विनोद सिंह यादव हेड कांस्टेबल संजय चौहान थाना कोन कांस्टेबल शशिकांत सरोज चौकी चकरिया कांस्टेबल रमेश कुमार मौजूद रहे।

# डीजे और डीएम ने कारागार का किया निरीक्षण

- जेल की सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े उपकरणों समेत अन्य व्यवस्थाओं का लिया जायजा
- आलाधिकारियों ने बंदियों से की वार्ता, सुनी समस्याएं, जेल अधीक्षक को दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**गुरुवार** को जनपद न्यायाधीश लोकेश वरुण एवं जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कारागार के सभी अहातों की बैरकों में निरूद्ध बंदियो (पुरूष व महिला) से उनकी समस्याओं के सम्बन्ध में पूछतॉछ की तथा बैरकों की तलाशी करायी गयी, तलाशी के दौरान कोई निषिद्व वस्तु नहीं पायी गयी। कारागार में पर्याप्त सफाई पायी गयी। बंदियों से पूछताछ के दौरान उनके द्वारा कारागार से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की कोई शिकायत नहीं बतायी गयी। डीजे और डीएम ने निरीक्षण के दौरान जेल की सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े उपकरणों जैसे डोरफ्रेम मेटल डिटेक्टर, हैण्डहेल्ड मेटल डिटेक्टर, सीसीटीवी कैमरें आदि की क्रियाशीलता को देखा । अक्रियाशील कैमरों को तत्काल ठीक कराये जाने तथा कैमरों को प्रत्येक समय क्रियाशील रखे जाने व उनकी प्रत्येक समय मानीटरिंग करने के निर्देश दिये। जेल अस्पताल के निरीक्षण के दौरान चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि वह बीमार बंदियों के उपचार में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही न बरते। कारागार में निरूद्ध वृद्ध व अशक्त बंदियों पर विशेष निगरानी रखे तथा उनका नियमित रूप से परीक्षण कर समुचित उपचार करना सुनिश्चित करे। निरीक्षण के समय किसी भी प्रकार की कोई अनियमितता नहीं पायी गयी। कारागार का कार्यालय भी व्यवस्थित पाया गया। जेल अधीक्षक प्रमोद कुमार त्रिपाठी द्वारा कारागार की स्वच्छता, सौन्दर्यीकरण एवं बंदियों को अनुशासित रखने हेतु विशेष ध्यान दिये जाने के लिये जनपद न्यायाधीश ने उनकी प्रशंसा की। साथ ही कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार विशेष रूचि के साथ कारागार को सुगमतापूर्वक संचालन किया जाए। बैरक में निरीक्षण के दौरान जनपदीय अधिकारियों द्वारा महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों को टॉफी, बिस्कुट, चाकलेट आदि वितरित की गयी, जिसे पाकर बच्चो में उत्साह देखा गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद, जेल अधीक्षक प्रमोद कुमार त्रिपाठी, कारापाल विजय कुमार शुक्ला, उपकारापाल उर्मिला सिंह, उपकारापाल रामबहाल दुबे, चिकित्साधिकारी डा. अजय कुमार पाल तथा प्रभारी मुख्य कार्यालय पंकज कुमार, जेल वार्डर कुलदीप सिंह के साथ सभी प्रशासनिक कर्मचारी मौजूद रहे।

# वृद्धा ने लूट की झूठी घटना बनायी, पुलिस ने जेवरात उसकी बहू को किये वापस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**थाना नवाबगंज** पुलिस ने पीड़िता राधादेवी पत्नी स्व0 मुरलीधर निवासी बरतल थाना नवाबगंज ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 22-23 मार्च की रात्रि समय करीब 12:30 बजे उसके घर में घुस आये। जिसमें एक महिला भी शामिल थी। महिला ने पीड़िता को दबोच लिया और उससे चाबी लेकर संदूक का ताला खुलवाकर उसमें रखे 15 हजार रुपये के जेवरात निकाल लिये। इतना ही नहीं वहीं बैठक उपरोक्त बदमाशों ने छह क्वार्टर शराब भी पी। सूचना पर थाना नवाबगंज की पुलिस व उच्चाधिकारी व फिल्ड यूनिट टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। जांच पड़ताल में मामला संदिग्ध पाया। उक्त संदेह के आधार पर जब पुलिस ने परिजनों से कड़ाई से पूछताछ की तो यह तत्व प्रकाश में आया कि पीड़िता द्वारा जिन जेवरातों को लूटा जाना बताया गया, वहजेवरात पहले से उसकी बहू सुनीता के पास सुरक्षित रखे थे। जिनको दिखाने पर राधादेवी ने बताया कि यह वही जेवरात है जिनको अपने छोटी लड़की की शादी के लिए वापस लेना चाहती थी। लेकिन सुनीता जेवरात देना नहीं चाहती थी। पीड़िता की आयु व पारिवारिक विवाद के मद्देनजर मानवीय आधार पर पुलिस ने उसके विरुद्ध कोई कार्यवाही न करते हुए उनको चेतावनी देकर सभी जेवरात पूर्व की भांति उनकी बहू सुनीता के सुपुर्द कर दिये।



पुलिस द्वारा बरामद किये गये जेवरात

# खेत में लगे कटीले तार में करंट से पांच अन्ना मवेशियों की मौत

- एएसपी, इंदरगढ़ व ठठिया थानाध्यक्ष सहित कई अफसर मौके पर पहुंचे
- बिजली विभाग के जेई ने दर्ज कराया मुकदमा

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**

**हसेरन** कस्बे में एक खेत में बंधे कटीले तारों में आ रहे करंट से पांच अन्ना मवेशियों की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर एएसपी, इंदरगढ़ व ठठिया थाना पुलिस के अलावा बिजली व पशु चिकित्सा विभाग के अफसर मौके पर पहुंचे। मामले में बिजली विभाग ने बिजली चोरी करने वाले के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस से अभियुक्त से पूछताछ कर रही है। इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के हसेरन कस्बा निवासी नीरज मिश्रा अपने घर में खेत में लगे कटीले तारों के माध्यम से कटिया डालकर बिजली चोरी कर रहे थे। बुधवार की रात अचानक किसी तरह से खेत में लगे कटीले तारों में करंट दौड़ गया। इसकी चपेट में आकर पांच अन्ना मवेशियों की मौत हो गई। गुरूवार की सुबह जब लोगों को इसकी जानकारी हुई, तो सूचना इंदरगढ़ पुलिस को दी गई। सूचना पर एएसपी संसार सिंह, इंदरगढ़ थानाध्यक्ष, ठठिया थानाध्यक्ष व अन्य कई विभागों के अफसर मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने पूछताछ के लिए नीरज मिश्रा को हिरासत में ले लिया है। उधर पशु चिकित्साधिकारी इन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि सभी मवेशियों को पोस्टमार्टम कराया गया है। जिसकी रिपोर्ट शुक्रवार को मिलेगी। सभी मृत मवेशियों को दफना दिया गया है। मामले में इंदरगढ़ थानाध्यक्ष ने बताया कि बिजली विभाग के जेई संतराम की तहरीर पर नीरज मिश्रा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।



मृत अन्ना मवेशियों को जेसीबी की मदद से पोस्टमार्टम के लिए ले जाते कर्मी — समृद्धि न्यूज

# महिला मित्र से मिलने गये सिपाही ने रिवाल्वर से खुद को गोली मारी

**जालौन (उरई)। समृद्धि न्यूज**

**प्रदेश** के पुलिस विभाग में कांस्टेबल के पद पर तैनात युवक गौतमबुद्धनगर में अपनी महिला मित्र से मिलने के लिए गया था। महिला मित्र के आवास पर ही युवक ने अपनी ही सरकारी रिवॉल्वर से खुद को गोली मार ली। जिसमें उसकी मौत हो गई। गुरूवार को युवक का शव उसके घर पहुंचा तो घर में कोहराम मच गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम औरेखी निवासी कुलदीप सिंह पुत्र सुनील सिंह प्रदेश के पुलिस विभाग में कांस्टेबल पद पर नियुक्त था। जानकारी के अनुसार कांस्टेबल के संबंध गौतमबुद्ध नगर जिले के बिसरख थाना क्षेत्र में स्थित एक सोसाइटी में रहने वाली महिला मित्र से हो गए थे। मंगलवार की शाम वह अपनी महिला मित्र से मिलने गौतमबुद्धनगर गया था। महिला मित्र के फ्लैट पर कांस्टेबल ने अपनी ही सरकारी रिवॉल्वर से खुद को गोली मार दी। जिसमें उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची ने पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था और पुलिस घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। शुरुआती जो तथ्य सामने आए हैं उसके अनुसार मृतक कांस्टेबल की शादी उसके घरवालों ने कहीं और तय कर दी थी। जबकि वह अपनी महिला मित्र से शादी करना चाहता था और इसी बात को लेकर परेशान था। घटना कांस्टेबल के मौत की सूचना जब घर पर पहुंची तो घर में कोहराम मच गया। बेटा की मौत के बाद पिता सुनील सिंह, मां गायत्री देवी व भाई प्रदुम्न स्तब्ध हैं। गुरुवार को घर पहुंचे शव का परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया है।

## खबरें चलते-चलते

### होली मिलने गए युवक पर लोहे की राड से किया हमला

- सरवौली गांव में शराब की दुकान पर होली मिलने गया था युवक
- पुलिस ने दो नामजद सहित चार पर दर्ज किया मुकदमा

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के नुनारी गांव निवासी एक युवक ने तिर्वा कोतवाली में दो नामजद सहित दो अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। नुनारी गांव निवासी सुरजीत कुमार ने कोतवाली में सरैया गांव निवासी अजय राजपूत, अम्बेडकर नगर निवासी हिस्ट्रीशीटर रामजी व दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह सखौली गांव में स्थित एक शराब ठेके पर अपने मित्र से होली मिलने गया था। इसी दौरान यहां मौजूद उक्त लोगों ने उसके साथ मारपीट कर दी। लोहे की राड से उसके सिर में प्रहार कर उसको गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले में कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### रंजिशन दबंगों ने घेरकर युवक को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** पुराने रंजिश के चलते खेत पर काम कर रहे युवक को गांव के ही दबंगों ने घेरकर लाठी-डंडों से पीट दिया। पीड़ित ने मामले की थाना पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव चांदपुर निवासी संजीव कुमार पुत्र गुलाब सिंह ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गुरुवार सुबह वह अपने खेतों पर तंबाकू की फसल में काम कर रहा था, तभी गांव के ही आरोपीगण पुराने रंजिश को लेकर खेत पर पहुंचे और आरोपियों ने उसको खेत में ही पकड़ लिया तथा लाठी-डंडों से बुरी तरह मारा पीटा। जिससे पीड़ित के शरीर में काफी चोटें आईं। तब पीड़ित किसी तरह छूटकर थाना पुलिस की शरण में आया और थाना पुलिस को गांव के ही नामजद दबंग आरोपी आकाश व विकास पुत्रगण रंजीत व सुरजीत व विजय किशोर पुत्रगण रामगोपाल तथा रामगोपाल के विरुद्ध मारपीट कर जानमाल की धमकी देने की तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने पीड़ित को मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। वहीं ऑफिस में बैठे हेड मोहर्रिर वीरेंद्र सिंह यादव ने चीता मोबाइल पुलिस को तुरंत ही घटनास्थल पर जाने के लिए फोन कर जानकारी दी।

### पानी भरने गयी युवती को पीटा

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** गांव अकराबाद निवासी अनीता ने दी तहरीर में बताया कि घर के सामने सरकारी नल लगा हुआ है। जिस पर सभी ग्रामीण पानी भरते हैं। गुरूवार सुबह अनीता की पुत्री नल पर पानी भरने गयी थी। उसी समय गांव का ही एक व्यक्ति गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर मारपीट करने लगा। स्वजनों के आने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। उक्त व्यक्ति पहले भी कई बार मारपीट कर चुका है। पीड़िता ने थाने पहुंच मामले की तहरीर दी। पुलिस ने कार्रवाई का भरोसा दिया।

### पुत्रियां जबरन लिखवाना चाहती खेत

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना अंतर्गत ग्राम पुराना गनीपुर निवासिनी नारायण देवी पत्नी स्व0 खुशीराम ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी। जिसमें बताया मेरे पति का तीन माह पहले स्वर्गवास हो गया था। उससे पहले मेरे पति ने पांच बीघा खेत अपने बड़े दमाद श्रीकृष्ण पुत्र राजाराम निवासी कछपुरा मैनपुरी को बेचा था। मेरा डेढ़ बीघा खेत शेष बचा है। जिसे मेरी ही दो छोटी पुत्रियां शिवा एवं शिखा जबरन मेरा खेत लिखवाना चाहती है। जब मैंने मना किया, तो मेरी दोनों पुत्रियों ने मेरे साथ मारपीट की।

### बार एसो0 का होली मिलन समारोह 30 मार्च को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बार एसोसिएशन फतेहगढ़ द्वारा 30 मार्च को दोपहर डेढ़ बजे बार एसोसिएशन के सभागार में होली मिलन समारोह का आयोजन होगा। यह जानकारी महासचिव नरेश सिंह यादव ने दी है।

# सीएचसी में उल्टी दस्त, खांसी, जुकाम और बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ी

- चिकित्सकों ने मच्छरों से बचने के साथ खानपाम संयमित रखने की दी नसीहत

**कालपी (जालौन)। समृद्धि न्यूज**

**होलिका दहन** के साथ अस्पताल में उल्टी, दस्त के रोगियों, की संख्या में इजाफा हो गया है। डाक्टरों ने लोगों को मच्छरों से बचने के साथ खानपान संयमित रखने की नसीहत दी है।

गुरुवार को सीएचसी तथा नगर स्थित निजी चिकित्सालयों में मरीजों की भीड़ लग गयी है जिसमे सबसे ज्यादा रोगी उल्टी दस्त, खांसी, जुकाम और बुखार से संबंधित है। चिकित्सा अधीक्षक डा. दिनेश गुप्ता के अनुसार अस्पताल डाक्टरों की बेहद कमी है महज 4 चिकित्सक के सहारे यह अस्पताल चल रहा जबकि मौसम परिवर्तन के साथ प्रतिदिन मरीजों की संख्या चार सैकड़ा के पार हो रही है जिसमें मरीजों को कोई गंभीर समस्या तो नहीं है पर जुकाम खांसी के साथ उल्टी दस्त और बुखार से पीड़ित लोग आ रहे हैं जिनमें ज्यादातर को पानी की कमी हो रही है जिसके चलते उन्हें बोतल चढ़ानी पड़ रही है। इस दौरान उन्होंने कहा कि अचानक तापमान बढ़ने से इंसान का शरीर की प्रक्रिया असंतुलित हो जाती हैं साथ ही इस समय मच्छरों का भी प्रकोप बढ़ गया है जिनके काटने से भी लोग बीमार हो रहे हैं। उन्होंने लोगों को मच्छरों से बचाव किए जाने की सलाह दी है। वही चिकित्सक डा. विशाल सचान के मुताबिक शरीर में पानी की कमी से बुखार, उल्टी, दस्त आदि की समस्या उत्पन्न होती है इसलिए पानी पर्याप्त मात्रा में लेना चाहिए अन्यथा की स्थित में सेहत खराब हो सकती है।

# पुलिस अधिकारी बताकर ठगी करने वाले युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**खुद को** एडीजी का पीएचक्यू बताकर पुलिस कर्मियों से ठगी करने वाले शख्स को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। वही उसका एक साथी फरार है, जिसकी पुलिस तलाश में जुट गई है। बताया गया कि उक्त शातिर ठग मोबाइल एप्प का इस्तेमाल कर एडीजी के सीयूजी नम्बर का इस्तेमाल करता था। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने एसपी कार्यालय के सभागार में मीडिया के समक्ष आरोपी शख्स को पेश कर मामले का खुलासा करते हुए बताया कि होली के दिन सीओ सिटी कमलेश कुमार के नम्बर पर एडीजी के सीयूजी नम्बर 9454400111 पर काल आई थी। काल करने वाले ने खुद को एडीजी का पीएचक्यू बताया और उनसे शराब की बोतलें भिजवाने के लिए सीओ सिटी को आदेशित करते हुए कहा कि शराब की बोतलें लाने पर 7065998217 पर सम्पर्क करें। एडीजी के सीयूजी नम्बर से काल करने वाले व्यक्ति की भाषा शैली से सीओ सिटी को शंका हुई तो उन्होंने दोनों मोबाइल नम्बरों की हिस्ट्री चेक करवाई। जिसमें युवक के द्वारा कई जिलों के पुलिस अधिकारियों के नाम और नम्बर सेव थे और मोबाइल चैट भी निकल कर सामने आ गई। जिसमें उसके द्वारा कई लोगों की पुलिस अधिकारियों से सिफारिश करने के नाम पर अवैध तरीके से धन उगाही करने के मामले सामने आ गए। पुलिस ने साक्ष्य एकत्र किए और फिर युवक की कुंडली खंगाली। जिसमें पुलिस को जिले के थाना तिर्वा क्षेत्र के ग्राम टंडवा निवासी गोपाल तिवारी पुत्र देवेन्द्र तिवारी का नाम सामने आया। पुलिस ने गुरुवार को उसे गिरफ्तार कर लिया। जबकि उसका एक साथी अनुज अग्निहोत्री निवासी कुबैरपुर जिला फर्रुखाबाद पुलिस के हत्थे नहीं चढ सका। जब पुलिस ने गोपाल तिवारी से सख्ती से पूछताछ की तो उसने बताया कि पुलिस अधिकारियों को काल करने के लिए वह अपना ही मोबाइल नम्बर इस्तेमाल करता था। लेकिन ऐसा करते वक्त वह इंडीकाल एप्प का इस्तेमाल करता था। जिसके माध्यम से दूसरे व्यक्ति के मोबाइल की स्क्रीन पर एडीजी का नम्बर शो होता था। उसी के प्रभाव में वह लोगों से ठगी करने का काम करने लग गया था। एसपी ने बताया कि उक्त शातिर ठग एप का इस्तेमाल कर करीब 2 वर्षो से लोगों से ठगी करता आ रहा था। उसने झांसी की एक महिला कांस्टेबल का ट्रांसफर कराने के एवज में भी अवैध तरीके से रूपए वसूल किए थे। एसपी ने बताया कि ठग गोपाल तिवारी के पिता देवेन्द्र तिवारी किसी पुलिस अधिकारी के यहां काम करते थे। जिससे उन्हें पुलिस विभाग और अधिकारियों के बारे में काफी जानकारियां थीं। इसी का फायदा उठाते हुए गोपाल तिवारी खुद को एडीजी का पीएचक्यू बताते हुए पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों और आमजन पर रौब गांठता था और फिर उनसे अवैध धन उगाही करता था। एसपी ने बताया कि उसे पुलिस विभाग की तमाम जानकारियां थीं। किससे, कब और कैसे बात करनी है, ये तरीका भी वह भलीभांति जानता था। इसी का फायदा उठाकर वह कई जिलों में पुलिस स्कॉट भी ले चुका था।



पुलिस गिरफ्त में शातिर ठग — समृद्धि न्यूज

# सीसी सड़क बना ठेकेदार दोनों ओर फुटपाथ को अधूरा छोड़ा

- बाजार की निर्माणाधीन सड़क के दोनों तरफ पटरियां न होने से बढ़ी मुश्किल
- राहगीरों का आवागमन सुविधा जनक बनाने पर जोर



**कालपी (जालौन)। समृद्धि न्यूज**

**स्थानीय** नगर के मुख्य बाजार में पौने चार करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन सीसी सड़क के दोनों साइडों में पटरियां तथा रैम्प न बनाने से राहगीरों, दुकानदारों तथा वाहन चालकों को निकालना दूभर हो गया है। सड़क किनारे पटरियां तथा रैम्प बनाने को लेकर कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता से समस्या के निदान करने की मांग की हैं। ज्ञात हो कि लोक निर्माण विभाग खंड तृतीय की देखरेख में ठेकेदार कंम्पनी के द्वारा पौने दो किमी लंबी सड़क नगर के मुख्य बाजार के बीचोबीच बनाई गई है। सीसी सड़क का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। जबकि कार्यदाई संस्था ने अभी तक दोनों साइडों में एक-एक मीटर चौड़ी इंटरलॉकिंग पटरी के निर्माण का कार्य शुरू नहीं किया गया है। सीसी सड़क के दोनों तरफ अलग अलग स्थानों में सम्पर्क मार्ग है। जिनमें ठेकेदार ने स्थाई या अस्थाई रूप से रैम्प नहीं बनवाया है। जिससे पैदल तथा दो पहिया वाहन चालक भी नहीं निकल पा रहे हैं। मालूम हो कि निर्माणाधीन सड़क से प्रमुख धर्म स्थल मां बनखंडी धाम, खोवा मंडी बाजार रोड, सराफा मार्केट, मूंगफली मंडी, टाकीज रोड, बिजली घर रोड, थोक सब्जी मंडी रोड, स्टेशन रोड आदि के सम्पर्क मार्ग है जिसमें रोजाना भारी संख्या में आवागमन होता है।विधायक प्रतिनिधि मनोज चतुर्वेदी, भाजपा नेता अरविंद राठौर सपा नेता शिवम यादव आदि ने स्थानीय स्थलीय निरीक्षण करके ठेकेदार कंपनी के कर्मचारियों से परियोजना में स्वीकृत दोनों साइडों में एक-एक मीटर चौड़ी इंटरलॉकिंग पटरी तथा जरूरी स्थानों में रैम्प बनाकर समस्या को निदान करने का आग्रह किया है।

**रमजान** | पूर्व विधायक एवं समाजसेवियों नें रोजदारों को दी माहे रमजान की मुबारकबाद

# रोजेदारों पर अल्लाह तआला की नेमतों की बारिश होती है

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**माहे रमजान** के पवित्र महीनें की जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों नें रोजेदारों सहित नागरिकों को मुबारकबाद देते हुये अल्लाह तआला के बताये गये मार्ग पर चलकर इबादत करनें के लिये प्रेरित किया।

नगर के मोहल्ला गांधीनगर स्थित आवास कार्यालय पर पूर्व विधायक जमालुददीन सिददीकी व तहसीन सिददीकी ने रोजेदारों को माहे रमजान की मुबारकबाद देते हुये आपसी भाईचारा एवं सौहार्द पूर्वक त्योहार मनाने की अपील करने के उपरान्त कहा कि रमजान माह हमें नेकी व जरूरतमंदों की मदद करने के रास्ते पर चलने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि रमजान के पवित्र माह में अल्लाह की रहमत बंदों पर बरसती है, इस समय खुदा की इबादत कर हम जन्नत में पहुचने का रास्ता साफ कर सकते है। समधन नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि अखलाक हुसैन सिददीकी ने कहा कि माहे रमजान में अपने आसपास रहनें बाले गरीबों व जरूरतमंद लोगों की मदद करें। क्योंकि इस महीने में की गई एक नेकी का फल कई गुना बढ़ाकर अल्लाह की तरफ से मिलता है। पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि मुश्ताक अहमद उर्फ भुटटू ने रोजेदारों को माहे रमजान की मुबारकबाद देने के साथ-साथ कहा कि मोहम्मद सल्ल0 ने कहा है जो शख्स नमाज के रोजे ईमान और दिल से रखे उसके सब पिछले गुनाह माफ कर दिये जाते हैं। रोजा लोगों जब्ते नफ्स यानि खुद पर काबू रखने की क्षमता बढाता है। युवा समाजसेवी आसिफजमाल खॉन उर्फपप्पी नें कहा कि रमजान लोगों में परहेजगारी पैदा करता है साथ ही माहे रमजान में रोजा रखने वालों के जहन में चटपटे और मजेदार खाने का ख्याल नहीं आना चाहिये। उन्होंने रोजेदारों को अल्लाह तआला के बताये मार्ग पर चलनें की नशीहत दीं। बसपा विधानसभा प्रभारी सैसद अहमद उसैब नें रोजेदारों को माहे रमजान की शुभकामनायें देते हुये आपसी भाईचारा एवं सौहार्द पूर्वक त्योहार मनाने की अपील करने के उपरान्त कहा कि अल्लाह तआला की इबादत के लिये रमजान पवित्र माह है, माहे रमजान में हर मुसलमान को खुदा की इबादत कर गुनाहों से तौबा करनी चाहिये। एआईएमआईएम जिलाध्यक्ष इशरत खॉन नें कहा कि माहे रमजान में रोजेदारों पर अल्लाह तआला की नेमतों की बारिश होती है। कहा कि रमजान के पाक महीने में सभी मुसलमान भाईयों को अल्लाह की इबादत करनी चाहिये। सभासद प्रतिनिधि मो. नफीस नें कहा कि यह महीना सब्र का होता है. इसके अलावा ये भी माना जाता है कि रमजान के महीने में रोजा रख और अल्लाह की इबादत कर इंसान अपने आप को अल्लाह के करीब पाता है।



# संजीव पारिया की एक करोड़ 20 लाख की सम्पत्ति कुर्क

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**जिला प्रशासन** ने कुर्की कार्यवाही के क्रम में पुनः जिला बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव संजीव पारिया की गैंगेस्टर एक्ट के मुकदमे में एक करोड़ 20 लाख रुपए की संपत्ति कुर्क कर ली।

जानकारी के अनुसार गुरुवार को तहसीलदार सदर श्रद्धा पांडे एवं मऊदरवाजा थानाध्यक्ष अमित गंगवार पुलिस फोर्स के साथ रेलवे रोड होरीलाल मार्केट के सामने स्थित लाला लक्ष्मी नारायण धर्मशाला पहुंचे। पुलिस ने दबाव डालकर मुकेश शुक्ला की गारमेंट्स की दुकान एवं नसीम मंसूरी की मोटर पार्ट्स की दुकान का सामान बाहर निकलवा दिया। दोनों दुकान सीज करने के साथ ही ट्रस्टी भवन के सामने वसीम की रेडीमेड दुकान को हटवा दिया। अधिकारियों की टीम ने जसमई रेलवे पुल के निकट संजीव पारिया की जमीन को कुर्क करके वहां नोटिस बोर्ड लगवाया। कुर्क की गई संपत्ति का विवरण निम्न प्रकार है। कृषि भूमि स्थित खारबन्दी अन्दर शहर लेखपत्र सं0 564 गाटा सं0 686, 689 क्षेत्रफल 15.75 डिसमिल, जिसको संजीव पारिया ने 18.01.2014 को अपने नाम क्रय किया गया था। पट्टा स्थित मोहल्ला गुदड़ी जानवरान रेलवे रोड लेखपत्र सं0 14804 क्षेत्रफल 200 वर्गमीटर, इन दुकानों का संजीव पारिया ने 04.11.2015 को अपने नाम क्रय किया था। आवासीय प्लाट स्थित मो0 ग्रानगंज फतेहगढ़ लेखपत्र सं0 4336 क्षेत्रफल 190 वर्गमीटर, जिसको संजीव पारिया ने 23.03.2021 को अपने नाम क्रय किया था। आवासीय प्लाट स्थित मोहल्ला भखरामऊ व सिविल लाईन्स आंशिक फतेहगढ़ लेखपत्र सं0 5069 क्षेत्रफल 281.06 वर्गमीटर, जिसको संजीव पारिया ने 24.05.2014 को


कुर्की की कार्यवाही करती पुलिस व मौजूद तहसीलदार आदि

अपनी पत्नी माला पारिया के नाम क्रय किया था आवासीय प्लाट स्थित मोहल्ला भखरामऊ व सिविल लाईन्स आंशिक फतेहगढ़ लेखपत्र सं0 5070 क्षेत्रफल 281.07 वर्गमीटर, जिसको संजीव पारिया ने 24.05.2014 को अपने नाम क्रय किया था। आवासीय प्लाट स्थित मोहल्ला भखरामऊ व सिविल लाईन्स आंशिक फतेहगढ़ लेखपत्र सं0 5071 क्षेत्रफल 281.07 वर्गमीटर, जिसको संजीव पारिया ने 24.05.2014 को अपने भाई राजीव पारिया के नाम क्रय किया था। कृषि भूमि स्थित ग्राम भोजपुर बर्ना बुजुर्ग लेखपत्र सं0 6483 क्षेत्रफल 0.029 हेक्टेयर, जिसको संजीव पारिया ने 29.05.2021 को अपने नाम क्रय किया था। कृषि भूमि स्थित ग्राम भोजपुर बर्ना बुजुर्ग लेखपत्र सं0 7720 क्षेत्रफल 0.028 हेक्टेयर., जिसको संजीव पारिया ने 19.06.2021 को अपने नाम क्रय किया था। व्यवसायिक भवन 1.110 तलैया लेन लेखपत्र संख्या 8297 क्षेत्रफल 205.09 वर्गमीटर। कृषि भूमि स्थित ग्राम अहिलामई लेखपत्र संख्या 369 गाटा सं0 11क क्षेत्रफल 1.0800 हेक्टेयर, जिसको संजीव पारिया ने 28.02.2013 को अपनी पत्नी माला पारिया के नाम क्रय किया था।कृषि भूमि स्थित भरखा लेखपत्र संख्या 78 गाटा सं0 360 क्षेत्रफल 0.4500 हेक्टेयर, जिसको संजीव पारिया ने 10 जनवरी 2018 को अपनी पत्नी माला पारिया के नाम क्रय किया था। कृषि भूमि स्थित सुंदरपुर कटरी लेखपत्र संख्या 3759 गाटा संख्या 355, 66, 227, 246 क्षेत्रफल 58220 हेक्टेयर। जिसको संजीव पारिया ने 15.12.2016 को अपने व अपने भाईयों राजीव पारिया व आशीष पारिया के नाम क्रय किया था। कृषि भूमि स्थित मोहद्दीनगर लेखपत्र संख्या 2967 गाटा संख्या 174 क्षेत्रफल 1.0880 हेक्टेयर, जिसको संजीव पारिया ने 10.11.2014 को अपने नाम क्रय किया था। राजस्व विभाग के मुताबिक संजीव पारिया की अवैध रूप से अर्जित की गई संपत्ति की कुल कीमत 13 करोड़ 57 लाख 99 हजार रुपए है। जिसमें कुछ संपत्ति पहले कुर्क की गई थी और कुछ संपत्ति की आज कुर्की गई है।

## संजीव पारिया का एक और विद्यालय कुर्क

कमालगंज। बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव संजीव पारिया की मुश्किल थमने का नाम नहीं ले रही हैं। गैंगस्टर एक्ट में दर्ज मुकदमे के बाद आज कमालगंज क्षेत्र में स्थित संजीव पारिया का सोनी परिया के नाम से विद्यालय जो नगला दाऊद और शेखपुर रुस्तम रेलवे क्रासिंग के बीच में स्थित है उसे गुरुवार को तहसीलदार श्रद्धा पांडे ने मौके पर पुलिसबल के साथ जाकर उनके द्वारा ढोल बजवाकर कुर्क किया गया। तहसीलदार श्रद्धा पांडे ने बताया की इस विद्यालय की कीमत करीब 4 करोड़ रुपए है। अवैध रूप से धन इकट्ठा करके खरीदा गया था जो कि उनके भाई के नाम है। इसे कुर्क किया गया है।


विद्यालय कुर्क करवातीं तहसीलदार व पुलिस समृद्धि न्यूज

## पाक्सो एक्ट के मामले में युवक को दस वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के मामले में अपर जिला जज विशेष पाक्सो एक्ट न्यायाधीश सुमित प्रेमी ने सिंटू यादव पुत्र स्व रामशरण निवासी विराहिमपुर थाना कायमगंज को दोषी करार देते हुए दस वर्ष का कारावास व 50 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। बीते 9 वर्षो पूर्व कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के निवासी युवक ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि 6 जून 2015 को करीब 8 बजे सुबह मेरी पुत्री 17 वर्षीय को मेरे गॉव का सिंटू यादव बहला फुसलाकर भगा ले गया। ले जाते समय घर में रखी एक सोने की अंगूठी, कुंडल, एक करधनी व 15 हजार रुपये साथ ले गयी। जिसको ले जाते समय गॉव के कुछ लोगों ने देखा है। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह, विकास कटियार, अनुज कटियार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश सुमित प्रेमी ने सिंटू यादव को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष का कारावास व 50 हजार रुपये के जुर्माने से दण्डित किया है।

## अवैध खनन में तीन ट्रैक्टर व एक जेसीबी सीज

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** अवैध खनन करने के मामले में नायब तहसीलदार नें तीन ट्रैक्टर-ट्राली व एक जेसीबी मशीन को कब्जे ले लिया है। जानकारी के अनुसार नायब तहसीलदार अतुल कुमार को गुरुवार को सूचना मिली कि करनपुर दत्त में अवैध खनन हो रहा है। जिससे वह दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर उन्हें अवैध रूप से खनन होता मिला। उन्होंने मौके पर मिली एक जेसीबी मशीन व तीन ट्रैक्टर-ट्राली सील कर उपनिरीक्षक जगमोहन के सुपुर्द कर दी। मौके पर कई फीट गहरे गड्ढे खनन से हो गये थे। नायब तहसीलदार अमित कुमार के द्वारा बताया कि लेखपाल से नाप कराकर कितने फीट गहरे गड्ढे हुए हैं तो उसी हिसाब से इन ट्रैक्टरों पर कार्रवाई होगी। तीन ट्रैक्टर व एक जेसीबी मशीन थाना पुलिस को सौंप दिये गये हैं। बताते चलें कि क्षेत्र मे अवैध खनन रुकने का नाम नही ले रहा है। न्यायालय के आदेश के बाद भी क्षेत्र में अवैध खनन जारी है।

## गंदी मजाक का विरोध करने पर दंपति व पुत्र को पीटा, मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** थाना व कस्बा मेरापुर निवासी सर्वेश पुत्र रामदास ने अपने ही कस्बे के सुखदेव पुत्र मिट्ठूलाल, कामू पुत्र मुन्नूलाल उर्फ तेजराम मिश्रा, अचल पुत्र अवधेश मिश्रा एवं मेरापुर निवासी पम्मी का साला छोटू पता अज्ञात के विरुद्ध मारपीट, गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 25 मार्च 2024 को समय सुबह 10 बजे सर्वेश अपनी पत्नी बीना और पुत्र मनीष के साथ खेत की परेवट कर वापस घर आ रहे थे। इसी समय रास्ते में उक्त सभी आरोपित खड़ी ओमनी कार में बैठकर शराब पी रहे थे। जैसे ही मैं कार के पास पंहुचा, तो उक्त आरोपितों ने मुझे रोक लिया और कामू मेरे साथ गंदी मजाक करने लगा। मैंने मजाक करने से मना किया, तो उक्त सभी आरोपितों ने मेरे व मेरी पत्नी व पुत्र के साथ गाली-गलौज कर लात- घूंसों से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मौके पर पहुंचे नन्द कुमार बाथम व सुरजीत ने हम लोगों को बचाया। मारपीट करने से मेरे पुत्र के मुंह में चोट आई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## रंजिशन दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, छह घायल

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** रंजिश में दो पक्ष आमने सामने हो गए। जिससे जमकर लाठी-डंडे व ईंट पत्थर चले। इस घटना में दोनों पक्ष से छः लोग घायल हो गए। एक पक्ष की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार गांव पुरौरी निवासी प्रशांत द्विवेदी ने दी तहरीर में बताया कि वह और उनके भाई निश्चल द्विवेदी बाहर नौकरी करते हैं। घर पर माता पिता अकेले रहते हैं। पड़ोसी रजनेश दुबे व उनके स्वजन आए दिन झगड़ा करते रहते हैं। दो दिन पूर्व रंजिशन रजनेश स्वजनों के साथ घर के बाहर गाली-गलौज कर रहे थे। विरोध करने पर लाठी-डंडे, ईंट पत्थर चलने लगे। जिसमे प्रशान्त के पिता सुभाष, भाई निश्चल, माँ गंभीर रूप से घायल हो गए। मारपीट के दौरान मां का मोबाइल, सोने की जंजीर व झुमके खो गए। ग्रामीणों के बीच बचाव करने पर आरोपित मौके से फरार हो गए।

# काम करने में अक्षम सात रोडवेज चालक विभिन्न पटलों से हटे

- अब बस चलाने की दी गयी जिम्मेदारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**विभिन्न बीमारियों** से ग्रसित तथा काम करने में अक्षम नियमित सात चालकों को विभिन्न पटलों से हटा दिया गया है। इन्हें बसें चलाने के आदेश दिए गये। इसके बाद बस अड्डा का पूछताछ घर निजी गार्डो के हवाले रहा।

होली के त्यौहार पर एआरएम अरविंद कुमार मिश्र ने आंख, हृदय आदि रोगों से ग्रसित अक्षम की प्रक्रियाधीन नियमित सात चालकों को विभिन्न पटलों से हटा दिया है। सही जानकारी न दे पाने पर यात्रियों से नोकझोंक होती रही। आदेश के बाद एक भी चालक ड्यूटी पर नहीं आया। इससे दिक्कतें बढ़ गई हैं। अभी तक किसी को भी खाली पटलों पर तैनात नहीं किया गया है। रोडवेज डिपो में तैनात नियमित चालक आमोद कुमार, एसके शुक्ला, सुरजन गंगवार, उमेश कुमार व प्रदीप चतुर्वेदी अलग-अलग रोगों से ग्रसित हैं। इन चालकों की अक्षम होने की पत्रावली निगम स्तर पर विचाराधीन है। सीएमओ ने इन सभी को भारी काम करने में अक्षम माना है। इसी के चलते सेवानिवृत्त एआरएम आरसी यादव ने क्षेत्रीय प्रबंधक से दूरभाष वार्ता के क्रम में इन्हें अलग-अलग पटलों पर तैनात कर दिया था। आमोद कुमार कायमगंज बस अड्डा, श्रीकृष्ण शुक्ल पार्किंग व्यवस्था, सुरजन गंगवार और उमेश कुमार को पूछताछ तथा प्रदीप चतुर्वेदी को दुर्घटना पटल की जिम्मेदारी दी थी। चालक गणेश, जुबैर, सोमेंद्र व भूदेव कार्यशाला में डग ड्यूटी कर रहे थे। एआरएम अरविंद कुमार मिश्र ने मंगलवार को आदेश जारी कर अलग.अलग पटल पर लगे पांच और डग ड्यूटी में से दो चालकों को रोड पर भेजने के आदेश जारी कर दिए। आदेश होने के बाद एक भी चालक ड्यूटी पर नहीं आया। बुधवार दिन में कुछ देर के लिए निजी गार्ड सीट पर जमे रहे।



फर्रुखाबाद रोडवेज बस स्टेशन समृद्धि न्यूज

# गैर इरादतन हत्या के मामले में छह वर्ष का कारावास

- 28 वर्ष पूर्व कारित हुई थी घटना

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**अपर जिला** जज प्रथम विष्णु चन्द्र वैश्य ने गौर इरातदन हत्या के मामले में शंकरलाल पुत्र बच्चूलाल जाटव निवासी रोशनाबाद को दोषी करार देते हुए छः वर्ष का कारावास व बीस हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। बीते 28 वर्षों पूर्व रणवीर पुत्र गंगाराम निवासी धीयरपुर मिर्जापुर शहजहाँपुर ने शमशाबाद पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि मैं व मेरा भाई ओमकार, ओमपाल, हाकिम गंगा जी की पूजा करने ढाई घाट आये थे। पूजा समाप्त होने के बाद मेरा भाई हाकिम अपने रिश्तेदार विश्राम निवासी रोशनाबाद के घर जाने की बात कहकर चला गया। शाम के 6 बजे जौहरी, रामनरेश, शंकर, लालाराम मेरे भाई को घुमाने के बास्ते ले गए थे और मेरे भाई हाकिम की हत्या कर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने गैर इरादतन हत्या के मामले में शंकर, लालाराम के विरूद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दखिल कर दिया। धारा 319 के तहत जौहरी, रामनरेश को न्यायालय ने तलब किया था। मुकदमा विचारण के समय जौहरी, रामनरेश की मृत्यु हो गयी थी। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता दीपिका कटियार, अनिल कुमार बाजपेयी की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश विष्णु चन्द्र वैश्य ने शंकरलाल को दोषी करार देते छः वर्ष का कारावास व बीस हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

# होली पर रंग डालने के विवाद में युवक की लाठियों से पीट-पीटकर हत्या

- एक आरोपी को भागते समय पकड़ा, पुलिस को सौंपा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**बुधवार की** शाम होली पर रंग डालने के विवाद में युवक की लाठी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाँच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नकटपुर निवासी 40 वर्षीय सत्यपाल के भतीजे लव कुमार का बीते मंगलवार को रंग डालने को लेकर गांव में मामूली झगड़ा हो गया था। गांव के लोगों ने मामले को रफा-दफा करा दिया था, लेकिन बदले की आग भड़कती रही। बुधवार देर शाम सत्यपाल गांव में खेतों की तरफ गया था। काफी देर तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी। सत्यपाल की भतीजी पूनम अपने भाई लव को साथ लेकर जब खेत की तरफ आयी, तो उसने लगभग तीन-चार लोगों को लाठी लेकर भागते देखा। दोनों ने एक आरोपी को दौड़कर पकड़ लिया और अन्य मौके से फरार हो गए। जब परिजन सत्यपाल के पास पहुंचे, तो वह दम तोड़ चुका था। सूचना मिलने पर एसपी विकास कुमार, एएसपी डॉ0 संजय सिंह, सीओ अरुण कुमार, कोतवाल मनोज कुमार भाटी, फिल्ड यूनिट मौके पर पहुंची। एसपी ने बताया की मामले की जाँच की जा रही है। एक युवक हिरासत में है। विधिक कार्यवाही की जा रही है।


पीड़ित से पूछताछ करती पुलिस समृद्धि न्यूज

# डीएम ने ली वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति व जिला पर्यावरण समिति की बैठक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी डॉ0** वी0 के0 सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जानकारी के अनुसार गुरुवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी नगर पालिका, नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी प्रतिबन्धित प्लास्टिक के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही कर 15 दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत करें। प्रतिबंधित पॉलीथिन पाये जाने पर जुर्माना वसूलने की कार्यवाही अमल में लायी जाये। डीपीआरओ को निर्देशित किया गया कि सभी गंगा घाटों की सफाई कराकर रिपोर्ट डीएफओ को प्रस्तुत करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सभी लोग शासन की मंशा के अनुरुप कार्य करें। बैठक में निर्देशित किया गया कि सभी नालो की टैपिंग करा ली जाये। जल निगम ने बताया कि सभी एसटीपी का कार्य 30 जून तक पूरा कर लिया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, डीएफओ व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक लेते जिलाधिकारी व मौजूद अधिकारीगण समृद्धि न्यूज

# दूध निकालने के बाद गौवंशों को छोड़ रहे आवारा

- ग्रामीणों ने दर्जनों लोगों की लिस्ट बीडीओ को सौंपी
- किसानों की मक्का, गेहूं की फसलों को पहुंचा रहे नुकसान

कमालगंज, समृद्धि न्यूज

**आवारा गायों** के आतंक से किसान खासे परेशान हैं। किसानों का कहना है कि लोग दूध दूकर गायों को छोड़ देते हैं। जो उनकी फसलों को नुकसान पहुंच रही हैं।

जानकारी के अनुसार किसानों का कहना है कि प्रतिदिन रात के समय सैकड़ों के झुंड में गौवंश आते हैं और उनकी फसलों को नुकसान पहुंचा देते हैं। आज दर्जनों ग्रामवासियों ने खंड विकास अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर आवारा गौवंशों से निजात दिलाये जाने की मांग की। गौ रक्षा समिति के जिला अध्यक्ष अलखिया आश्रम के महंत नागा साधु हरिगिरि महाराज ने आज थाना अध्यक्ष को लिखित प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की और उन लोगों के नाम भी बताएं जिन लोगों ने गाय का इस्तेमाल करके उन्हें आवारा छोड़ा है। जिससे हजारों बीघा खेती रोज चौपट होती है। यह सभी पशुपालक दबंग किस्म के लोग हैं। इनके अंदर प्रशासन का कोई डर नहीं है। अपने जानवरों को छोड़ने वाले लोगों में शिव सिंह, बृजनंदन, इंद्रपाल, बड़कर, अनिल, राम भजन पुत्र लवकुश, अमर सिंह जाटव, कल्लू जाटव, दबंग हुकुम सिंह, आधार पट्ट, अटल बिहारी, मटरू, पूर्व प्रधान बादाम सिंह, पतन्रा सहित कई लोगों के नाम शामिल है। इस लिस्ट को ग्रामीणों ने कमालगंज थानाध्यक्ष एवं खंड विकास अधिकारी को सौंपा। यह सभी लोग भोला नगला, धारा नगला और उमराव नगला के रहने वाले हैं। वहीं पीड़ित किसान जिसमें मोहम्मद हाशिम खान राजू खान कोटेदार, राजवीर वर्मा, पप्पू, रिजवान बख्श, संतोष कुमार ने भी लिखित शिकायत खंड विकास अधिकारी श्रीप्रकाश उपाध्याय एवं थाना अध्यक्ष कमालगंज राजेश राय से की है। खंड विकास अधिकारी श्रीप्रकाश उपाध्याय ने शाम तक फोर्स भेजकर एवं टीम गठित करके अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने का भरोसा ग्रामीणों को दिया।


क्षेत्र में घूम रहे छुट्टा जानवर समृद्धि न्यूज

बैठक | अपंजीकृत जानवर मिलने पर लगेगा 5000 का जुर्माना

# जिला मलेरिया अधिकारी से डीएम ने मांगा स्पष्टीकरण

- 01 से 30 अप्रैल तक चलेगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी डॉ0** वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान हेतु अंतर्विभागीय जनपद स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सीएमओ ने अवगत कराया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान 01 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेगा तथा दस्तक अभियान 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेगा। बैठक में डीपीआरओ व ईओ को निर्देशित किया गया कि जनपद के सभी तालाबों की सफाई करा ली जाये। पशुपालन विभाग सभी सुअर पालन केंद्रों व मुर्गी पालन केंद्रों का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करें। जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी कुपोषित बच्चों का चिन्हीकरण कर सूची उपलब्ध कराएं। शिक्षा विभाग से अपेक्षा की गई कि सभी स्कूलों में बच्चों को मच्छरजनित बीमारियों के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई जाये। खंड शिक्षा अधिकारी व बीआरसी के द्वारा विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम कराये जायें। कृषि विभाग व उद्यान विभाग को निर्देशित किया गया कि सभी किसानों को ऐसे पौधे लगाने के लिये प्रेरित किया जाए जो मच्छर प्रतिरोधी हों। उद्यान अधिकारी ने बताया कि हर गाँव मे इस संबंध में गोष्ठी होती है। बैठक में प्रकाश में आया कि जनपद में मलेरिया विभाग द्वारा अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन सही तरीके से नहीं किया जा रहा है। इस पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी जताई गई व जिला मलेरिया अधिकारी से स्पष्टीकरण माँगा गया व निर्देशित किया गया कि पिछले एक महीने में मलेरिया निरीक्षकों ने क्या कार्य किया है, लिखित में अवगत कराएं। सीएमओ द्वारा इसका पर्यवेक्षण किया जाए। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय रैबीज नियंत्रण कार्यक्रम द्वारा जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जूनोटिक समिति की वार्षिक बैठक का भी आयोजन किया गया। बैठक में निर्देशित किया गया कि सभी पीएचसी पर एन्टीरैबीज वैक्सीन पहुंचाई जाये। ईओ को निर्देशित किया गया कि नगर पालिका द्वारा पालतू जानवरों का पंजीकरण किया जाये। अपंजीकृत जानवर मिलने पर 5000 रु0 का जुर्माना लगाया जाये। सभी नगरपालिका/पंचायतों में जागरूकता के लिए हैंडबिल बंटवाये जायें। होर्डिंग लगवाए जाएं। सभी पालतू जानवर जिनका वैक्सीनेशन हो उनको कार्ड उपलब्ध कराए जाएं। जिलाधिकारी द्वारा आईएमए के अध्यक्ष से यह अपेक्षा की गई कि वह अपनी संस्था के द्वारा आम जनमानस को मतदान के लिए जागरूक करें। सभी डॉ0 अपने पर्चे पर मतदान के स्लोगन अंकित करायें व मतदाता पहचान पत्र लाने पर अपनी फीस में भी छूट प्रदान करें जिससे आम जनमानस मतदान के प्रति जागरूक हो सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, आईएमए अध्यक्ष व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक लेते जिलाधिकारी व मौजूद विभागों के अधिकारीगण समृद्धि न्यूज

# अमेठी जदीद में चुनाव पाठशाला के तहत मतदाता जागरुकता की दिलायी गई शपथ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


मतदाता जागरुकता की शपथ लेते लोग — समृद्धि न्यूज

**मुख्य विकास** अधिकारी के निर्देशन में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम की श्रृंखला में गुरुवार को कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों पर चुनाव पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

194 विधानसभा क्षेत्र सदर के अमेठी जदीद के बूथ संख्या 86, 87, 88 और 89 पर नियुक्त बूथ लेवल ऑफिसर की उपस्थिति में ग्राम सभा अमेठी जदीद में चुनाव पाठशाला कार्यक्रम हुआ। महिला मतदाता जागरूकता प्रभारी भारती मिश्रा, स्वीप कोऑर्डिनेटर सुधीर कुशवाहा व वैभव सोमवंशी ने प्रतिभाग करते हुए उपस्थित मतदाताओं से आगामी 13 मई को होने वाले मतदान दिवस पर अधिक से अधिक मतदान करते हुए सभी बूथों पर मतदान का प्रतिशत बढ़ाए जाने की बात कही। बीएलओ कुंती, ज्योत्सना, शकीला बानो और रचना ने गांव की सभी मतदाताओं को जागरुक करते हुए शत-प्रतिशत मतदान का भरोसा दिलाया। विद्यालय की अध्यापिकाओं नीता सक्सेना, शशिवाला अग्निहोत्री, रश्मि यादव ने सहयोग करते हुए सभी अभिभावकों से मतदान दिवस पर वोट डालने की अपील की स और मतदान दिवस पर विद्यालय के छात्राओं द्वारा बुलावा टोली के माध्यम से सभी मतदाताओं को घर-घर दस्तक देते हुए मतदान केंद्र तक पहुंचने में भावी मतदाता के रूप में विद्यार्थी बढ़-चढ कर सहयोग करेंगे। मतदान दिवस से पूर्व विद्यालय में बच्चों के मध्य विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

# एसडीएम ने प्राथमिक विद्यालय मदारपुर का किया औचक निरीक्षण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**प्राथमिक विद्यालय** मदारपुर का उपजिलाधिकारी यदुवंश कुमार वर्मा ने अपराह्न तीन बजे बूथ संख्या 111 का बूथ कक्ष, रसोईघर, शौचालय, पेयजल, विद्युत व्यवस्था आदि का गहनता से निरीक्षण कर प्रधानाचार्य राजकिशोर शुक्ल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विद्यालय के रोज गार्डन में खिले गुलाब के फूलों को देखकर काफी प्रभावित हुए। पदाभिहित अधिकारी राजकिशोर शुक्ल ने उपजिलाधिकारी को बताया कि बूथ पर सभी जरूरी संसाधन उपलब्ध हैं और बिजली न होने पर इंवर्टर की व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा पूर्व में भी यह बूथ जनपद का सर्वश्रेष्ठ बूथ घोषित किया जा चुका है। इस अवसर पर योगेन्द्र कुमार परीक्षा उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन मुडौल गये थे और बाकी स्टाफ उपस्थित मिला।


प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण करते एसडीएम — समृद्धि न्यूज

# चौकी साध समाज में चल रहे भण्डारे का हुआ विराम

▸ गले लगकर एक दूसरे को दी बधाई, बच्चों को किया गया सम्मानित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


साध समाज के कार्यक्रम में उपहार प्राप्त करते बच्चे

**साध समाज** चौकी में 7 दिवसीय भण्डार मंगलमय कामनाओं के साथ एक दूसरे के साथ गले मिलकर विदाई दी गई। दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, उत्तराखण्ड, महाराष्ट्र, मुंबई, कोलकाता व देश ही नहीं विदेश से प्रवासी भारती के साथ साध समाज के बंधुओ ने हजारों की संख्या में भण्डारा में भाग लिया। साध समाज के भण्डारा में समाज में संगठन, शिक्षा, व्यापार के साथ ज्ञान की चर्चा, धार्मिक आध्याधिक ज्ञान की चर्चा, स्वच्छता/पर्यावरण, खान-पान के साथ पवित्रता के साथ रहने के संस्कार दिये गये। महिलाएँ, बच्चों ने विशेष रूप से भाग लिया। साध समाज की ज्ञान (पोथी) से सतनाम अवगत सद्गुरु के द्वारा मालिक दाता का चिन्तन-मनन उनका स्मरण करना अच्छे कर्म करो का उपदेश दिया एवं बच्चों में धार्मिक ज्ञान का स्मरण करके उसके सुनाया। उनको प्रोत्साहन स्वरूप उपहार भी दिए। साध समाज के भण्डारे में आये हजारों की संख्या में आगन्तुको के साथ गले. मिलकर मंगलमय कामना के साथ फर्स्ट पार्टी एवं सेकंड पार्टी दोम फारीक, शाम्भू, विद, नौजवान में भण्डारा के समाज ने दिल्ली, मुम्बई कोलकाता, हैदराबाद, सूरत, ईरोड, हरिद्वार, बिजामऊ, हसनपुर, बरेली, अलावलपुर, आगरा, कानपुर, लखनऊ से आये साध समाज के राकेश साध, चमकेश साध, रविसाध, आकाश साध, निलेश साध, राहुल साध, सुबोध साध, संजीव राय, सनिल, सुमितय वरुण, रविन्स साध, बुचक हितेष मानि, कक्का, केशव साध, विपिन साध, सतीश साध, केशव भान साध ने प्रसाद वितरण किया।

# भाजयुमो के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिवेन्द्र सिंह मानू बने फर्रुखाबाद लोकसभा प्रवासी प्रभारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**भारतीय जनता** युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी ने लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए गृह जनपद फर्रुखाबाद लोकसभा का शिवेन्द्र सिंह मानू को प्रभारी बनाया है। संगठन में अपने ओजस्वी भाषण से पहचाने जाने वाले युवा मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिवेन्द्र सिंह मानू जनपद फर्रुखाबाद का दायित्व सौंपा गया है। युवा मोर्चा के प्रांशुदत्त द्विवेदी ने दस लोगों की लोकसभा प्रवासी सूची जारी की है। जिसमें क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिवेन्द्र सिंह मानू को जनपद फर्रुखाबाद का लोकसभा प्रवासी प्रभारी बनाया है। फर्रुखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर के प्रभारी घोषित किये गये है।


शिवेन्द्र सिंह मानू

## खबरें एक नजर में

### 29 व 31 मार्च को भी स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग रहेगा खुला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी ने कहा कि स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग राजस्व लक्ष्य प्राप्ती का एक मुख्य श्रोत है। शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि शासन द्वारा निर्धारित राजस्व लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ती सुनिश्चित की जा सकें। सहायक महानिरीक्षक निबंधन के द्वारा अवगत कराया गया कि 21 मार्च 2024 को गूगल मीट के माध्यम से महानिरीक्षक निबंधन उ0प्र0 लखनऊ द्वारा आहूत बैठक में अवकाश के दिनों में कार्यालय खोलकर अधिकाधिक राजस्व प्राप्ती के लिए निर्देशित किया गया है। स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग को आवंटित निर्धारित लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ती हेतु 29 मार्च दिन शुक्रवार को गुडफ्राइडे एवं 31 मार्च को रविवार को सार्वजनिक अवकाशों में भी जनपद में सभी उपनिबंधक कार्यालयों को खुलवाकर रजिस्ट्रेशन की कार्यवाही की जायेगी। शासन की मंशा के अनुरुप स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग को लक्ष्य शत-प्रतिशत निर्धारित करने के लिए निर्देश दिया गया है।

### पूर्व सैनिक सेवा परिषद का होली मिलन समारोह सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की ओर से कैप्टन रामकरन सिंह चौहान के आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। पूर्व सैनिकों ने एक दूसरे के गले मिलकर अबीर गुलाल का तिलक लगाकर होली की बधाई दी। इस अवसर पर ठाकुर वीरेन्द्र सिंह राठौर, आरपी अग्निहोत्री, आरके एस चौहान, राकेश सिंह राठौर, मुनेश्वर सिंह चौहान, सीपी सिंह परिहार, फूल सिंह, बीएस वर्मा, अहिवरन सिंह, कप्तान सिंह, अमर सिंह, श्याम सिंह, रामप्रकाश सिंह, कैप्टन डीएस राठौर आदि लोग मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर दो दिवसीय सेमिनार आज से शुरु

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय महाविद्यालय में छत्रपति शाहूजी महाराज विश्व विद्यालय कानपुर द्वारा भारतीय ज्ञान परम्परा के आलोक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विषय पर दो दिवसीय संगोष्ठी 29 व 30 मार्च को आयोजित होगी। संगोष्ठी में देश भर के लगभग 200 विद्वान प्रतिभाग करेंगे। प्राचार्य डा0 रमन प्रकाश ने बताया कि शिक्षा नीति के आलोक में प्राचीन भारतीय ज्ञान परम्परा प्रथा मूल्य तथा विज्ञान आदि विषयों का आधुनिक संदर्भ में मूल्यांकन करना है। विभिन्न विषयों के लगभग 200 प्रोफेसर शोधार्थी ज्ञान परम्परा एवं आधुनिकता, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, नये भारत के निर्माण की दिशा में एक पहल होगी।

### महिला दो बच्चों व जेवरात लेकर घर से फरार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** दो दिन पूर्व घर से मायके की कहकर गई दो बच्चों की मां बच्चे व जेवर लेकर फरार हो गयी। पीड़ित पति ने थाने में तहरीर दी है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव बीसलपुर बांगर निवासी बृजेश पुत्र जय लाल यादव ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 26 तारीख को सुबह 8.00 बजे पीड़ित की पत्नी रीता देवी अपने साथ दो पुत्रियां अंशिका 8 वर्ष तथा तान्या पांच वर्ष को अपने साथ घर से मायके की कहकर चली गई। उसके जाने के बाद पीड़ित के साढू गांव भगोड़ा थाना नवाबगंज निवासी गिरंद सिंह ने जब फोन कर उसकी जानकारी चाही, तो वह फर्रुखाबाद से गुरसहायगंज जाने के लिए किसी वाहन पर बैठ गई थी। जिसकी लोकेशन याकूतगंज कमालगंज के बीच में निकली। पीड़ित ने बताया कि उसकी पत्नी अपने साथ दो पुत्रियां, एक जंजीर, सोने के एक जोड़ी झाले, सोने का एक मंगलसूत्र तथा एक जोड़ी पायल चांदी की पहने थी। पीड़ित ने उसकी सभी नाते रिश्तेदारियों में खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। तब पीड़ित ने आज मामले की थाना पुलिस को तहरीर दी। थाना पुलिस ने पीड़ित को तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर कार्रवाई करने का भरोसा दिया।

### मार्ग दुर्घटना में दो घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर निवासी सुनील कुमार उम्र 28 वर्षीय पुत्र रामशाही मार्ग दुर्घटना में घायल हो गया। वही जनपद एटा के थाना सराय अगहत क्षेत्र के मोहल्ला अकरागंज निवासी ब्रजेश कुमार उम्र 28 वर्षीय पुत्र बृजपाल मार्ग दुर्घटना में घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से दोनो घायलो को कायमगंज सीएचसी में लाकर भर्ती कराया गया।

### तमंचा सहित वीडियो वायरल करने वाला युवक धरा गया

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक का एक सप्ताह पूर्व अवैध तमंचे के साथ सोशल मीडिया पर वीडियो प्रसारित हुआ था। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने थाना पुलिस से की। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने गांव में छापेमारी कर युवक को दबोच लिया। पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है।

# रामलीला गड्ढे की पाइप लाइन ठीक न होने पर मतदान का होगा बहिष्कार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज




वार्ड नम्बर 15 निराला नगर रामलीला गड्ढा में पिछले 12 दिनों से वहां के स्थानीय लोग पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे है। नगर पालिका की पाइप लाइन पिछले 12 दिलों से खराब है। स्थानीय सभासद व पालिका अध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी, जलकल विभाग एवं सफाई नायक को अवगत कराने के बावजूद भी अभी तक मरम्मत का कार्य नहीं शुरु किया गया है। जिस कारण रामलीला गड्ढा के लोगों में आक्रोश है। सभी ने एक स्वर में कहा कि अगर एक दो दिन में खराब पाइप लाइन सही नहीं की जाती है तो लालगेट कादरीगेट मार्ग पर जाम लगाया जायेगा। इसकी जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन की होगी। साथ ही रामलीला गड्ढा के वासिंदों ने कहा है कि पानी की पाइप लाइन ठीक नहीं हुई तो मतदान का भी बहिष्कार करेंगे। 12 दिन बीत जाने के बाद भी जब प्रशासन हम लोगों की नहीं सुन रहा है तो ऐसे में मतदान का बहिष्कार करेंगे।

# भू-माफियाओं से जमीन मुक्त कराने के लिए वोटर्स पार्टी ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**वोटर्स पार्टी** इंटरनेशनल ने राज्यपाल व मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया कि वीरेन्द्र कुमार आर्य बनाम गंगा सिंह खसरा नम्बर 474 परगना भोजपुर तहसील सदर में विचाराधीन है।

संक्रमणीय भूमिधर पैतृक जमीन पर दबंग लोग कब्जा करना चाहते है। जबरन भूमि पर निर्माण करा रहे है, अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। अवैध प्लाटिंग को तत्काल रुकवाया जाये। साथ ही ज्ञापन में मांग की गई कि क्षेत्रीय लेखपाल एवं जहानगंज थाना प्रभारी की सह पर भू-माफियाओं के आतंक से आम जन लोगों को परेशान किया जाता है। जिसको लेकर गुरुवार को वोटर्स पार्टी के प्रदेश महासचिव वीरेन्द्र कुमार आर्य ने अपने साथियों के साथ धरना देकर उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया कि 27 मार्च की शाम को लेखपाल आशुतोष पाण्डेय अपने असिस्टेंट के साथ मेरे आवास पर आये। डेढ़ घंटे तक भू-माफियाओं के आतंक का भय दिखाते रहे। धारा 145 के अन्तर्गत कार्यवाही करने के लिए प्रेरित करते हुए आमरण अनशन रोकने की धमकी देते रहे, और कहा कि अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहो।

इस संबंध में कठोर कार्यवाही की मांग की गई है। धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा और भू-माफियाओं से तत्काल पैतृक जमीन मुक्त कराने की मांग की गई। भू-माफियाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग की और हो रही प्लाटिंग पर रोक लगाने की मांग की। इस मौके पर वीरेन्द्र कुमार आर्य, गंगा सिंह, कश्मीर सिंह, सुरेन्द्र पाल सिंह, गोपीनाथ आदि लोग मौजूद रहे।


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते वोटर्स पार्टी के लोग


# सूफी संत महात्मा रामचंद्र का जलसा आज से शुरु

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**नक्स बंदिया** सिलसिले 36वें गुरु सूफी सन्त महात्मा रामचंद्र जी महाराज का सालाना जलसा आज शुक्रवार से पूरी शान-ओ-शौकत के साथ फतेहगढ़ में नवदिया स्थित उनकी महा समाधि पर शुरु होगा।

महात्मा रामचंद्र की जयंती पर आयोजित सालाना जलसे में देश भर से हजारों की संख्या में उनके अनुयायी आयेंगे। जिसमें अनेक प्रशासनिक, न्यायिक तथा राजनीतिक हस्तियां भी शिरकत करने आयेंगी। इसके अलावा विदेशों से महात्मा जी के अनुयाइयों के आने की सम्भावना है। गुरुवार से अनुयाइयों का समाधि स्थल पर पहुंचना शुरु हो गया है। आयोजन की व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। महात्मा रामचंद्र के प्रपौत्र विनय सक्सेना तथा समीर सक्सेना तैयारियों को अंतिम रुप दने में देर रात तक लगे रहे। उन्होंने बताया कि आयोजन स्थल पर अनुयाइयों के लिए ठहरने हेतु बड़ा पांडाल बनाया गया है तथा सामूहिक भंडारे की व्यवस्था की गयी है। जिसमें हजारों लोग भोजन करेंगे। उन्होंने बताया कि हर वर्ष महात्माजी के जलसे में अनेक बड़ी प्रशासनिक, न्यायिक तथा राजनीतिक हस्तियां शिरकत करती हैं।


महात्मा रामचंद्र की समाधि स्थल


महात्मा रामचंद्रजी का दुर्लभ चित्र

### होली मिलन समारोह नारायण आश्रम में आज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**अमृतपुर विधानसभा** क्षेत्र का होली मिलन समारोह 29 मार्च को प्रातः 10बजे पांचाल घाट स्थित नारायण आश्रम में आयोजित होगा। होली मिलन कार्यक्रम के आयोजक अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य के अलावा, सांसद, विधायक, मण्डल अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक व प्रभारी आदि सभी लोग प्रतिभाग करेंगे।

# गंगापार के ग्राम जसूपुर भरखा में होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



होली मिलन समारोह में मौजूद लोग — समृद्धि न्यूज

**गंगापार क्षेत्र** के ग्राम जसूपुर भरखा में होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में अतिथि भाजपा नेता डीएस राठौर, अनिल प्रताप सिंह, राजीव प्रताप सिंह ने विचार रखे। अध्यक्षता कैप्टन श्रीपाल सिंह ने की। जसूपुर में होली मिलन एवं राय साहब का तिलक समारोह का आयोजन हुआ। राय साहब डा0 सुरेश सिंह सोमवंशी द्वारा कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि अनिल प्रताप सिंह ने कहा कि आज के दिन कोई बड़ा छोटा नहीं है। सब सम्मानित है। उन्होंने सभी का साथ देने का संकल्प दिलाया। संजय सोमवंशी ने कहा कि समाज को एकजुट रहना चाहिए और अपने बच्चों को शिक्षित बनाये। कै0 डीएस राठौर ने कहा कि भारत के विकास में मतदान कर अपनी अहम भूमिका निभाये और आने वाली 13 मई को सभी लोग बढ़-चढ़कर मतदान करें। राजीव प्रताप सिंह टिल्लू ने नई पीढ़ी को सचेत करते हुए कहा कि शराब, बीड़ी, सिगरेट, धुम्रपान, जुआ आदि का त्याग करें और इनसे दूर रहे। वैभव सोमवंशी तथा विजय प्रताप सिंह एवं महेश पाल सिंह उपकारी ने कविताओं के माध्यम से होली की बधाई दी। इस मौके पर सत्यपाल सिंह, रघुवीर सिंह, नरेन्द्र सोमवंशी, रक्षपाल सिंह, भूपेन्द्र प्रताप सिंह आदि ने विचार रखे। श्रीपाल सिंह ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया और आये हुए अतिथियों का माल्यार्पण कर शाल ओड़ाकर सम्मानित किया गया।

# रमजान नेकी व इबादत का महीना है...

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रोजा रुहानी और जिस्मानी ताकत को बढ़ाने का अमल है। बंदा अल्लाह की रजा के लिए सुबह सादिक से लेकर गुरुवे आफताब तक के लिए खाने पीने से रुक जाता है और जिस्म के तमाम हिस्सों की बुराइयों से रोके रखता है। मुसलमानों के लिए रमजान बरकत का महीना है।

**उस्मान सिद्दीकी** का कहना है कि अल्लाह अपनी रहमत से हमारे गुनाह माफ करेगा। रमजानुल मुबारक के मुकद्दस महीने में हमें ज्यादा से ज्यादा नेकी और इबादत करनी चाहिये, क्योंकि इस माह में अल्लाह रब्बुल इज्जत हर नेक काम का सबाव 70 गुना देता है। गरीबों में फितरा, जकात, सदका, खैरात वगैरह उसके मुस्तहिक लोगों में ज्यादा से ज्यादा तकसीम करें। जिससे आने वाली ईद की खुशियों में गरीबों के बच्चे भी दूसरों के साथ बराबर से शरीक हो सकें। गरीब भी ईद की खुशियां मना सकें। अल्लाह इस महीने में हमें बेहतर जिंदगी गुजारने के लिए और हमारी इस्लाह के लिए हमारे प्यारे नवी पर कुरान नाजिल फरमाया। **फरहत अली खान** ने बताया मुसलमानों के लिए रजमान वह बाबरकत महीना है जिसमें अल्लाह अपनी रहमतों की बारिस करता है। जिसमें मोमिनों के तमाम गुनाह धुल जाते हैं। यह वह अजीम महीना है जिसमें अल्लाह ने तौरेव जुबूर, इंजील और कराने करीम नाजिल फरमाया। इसी माह में अल्लाह ने एक रात शबे-कद्र की भी रखी है। जिसकी इबादत हजार रातों से अफजल है। **मुफीद खान** का कहना है कि सब एक साथ मिलकर इख्त्यार में शरीक होते हैं। अल्लाह से दुआ की है कि सब एक हों सब नेक हों और अमन, चैन सुकून कायम रहे। सभी के बीच बच्चों और इखलाक कायम बना रहे। जहां की नफरतों की दुश्मनी खत्म हो लोगों के दिलों में दुश्मनी की कोई जगह न हो। रमजान, रोजा, इफ्तार, सहरी, जकात, फितरा, तरावीह समेत यह सभी चीजें रमजान में मुबारकवाद का आगाह करती हैं। नमाज अदा करना मुसलमानों पर सबसे बड़ा फर्ज है।


उस्मान सिद्दीकी


फरहत अली खान


मुफीद खान

# ऊर्जा-कुशलता जरूरी : राष्ट्रपति

▸ जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग के खतरों को देखते हुए ऊर्जा-कुशल समाधानों को अपनाने की जरूरत पर राष्ट्रपति ने दिया बल

एजेंसी।



नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग के खतरों को देखते हुए ऊर्जा-कुशल समाधानों को अपनाने की जरूरत है।

केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के सहायक कार्यकारी इंजीनियरों (2022 और 2023 बैच) के एक समूह ने गुरूवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से मुलाकात की।


राष्ट्रपति ने इंजीनियरों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा इंजीनियरों के रूप में वे जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग के खतरों से भली भांति अवगत हैं, इसलिए ऊर्जा-कुशल समाधानों को अपनाने की आवश्यकता है। उनके द्वारा बनाए जाने वाले भवन, सड़क और अन्य बुनियादी ढांचे टिकाऊ, ऊर्जा-कुशल और पर्यावरण-अनुकूल होने चाहिए। उन्हें अपने दृष्टिकोण में नवाचारी होना चाहिए ताकि वे उभरती चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपट सकें। उन्होंने कहा कि 3 डी प्रिंटिंग के युग में भवन निर्माण प्रौद्योगिकी में व्यापक रूप से बदलाव आया है। अब बुनियादी ढांचे और निर्माण परियोजनाओं को जलवायु-अनुकूल और ऊर्जा-कुशल बनाया जा सकता है। हरित निर्माण समय की जरूरत है। निर्माण की नवाचारी विधियों में इस क्षेत्र को बदलने की क्षमता है। उन्हें न केवल निर्माण प्रक्रिया में तेजी लानी है बल्कि अधिकतम संसाधन उपयोग के माध्यम से अपशिष्ट के कम से कम सृजन को भी सुनिश्चित करना है।

श्रीमती मुर्मु ने युवा इंजीनियरों को सलाह दी कि वे सीमित दायरे में ही काम न करें बल्कि सहयोगात्मक, दूरदर्शी और प्रौद्योगिकी-संचालित दृष्टिकोण भी अपनाएं।

उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, रोबोट और ड्रोन जैसी नई एवं उभरती हुई प्रौद्योगिकियां पारंपरिक सोच को बाधित कर रही हैं। हालांकि, इनका उपयोग दक्षता क्षमता को बढ़ाने और उसमें सुधार करने, प्रक्रियाओं के स्वचालन और अनुकूलन में, उत्पादकता बढ़ाने तथा संसाधन प्रबंधन को बेहतर बनाने में किया जा सकता है। उन्होंने इंजीनियरों से उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने और एक बेहतर, हरित तथा अधिक टिकाऊ भविष्य का निर्माण करने में सार्थक योगदान देने का आग्रह भी किया।

## भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए नियुक्त किये चुनाव प्रभारी

एजेंसी, नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुये विभिन्न राज्यों के प्रदेश चुनाव प्रभारियों और सहप्रभारियों की नियुक्ति की है।



भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने बताया कि रघुनाथ कुलकर्णी, सहपभारी अंडमान, कैप्टन अभिमन्यु, प्रभारी असम, नितिन नवीन, विधायक प्रभारी छत्तीसगढ होंगे। इसी तरह ओपी धनकड़ प्रभारी और श्रीमती डा0 अलका गुर्जर सहप्रभारी दिल्ली, नलिन कुमार कटील सह प्रभारी केरल, डा0 दिनेश शर्मा सांसद प्रभारी और निर्मल कुमार सुराणा सहप्रभारी तथा जयभान पवैया सहप्रभारी महाराष्ट्र इसके अलावा एम चुबा आओ प्रभारी मेघालय, देवेश कुमार, एमएलसी मिजोरम, डा0 अजित गोपछड़े सांसद प्रभारी मणिपुर, नलिन कोहली प्रभारी नगालैंड, अभय पाटिल विधायक तेलंगाना, अविनाश राय खन्ना प्रभारी त्रिपुरा ,संजीव चौरसिया (विधायक)रमेश विधुड़ी,`संजय भाटिया सभी सहप्रभारी उत्तर प्रदेश होंगे।

# रक्षा उत्पादन विभाग के गुणवत्ता आश्वासन महानिदेशालय का हुआ पुनर्गठन

एजेंसी।




नई दिल्ली। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने और 'व्यापार में सुगमता' की दिशा में एक बड़ा सुधारवादी कदम उठाते हुए रक्षा मंत्रालय के रक्षा उत्पादन विभाग ने गुणवत्ता आश्वासन महानिदेशालय का पुनर्गठन किया है जिसका उद्देश्य गुणवत्ता आश्वासन प्रक्रियाओं और परीक्षण के कार्य तथा निर्णय लेने की प्रक्रिया में तेजी लाना है।

यह पुनर्गठन आयुध निर्माणियों के निगमीकरण के बाद गुणवत्ता आश्वासन पद्धति और महानिदेशालय की बदली हुई भूमिका के अनुरूप है।

रक्षा मंत्रालय का कहना है कि आयुध निर्माणियों के निगमीकरण, निजी रक्षा उद्योग की बढ़ती भागीदारी और स्वदेशीकरण की दिशा में सरकार द्वारा प्रोत्साहन के साथ, उभरते रक्षा विनिर्माण उद्योग को समर्थन के लिए महानिदेशालय को फिर से संगठित करने की आवश्यकता महसूस की गई। महानिदेशालय पहले से ही रक्षा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र में सभी हितधारकों के साथ सक्रिय चर्चा के बाद विभिन्न संगठनात्मक और कार्यात्मक सुधारों का संचालन कर रहा है। कार्यान्वयन के तहत नई संरचना सभी स्तरों पर संपूर्ण उपकरण और हथियार प्लेटफॉर्म के लिए एकल बिंदु तकनीकी सहायता सक्षम करेगी और उत्पाद-आधारित एकरूपता भी सुनिश्चित करेगी। मानकीकृत क्यूए प्रक्रियाओं के स्वचालन और डिजिटलीकरण के साथ इस व्यवस्था से महानिदेशालय के साथ रक्षा उद्योग की भागीदारी में उल्लेखनीय सुधार होने की संभावना है। पुनर्गठित संरचना और कार्यात्मक सुधारों से देश में निर्माताओं को मार्गदर्शन देने के लिए भारतीय मानकों की उपलब्धता के साथ 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत स्वदेशीकरण अभियान को बढ़ावा मिलेगा और इससे उच्च गुणवत्ता वाले रक्षा उत्पादों के निर्यात को भी बढ़ावा मिलेगा।

# शिवसेना में शामिल हुए गोविंदा

**मुंबई उत्तर पश्चिम लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की अटकलें**



एजेंसी।

मुम्बई अभिनेता गोविंदा गुरुवार को शिवसेना में शामिल हो गए। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में उन्होंने पार्टी की सदस्यता ली। इसके बाद यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि शिंदे की पार्टी उन्हें मुंबई उत्तर पश्चिम लोकसभा सीट से टिकट दे सकती है। ऐसा हुआ तो वे शिवसेना (यूबीटी) के उम्मीदवार अमोल कीर्तिकर के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। इससे पहले बुधवार को गोविंदा ने शिंदे खेमे के नेता और शिवसेना के पूर्व विधायक कृष्णा हेगड़े से मुलाकात की थी, जिसकी तस्वीर भी सामने आई थी। गोविंदा इससे पहले 2004 में कांग्रेस के टिकट पर मुंबई उत्तर लोकसभा सीट से चुनाव जीत चुके हैं। तब उन्होंने भाजपा के राम नाईक को 48,271 वोट से हराया था। गुरुवार को सीएम एकनाथ शिंदे ने गोविंदा को पार्टी की सदस्यता दिलाई, जिसकी तस्वीरें भी सामने आई हैं।

पार्टी में शामिल होने के बाद गोविंदा ने कहा, मैंने सोचा था कि मैं दोबारा राजनीति में प्रवेश नहीं करूंगा, लेकिन अब मैं शिव सेना में शामिल हो रहा हूं और मेरे लिए यह भगवान का आशीर्वाद है। वहीं, इस दौरान अभिनेता ने सीएम एकनाथ शिंदे की भी तारीफ की।

## भारत ने नेपाल के आग्रह पर बिजली व्यापार समझौते को दी तीन महीने की मंजूरी

एजेंसी, काठमांडू। भारत ने नेपाल की तरफ से बिजली व्यापार समझौते को नवीनीकरण करने के लिए किए गए आग्रह पर तीन महीने की स्वीकृति दे दी है। नेपाल–भारत के बीच पांच साल के लिए हुए बिजली आयात समझौता के लिए हर वर्ष नवीनीकरण करना पड़ता है लेकिन इस बार भारत की तरफ से तीन महीने के लिए ही नवीनीकरण किया गया है। नेपाल विद्युत प्राधिकरण के प्रवक्ता चन्दन घोष ने बताया कि गुरुवर को ही भारत के एनर्जी एक्सचेंज बोर्ड की तरफ से प्राधिकरण को बताया गया कि तीन महीने के लिए बिजली आयात समझौते की स्वीकृति दे दी गई है। घोष ने यह भी कहा है कि अप्रैल से जून तक भारत की तरफ से नेपाल को 554 मेगावाट बिजली आयात करने की स्वीकृति दी गई है। 500 मेगावाट बिजली का ढल्केबर मुजफ्फरपुर प्रसारण लाइन से आयात किया जाएगा, जबकि बाकी 54 मेगावाट बिजली टनकपुर प्रसारण लाइन से आयात होगी। नेपाल–भारत के बीच पांच साल के लिए हुए बिजली आयात समझौता के लिए हर वर्ष नवीनीकरण करना पड़ता है लेकिन इस बार भारत की तरफ से तीन महीने के लिए ही नवीनीकरण किया गया है।

# महिला अत्याचार रोकने में विफल रही भाजपा सरकार : कांग्रेस

एजेंसी।

नई दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि मोदी सरकार में महिलाओं पर अत्याचार बढ़े हैं और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महिला अपराधों को रोकने में विफल साबित हुई है।



महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लाम्बा ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों को लेकर केंद्र सरकार से सवाल पूछे गए थे और उम्मीद की जा रही थी कि महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी सवालों का जवाब देंगी लेकिन वह जवाब देने से बचती रही हैं।


उन्होंने कहा, हमें उम्मीद थी कि देश की महिला-बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी एक प्रेस वार्ता करके अपने विभाग का रिपोर्ट कार्ड पेश करेंगी। स्मृति ईरानी इससे बचती रहीं लेकिन हमने अब उनकी जवाबदेही तय करने की ठानी है।कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने तमाम मुद्दों पर श्रीमती ईरानी से सवाल पूछे जिनका उन्होंने ट्विटर पर जवाब दिया। उम्मीद कि वह प्रेस वार्ता करें न कि जवाब ट्विटर पर दें। उनका ये रवैया वैसा ही रहा, जैसा कोरोना के लॉकडाउन में दिखा था। क्योंकि जब देश में बच्चे, महिलाएं सड़कों पर थे तो स्मृति ईरानी अंताक्षरी खेल रही थी।

कांग्रेस नेता ने कहा,÷भाजपा का नारा था- बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ। ये नारा कुछ ही समय में बदलकर हो गया- भाजपा से बेटी बचाओ%। क्योंकि देशभर में भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है, जो बलात्कारियों को संरक्षण देती है।महिला पहलवानों के यौन शोषण का आरोपी बृजभूषण शरण सिंह- उन्नाव कांड का कुलदीप सेंगर। बीएचयू गैंगरेप में आरोपी भाजपा के पदाधिकारी। बिलकिस बानो के गुनहगार महिला अपराधियों की ये लिस्ट बहुत लंबी है जिसमें भाजपा ने हर बार सिर्फ बलात्कारियों का ही साथ दिया है। उन्होंने कहा कि देश की महिला बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी से हमारे सवाल थे-देश में महिलाओं, बच्चों के प्रति अपराध में बढ़ोतरी हुई है। आखिर बृजभूषण सिंह पर प्राथमिकी होने के बाद गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई। मणिपुर की आदिवासी बेटियों के साथ गैंगरेप हुए छह माह बीत गए, कौन सी फास्ट-ट्रैक कोर्ट में केस चलाकर आरोपियों को सजा दी गई। हरियाणा में मंत्री संदीप सिंह यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोप और प्राथमिकी दर्ज होने के बाद भी मंत्री पद पर बने हैं या नहीं।

महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि देश की राजधानी दिल्ली में चार साल की बच्ची से दुष्कर्म हुआ है। क्या स्मृति ईरानी जी, राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष, महिला मोर्चा की अध्यक्ष उस पीड़ित परिवार से मिलने गईं। जब हम पीड़ित परिवार से मिलने की कोशिश कर रहे हैं, तो पुलिस मिलने नहीं दे रही है। इस घटना को हुए चार दिन हो गए लेकिन स्मृति ईरानी जी चुप हैं।

## झारखंड में भाजपा ने गिरिडीह सीट आजसू के लिए छोड़ी

एजेंसी, नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने झारखंड में 14 लोकसभा सीटों में से गिरिडीह की सीट अपने सहयोगी दल आल झारखंड स्टूडेन्ट्स यूनियन (आजसू) के लिए छोड़ने का ऐलान किया है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने एक्स पर अपनी पोस्ट में यह घोषणा की।




उन्होंने कहा कि भाजपा ने झारखंड की जनता के हित में भाजपा एवं आजसू के पुराने एवं नैसर्गिक गठबंधन के तहत इस बार लोकसभा के चुनाव में झारखंड के 13 लोकसभा संसदीय क्षेत्र पर भाजपा के प्रत्याशी तथा एक संसदीय क्षेत्र गिरिडीह में आजसू पार्टी को लड़वाने का निर्णय किया है। श्री सिंह ने कहा कि यह गठबंधन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत, स्वावलंबी भारत, समर्थ भारत के संकल्प को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड के सभी 14 में से 14 संसदीय क्षेत्रों पर गठबंधन के उम्मीदवार चुनाव जीतकर 4 जून को 400 के पार लक्ष्य को हासिल करेंगे।

## गाजा में इजरायली बमबारी से 212 विद्यालय प्रभावित : संरा

एजेंसी, संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र के सहयोग से बुधवार को जारी किए गए विश्लेषण के अनुसार, इजरायल की ओर से गाजा में किए गए बमबारी के कारण एन्क्लेव के 212 विद्यालयों पर सीधा प्रभाव पड़ा है। उपग्रह चित्रों से पता चला है कि गत सात अक्टूबर को संघर्ष शुरू होने के बाद से कम से कम 53 स्कूल पूरी तरह से नष्ट हो गए हैं। ये बात संरा बाल कोष (यूनिसेफ), एजुकेशन क्लस्टर, और सेव द चिल्ड्रेन की रिपोर्ट में कही गयी है। रिपोर्ट के लेखकों ने कहा कि स्कूल सुविधाओं पर हमलों की उच्च प्रवृत्ति ने गाजा में पहले से ही गंभीर मानवीय स्थिति को और खराब कर दिया है। गाजा पट्टी के अधिकांश हिस्सों में हवा, जमीन और समुद्र से तीव्र इजरायली बमबारी के बीच डेटा इंगित करता है कि दक्षिणी खान यूनिस गवर्नरेट में 62 स्कूल, मध्य क्षेत्र गवर्नरेट में 14, गाजा गवर्नरेट में 94, और उत्तरी गाजा गवर्नरेट में 42 स्कूलों को सीधे निशाना बनाया गया। यह आज तक का सबसे गंभीर रूप से प्रभावित क्षेत्र है, जिसमें 86.2 प्रतिशत स्कूल भवन क्षतिग्रस्त हुए हैं।

# बीआरआई मामले में बैकफुट पर नेपाल



एजेंसी।

**चीनी दूतावास ने भेजा डिप्लोमैटिक नोट**

काठमांडू। चीन को अपनी महत्वाकांक्षी योजना बेल्ट ऐंड रोड इनिसिएटिव (बीआरआई) के कार्यान्वयन समझौता पर नेपाल का हस्ताक्षर न करना नागवार गुजरा है। नेपाल के विदेशमंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ को चीन भ्रमण पर बुलाने के बावजूद निराशा हाथ लगने पर चीन ने नाराजगी व्यक्त की है। चीन भ्रमण पर रहे विदेश मंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ के समझौते पर हस्ताक्षर करने से इनकार करने के अगले दिन काठमांडू स्थित चीनी दूतावास ने नेपाल के विदेश मंत्रालय को डिप्लोमैटिक नोट भेज कर अपनी नाराजगी व्यक्त की। डिप्लोमैटिक नोट में पोखरा विमानस्थल के निर्माण में बकाया ऋण देने के लिए दबाव बनाया गया है। विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने कहा है कि चीन ने बाकी ऋण तत्काल लौटाने का दबाव बनाया है। विदेश सचिव सेवा लम्साल ने डिप्लोमैटिक नोट मिलने की बात स्वीकार की है लेकिन उसके विवरण पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। चीन ने स्पष्ट कहा है कि पोखरा विमानस्थल पर दिए गए ऋण के ब्याज में कोई कमी नहीं की जाएगी। नेपाल कई बार ब्याज में कमी करने का आग्रह कर चुका है। इतना ही नहीं, नेपाल सरकार आधिकारिक तौर पर पोखरा विमानस्थल को बीआरआई का प्रोजेक्ट मानने से इनकार करती रही है।

# पीवी सिंधु मैड्रिड स्पेन मास्टर्स के दूसरे दौर में पहुंचीं

एजेंसी।



मैड्रिड। भारतीय बैडमिंटन स्टार और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने मैड्रिड स्पेन मास्टर्स 2024 बैडमिंटन के पहले राउंड में कनाडा की वेन यू झांग को हराकर टूर्नामेंट के राउंड ऑफ 16 में पहुंच गई है।

बुधवार को टूर्नामेंट में सिंधु ने 30 मिनट तक चले मुकाबले में कनाडाई शटलर झांग को 21-16, 21-12 से हराया।

प्रतियोगिता में दूसरी वरियता प्राप्त पीवी सिंधु ने पहले गेम में अच्छी शुरुआत करते हुए बढ़त बनायी। इसके बाद कनाडाई खिलाड़ी ने वापसी का प्रयास करते हुए गेम में 11-11 से बराबरी कर ली लेकिन सिंधु ने मैच में फिर से 1-0 की बढ़त बना ली। सिंधु ने कनाडाई शटलर पर लगातार दबाव बनाते हुए शानदार खेल का मुजहिरा करते हुए दूसरे गेम को आसानी से अपने नाम करते हुए सुपर 300 बैडमिंटन प्रतियोगिता के दूसरे राउंड में जगह बना ली।

भारतीय शटलर सिंधु राउंड ऑफ 16 में चीनी ताइपे की हुआंग वाई एच से मुकाबला करेंगी।

महिला एकल वर्ग में भारतीय शटलर अश्मिता चालिहा को भी निराशा हाथ लगी। पहले राउंड में विश्व की 45वें नंबर की भारतीय खिलाड़ी को थाईलैंड की रत्चानोक इंतानोन से 13-21, 11-21 से हार मिली।

एक अन्य पुरुष एकल मैच में भारतीय खिलाड़ी सतीश कुमार करुणाकरण को सिंगापुर के जिया हेंग जेसन से 15-21, 19-21 से हार का सामना करना पड़ा।

पुरुष एकल में किरन जॉर्ज और मिथुन मंजूनाथ को अपने-अपने मुकाबले में हार झेलनी पड़ी। इसके अलावा बी सुमित रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी की जोड़ी ने जेन झी रे और यांग चिंग तुन को 16-21, 22-20, 21-14 से शिकस्त देकर अगले राउंड में जगह बनाई।

# फीबा एशिया कप में भारतीय महिला व पुरूष टीम विजयी

एजेंसी।

सिंगापुर। भारतीय पुरुष और महिला बास्केटबॉल टीमों ने फीबा 333 एशिया कप 2024 के क्वालीफाइंग राउंड में अपने-अपने मुकाबले जीतकर अभियान की विजयी शुरुआत की। बुधवार को सिंगापुर के स्पोर्ट्स हब में खेले गये मुकाबले में भारतीय पुरुष टीम ने क्वालीफाइंग ड्रा डी गेम में मालदीव और मकाऊ को हराया तथा महिला टीम ने भी क्वालीफाइंग ड्रा सी मुकाबले में उत्तरी मारियाना द्वीप समूह को पराजित किया। भारतीय पुरुष टीम ने पहले 333 बास्केटबॉल मैच में मालदीव पर 21-10 से आसान जीत दर्ज की। मुकाबले में भारतीय टीम के लिए प्रणव प्रिंस (आठ अंक) और सहज प्रताप सिंह सेखों (सात अंक) जुटाये। दूसरे मुकाबले में भारतीय खिलाड़ियों ने मकाऊ को 21-13 से हराया। प्रिंसपाल सिंह ने आठ अंक बनाए और भारत के दबदबे वाले प्रदर्शन का नेतृत्व किया। भारतीय पुरुष 333 बास्केटबॉल टीम गुरुवार को मलेशिया के खिलाफ अपना अंतिम क्वालीफाइंग राउंड मैच खेलेगी और उस मैच का विजेता मुख्य ड्रॉ के पूल डी में न्यूजीलैंड और कतर के साथ मुकाबला करेगा। वर्ष 2013 में फीबा 333 एशिया कप खिताब जीतने वाली भारतीय महिला बास्केटबॉल टीम ने क्वालीफाइंग ड्रा सी में उत्तरी मारियाना द्वीप समूह को 21-1 से हराया। अनीशा क्लीटस ने 11 अंक हासिल किए। मुख्य ड्रॉ के पूल सी में स्थान के लिए गुरुवार को भारतीय टीम का मुकाबला हांगकांग और इंडोनेशिया से होगा।

FIBA ASIA CUP

# वित्त वर्ष के अंतिम दिन बाजार गुलजार

एजेंसी।

मुंबई। दुनिया के प्रमुख केंद्रीय बैंकों के ब्याज दर में कटौती करने की उम्मीद में विश्व बाजार के सकारात्मक रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर देश का आर्थिक विकास अनुमान बढ़ने और आरबीआई के वैकल्पिक निवेश फंड (एआईएफ) में ऋणदाताओं के निवेश नियमों में ढील दिए जाने के बाद वित्तीय स्थिति में तेजी आने की बदौलत हुई चौतरफा लिवाली से गुरुवार को चालू वित्त वर्ष के अंतिम कारोबारी दिवस को शेयर बाजार गुलजार हो गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 655.04 अंक की छलांग लगाकर दो सप्ताह के उच्चतम स्तर 73,651.35 अंक पर बंद हुआ। इससे पूर्व यह 12 मार्च को 73667.96 अंक पर रहा था। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 203.25 अंक उछलकर 22,326.90 अंक हो गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.62 प्रतिशत चढ़कर 39,322.12 अंक और स्मॉलकैप 0.33 प्रतिशत मजबूत होकर 43,166.34 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3938 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1802 में लिवाली जबकि 2024 में बिकवाली हुई वहीं 112 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 45 कंपनियां हरे जबकि शेष पांच लाल निशान पर बंद हुई। विश्लेषकों के अनुसार, रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को दिसंबर में लाए गए मानदंडों में ढील दी, जिसके तहत अनिवार्य ऋणदाता यदि वैकल्पिक निवेश फंडों में खरीददारी करते हैं तो उन्हें उच्च प्रावधानों को अलग रखना होगा। नियमों में ढील दिये जाने से वित्तीय स्थिति में तेजी आई और बाजार ने ऊंची छलांग लगाई। साथ ही वित्तीय सलाह देने वाली एसएंडपी ग्लोबल के बाद अब मॉर्गन स्टेनली ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर अनुमान को बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया, जिससे बाजार में निवेशकों का निवेश प्रवाह बढ़ा। इससे बीएसई के सभी 20 समूहों में जमकर लिवाली हुई। इस दौरान कमोडिटीज 0.95, सीडी 0.94, ऊर्जा 0.57, एफएमसीजी 0.64, वित्तीय सेवाएं 0.95, हेल्थकेयर 1.18, इंडस्ट्रियल्स 1.12, आईटी 0.55, दूरसंचार 0.64, यूटिलिटीज 1.29, ऑटो 1.19, बैंकिंग 0.82, कैपिटल गुड्स 1.54, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.00, धातु 1.11, तेल एवं गैस 0.85, पावर 1.69, रियल्टी 0.52, टेक 0.63 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.53 प्रतिशत मजबूत रहे। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.34, जर्मनी का डैक्स 0.13, हांगकांग का हैंगसेंग 0.91 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.59 प्रतिशत उछल गया। हालांकि जापान के निक्केई में 1.46 प्रतिशत की गिरावट रही। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 153 अंक की तेजी के साथ 73,149.34 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद 73,120.33 अंक के निचले स्तर पर आ गया। वहीं, लिवाली के बल पर दोपहर बाद यह 74,190.31 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। अंत में पिछले दिवस के 72,996.31 अंक के मुकाबले 0.90 प्रतिशत की छलांग लगाकर 73,651.35 अंक हो गया।

इसी तरह निफ्टी 40 अंक बढ़कर 22,163.60 अंक पर खुला और सत्र के दौरान यहीं इसका निचला स्तर भी रहा। वहीं लिवाली होने से यह 22,516.00 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले सत्र के 22,123.65 अंक की तुलना में 0.92 प्रतिशत उछलकर 22,326.90 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई की जिन कंपनियों के शेयर लाभ में रहे उनमें बजाज फिनसर्व 3.91, बजाज फाइनेंस 3.09, एसबीआई 2.53, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.26, पावरग्रिड 2.21, नेस्ले इंडिया 2.18, टाटा स्टील 2.00, एलटी 1.83, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.79, विप्रो 1.66, एनटीपीसी 1.60, टाटा मोटर्स 1.45, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.26, टीसीएस 1.20, अल्ट्रासिमको 1.19, आईसीआईसीआई बैंक 1.08, इंडसइंड बैंक 1.04, इंफोसिस 0.99, भारती एयरटेल 0.94, टाइटन 0.88, सन फार्मा 0.77, मारुति 0.74, कोटक बैंक 0.57, एशियन पेंट 0.56, एचडीएफसी बैंक 0.52 और आईटीसी 0.13 प्रतिशत शामिल रहे।



# केजरीवाल प्रकरण : भारत ने दूसरी बार लगाई अमेरिका को फटकार

एजेंसी।

नई दिल्ली। भारत ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और कांग्रेस पार्टी के कुछ बैंक खातों पर रोक लगाए जाने के मामले में अमेरिका की आलोचना को खारिज करते हुए कहा कि देश की न्याय प्रणाली में किसी अन्य देश की दखलंदाजी को कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को कहा कि अमेरिकी विदेश मंत्रालय का नया बयान अनावश्यक है। भारत के चुनावी और न्यायिक प्रक्रिया में किसी बाहरी देश की टीका-टिप्पणी पूरी तरह अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि भारत की न्याय प्रणाली विधि के शासन पर आधारित है। ऐसी ही व्यवस्था वाले देशों विशेषकर लोकतांत्रिक देशों को यह बात समझनी चाहिए। भारत को अपने स्वतंत्र और सक्रिय लोकतांत्रिक संस्थानों पर गर्व है। प्रवक्ता ने कहा कि भारत अपनी इन संस्थाओं को अनावश्यक बाहरी दबावों से सुरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रवक्ता ने अमेरिका को सलाह दी कि परस्पर सम्मान और समझदारी अंतरराष्ट्रीय संबंधों का आधार है। विभिन्न देशों से यह अपेक्षा है कि वे अन्य देशों की संप्रभुता और आंतरिक कार्य प्रणाली का सम्मान करें। विदेश मंत्रालय ने कहा कि उसकी ओर से बुधवार को अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के बयान पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई गई थी। इस संबंध में नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास के अधिकारी से विरोध दर्ज किया गया था। उल्लेखनीय है कि अमेरिका के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने इस सप्ताह दो बार केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर भारत में की गई कार्रवाई पर सवाल खड़ा किया था। भारत की ओर से बुधवार को अमेरिकी राजनयिक को तलब कर विरोध दर्ज कराया गया था। इसके बावजूद अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने फिर अपने बयान को दोहराया, साथ ही इसमें कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों पर रोक लगाये जाने की बात भी जोड़ दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बारे में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के नये बयान को भी खारिज कर दिया। प्रवक्ता ने कहा कि ट्रूडो के बयान में कोई नई बात नहीं है। कनाडा ने हमें कोई ठोस सूचना उपलब्ध नहीं कराई है। प्रवक्ता ने कहा कि इस मुद्दे पर राजनीति नहीं होनी चाहिए तथा कनाडा में उग्रवादियों को सक्रिय रहने की छूट नहीं दी जानी चाहिए।